www.navpradesh.com

दैनिक **नवप्रदेश**

प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 2 | छत्तीसगढ़ 4 | अभिव्यक्ति 11 | कारोबार/खेल

रायपुर, शनिवार, 23 मई 2026 | कृष्ण पक्ष-सप्तमी, | विक्रम संवत -2083 / वर्ष-15 | अंक- 103 | पृष्ठ-12 मूल्य-5 रुपए | रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

केरल को मिला भारत का पहला एआई मंत्री, तमिलनाडु में कुमार को सौंपा कृत्रिम बुद्धिमत्ता मंत्रालय

दिल्ली (ए.)। केरल भारत का पहला ऐसा राज्य बन गया है, जिसने अपनी सरकार में एक अलग आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) मंत्रालय बनाया है और इस विभाग की जिम्मेदारी आईयूएमएल के वरिष्ठ नेता पीके कुन्हालीकुट्टी को सौंपी गई है। यह कदम दिखाता है कि सरकारें एआई को कितनी गंभीरता से लेना शुरू कर रही हैं, न केवल एक तकनीकी ट्रेंड के तौर पर, बल्कि ऐसी चीज के तौर पर जो रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा, शासन और खुद अर्थव्यवस्था पर असर डाल सकती है।

तमिलनाडु की विजय सरकार ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) को लेकर बड़ा कदम उठाते हुए राज्य में एआई के लिए अलग मंत्रालय बनाया है। इसके साथ ही तमिलनाडु, केरल के बाद ऐसा करने वाला देश का दूसरा राज्य बन गया है। वेलाचेरी सीट से विधायक आर कुमार को राज्यपाल ने मंत्री पद की शपथ दिलाई है। इसके बाद सीएम विजय ने उन्हें एआई, सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) और डिजिटल सर्विसेज विभागों की जिम्मेदारी सौंपी है।

एआई का इस्तेमाल

- सरकारें अब अस्पतालों में डॉक्टरों को बीमारियों का तेजी से पता लगाने में मदद करने
- ट्रैफिक सिस्टम में भीड़ कम करने, सुगम यातायात
- स्कूलों में पर्सनलाइज्ड लर्निंग टूल्स, तकनीकी पर पूरा ज्ञान
- पब्लिक सेवाओं में कागजी काम और शिकायत निवारण सिस्टम को तेज करने

- **एआई मंत्रालय तालमेल बिठाने में करेगा मदद, मंत्रालय में आम नीतियां भी**
- **राज्य में निवेश और स्टार्टअप्स पर भी ध्यान देगा, एआई में बढ़ेगा रोजगार**
- **सरकारें अब एआई को अगली बड़ी टेक्नोलॉजी इंडस्ट्री के तौर पर देख रही**

हर क्षेत्र को प्रभावित करेगा एआई

दुनियाभर की सरकारों का अब मानना है कि आने वाले दशक में एआई लगभग हर क्षेत्र को प्रभावित करेगा। इसमें हेल्थकेयर, बैंकिंग, शिक्षा, पुलिसिंग, ट्रांसपोर्ट, खेती और यहां तक कि वेलफेयर योजनाएं भी शामिल हैं। इसलिए, एक एआई मंत्रालय रेगुलेटर और पॉलिसी-मेकर के तौर पर भी काम कर सकता है, जो एआई के नैतिक और सुरक्षित इस्तेमाल के लिए नियम बनाएगा।

एआई गवर्नेंस की ओर बढ़ते राज्य

विशेषज्ञों के मुताबिक, राज्यों द्वारा एआई के लिए अलग मंत्रालय बनाना यह दिखाता है कि अब टेक्नोलॉजी को सिर्फ आईटी विभाग तक सीमित नहीं रखा जा रहा। बल्कि नीति निर्माण और प्रशासन का मुख्य हिस्सा बनाया जा रहा है। तमिलनाडु सरकार का यह फैसला आने वाले समय में डिजिटल सर्विसेज, स्टार्टअप और निवेश को बढ़ावा देने की दिशा में अहम माना जा रहा है।

यूएई पहला देश जहां एक एआई मंत्री था

संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) 2017 में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के लिए राज्य मंत्री नियुक्त करने वाला दुनिया के पहले देशों में से एक बन गया। देश ने यह पद इसलिए बनाया क्योंकि उसका मानना था कि एआई सरकारी सेवाओं और भविष्य की आर्थिक ग्रोथ के लिए बहुत जरूरी हो जाएगा।

केरल के बाद दूसरा राज्य बना तमिलनाडु: बता दें कि इससे पहले केरल सरकार ने भी एआई के लिए अलग पोर्टफोलियो बनाया था। अब तमिलनाडु ने भी इसी दिशा में कदम बढ़ाते हुए साफ संकेत दिया है कि राज्य नई तकनीकों के इस्तेमाल और निवेश को लेकर गंभीर है।

आज बेबाक

देश को दीमक की तरह चाटने वाले गद्दारों ने अपने विदेशी आकाओं से मोटा माल ऐंठ कर नई नौटंकी शुरू की है। झाड़ू वालों द्वारा फैलाई गंदगी से उपजे कॉकरोंचों ने अमेरिका में बैठे कॉकरोच जनता पार्टी बनाकर भारत के जेन-जी को भड़काने और यहां नेपाल व बंग्लादेश जैसे हालात निर्मित करने का जो खतरनाक षडयंत्र रचा उसका पर्दाफाश हो गया। इन कॉकरोचों को खत्म करने के लिए भारत के देशभक्त जेन-जी ने काले हिट का स्प्रे शुरू कर हिट जनता पार्टी बना ली और इन तिलचट्टों का तेल निकाल दिया। इसे कहते हैं स्वच्छ भारत अभियान।

साय सरकार सख्त: महासमुंद से सरगुजा तक कार्रवाई, कई दुकानदारों को नोटिस और निलंबन

सुशासन तिहार में खुली खाद वितरण व्यवस्था की पोल, गबन पर एक्शन

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेशभर में चल रहे सुशासन तिहार-2026 के दौरान खाद वितरण व्यवस्था सरकार के लिए बड़ा मुद्दा बनकर सामने आई है। राज्य के कई जिलों से खाद की कालाबाजारी, अधिक कीमत वसूली, स्टॉक छिपाने, रिकॉर्ड गड़बड़ी और वितरण में अनियमितता की शिकायतें सामने आने के बाद प्रशासन ने सख्त कार्रवाई शुरू कर दी है। सरकार ने निरीक्षण, नोटिस, ■ शेष पृष्ठ 8 पर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का 'जीरो टॉलरेंस' संदेश

कालाबाजारी रोकनेअभियान

दुकानदारों को नोटिस, लाइसेंस निलंबन की कार्रवाई। खाद की कालाबाजारी और ओवररेटिंग रोकने के लिए खाद्य एवं कृषि विभाग की संयुक्त टीम ने प्रदेशभर में विशेष अभियान शुरू किया है। उर्वरक दुकानों का निरीक्षण, रिकॉर्ड सत्यापन, स्टॉक रजिस्टर जांच, लाइसेंस शर्तों की समीक्षा, गोदाम जांच, पीओएस मशीन से बिक्री की निगरानी, बड़ी कार्रवाई, दर्जनों निजी खाद विक्रेताओं को कारण बताओ नोटिस और भंडारण की जांच जारी है।

यहां दर्ज हुई कई शिकायतें

- सुशासन तिहार शिविर
- जनदर्शन कार्यक्रम
- कृषि विभाग कार्यालय
- सहकारी समितियां
- ऑनलाइन शिकायत पोर्टल

महासमुंद बना सबसे हॉट

- वर्ष 2026 में खाद वितरण से जुड़ा सबसे बड़ा मामला महासमुंद जिले में सामने आया। जांच के दौरान प्रशासन को रिकॉर्ड गड़बड़ी, बिना पीओएस मशीन बिक्री, किसानों से अधिक कीमत वसूली और स्टॉक अनियमितता जैसी शिकायतें मिलीं।
- 26 उर्वरक विक्रेताओं के लाइसेंस निलंबित
- 4 विक्रेताओं के खिलाफ एफआईआर प्रक्रिया शुरू
- रिकॉर्ड और स्टॉक सत्यापन

खाद और कृषि से जुड़ी शिकायतों के मुख्य आंकड़े (1-15 मई 2026)

- पोर्टल के जिलावार डैशबोर्ड के अनुसार, शुरुआती 15 दिनों में सबसे ज्यादा आवेदन इन तीन श्रेणियों में आए।
- **खाद की 'लिंकिंग' और कालाबाजारी:** लगभग 18,000 से अधिक शिकायतें किसानों द्वारा दर्ज कराई गई कि सोसायटियों में यूरिया/डीएपी के साथ जबरन नैनो यूरिया या जिंक थमाया जा रहा है।
- **अग्रिम उठाव में देरी:** खरीफ फसल के लिए खाद का उठाव न मिलने को लेकर 22,000 आवेदन आए।
- **पीएम किसान सम्मान निधि और केसीसी:** तकनीकी गड़बड़ी के कारण रुकी हुई किस्तों और किसान क्रेडिट कार्ड के नवीनीकरण के लिए लगभग 35,000 से ज्यादा आवेदन इन 15 दिनों के भीतर शिविरों में पहुंचे।
- 15 मई 2026 तक के पोर्टल डेटा के मुताबिक, सरकार ने दावा किया है कि कृषि और खाद से जुड़े प्राप्त आवेदनों में से लगभग 45% मामलों का मौके पर ही निराकरण कर दिया गया है।

सुशासन तिहार में एक्शन सहायक आयुक्त निलंबित

- खाद वितरण में लापरवाही पर कोरिया जिले के सहायक आयुक्त आयुष प्रताप सिंह को मुख्यमंत्री ने मंच से ही निलंबित कर दिया।
- खाद गबन के मामले में कोरिया जिले के शाखा प्रबंधक कल्लू प्रसाद मिश्रा को सस्पेंड किया गया।
- मुख्यमंत्री ने सूरजपुर, कोरिया और एमसीबी जिलों के कलेक्टरों को खाद वितरण व्यवस्था सुधारने के निर्देश दिए।

एक ही परिवार के चार सदस्यों की मौत, पति-पत्नी फंदे पर लटके मिले

- **दो बच्चों का गला घोंटा, दुर्ग के मोहन नगर थाने की घटना, सुसाइड नोट में पारिवारिक विवाद का जिक्र**

दुर्ग/नवप्रदेश। शुक्रवार को आर्य नगर में स्थित मकान से पति-पत्नी और उनके 2 बच्चों की लाश मिलने से सनसनी फैल गई। दो बच्चों की लाश बिस्तर पर थी, जबकि पति-पत्नी फंदे से लटके थे। मृतिका चंचल साहू ने सुसाइड नोट लिखा है जिसमें शादीशुदा जिंदगी और एक्स्ट्रा मैरिटल अफेयर से परेशान होने का उल्लेख है।

कमरे में गोविंद साहू (45) और चंचल साहू (40) की लाश फांसी के फंदे पर लटकी थी। बेटी दृष्टि साहू (13) और बेटा यशांत साहू (11) की लाश बिस्तर में मिली। कमरे में 2 सुसाइड नोट मिले हैं, जिसमें एक सुसाइड नोट में पति-पत्नी दोनों की राइटिंग है।

शुरुआती जांच से अंदाज लगाया जा रहा है कि पति-पत्नी ने मिलकर आत्महत्या की है। पुलिस को घर के अंदर शराब की बोतल भी मिली हैं। पत्नी ने सुसाइड़ नोट में पति पर दूसरी लड़कियों से अफेयर का जिक्र करते हुए पारिवारिक कलह का जिक्र किया है। चंचल ने ■ शेष पृष्ठ 8 पर

तापमान	
अधिकतम 44°	न्यूनतम 27°

बाजार भाव	
गोल्ड 1,51,140	सिल्वर 2,54,798

शेयर बाजार	
सेंसेक्स 77,328.19	निफ्टी 24,176.15

विश्व जनसंख्या	भारत जनसंख्या
8,291,743,121	1,474,975,253

रायपुर में हिस्ट्रीशीटर-गांजा तस्कर रवि की 7.66 करोड़ की संपत्ति सीज

रायपुर (नवप्रदेश)। रायपुर पुलिस ने हिस्ट्रीशीटर और गांजा तस्कर रवि साहू की 7 करोड़ 66 लाख की चल-अचल संपत्तियां सीज कर दी है। आरोपी ने पत्नी, मां और बेटे के नाम 16 प्रॉपर्टी खरीदी थी, जिसमें कृषि भूमि, मकान, प्लॉट, भवन और कमर्शियल वाहन शामिल हैं।

सक्षम अधिकारी मुंबई ने संपत्तियों को फ्रीज करने के आदेश को कन्फर्म कर दिया है। यह कार्रवाई सफेमा और एनडीपीएस एक्ट के तहत की गई है। वहीं रायपुर पुलिस कमिश्नरेट में एनडीपीएस एक्ट के तहत यह पहली बड़ी वित्तीय कार्रवाई मानी जा रही है। पुलिस के मुताबिक रवि साहू गांधीनगर कालीबाड़ी इलाके का रहने वाला है।

भोजशाला में 700 साल बाद नमाज नहीं सिर्फ पूजा, धार में 2 हजार जवान तैनात

- **मुस्लिम समाज ने बांधी काली पट्टी, बंद रहीं दुकानें**
- **धार में वाग्देवी की पूजा करने पहुंच रहे लोग**

धार (नवप्रदेश)। मध्य प्रदेश के धार स्थित भोजशाला में करीब 700 साल बाद परिसर में नमाज नहीं, सिर्फ पूजा हुई। भोज उत्सव समिति ने शुक्रवार को वाग्देवी की प्रतिमा स्थापित कर दर्शन-पूजन कराया। मंदिर में सुबह से बड़ी संख्या में भीड़ उमड़ी थी। वाग्देवी मंदिर में कारसेवकों के परिजनों का सम्मान भी किया गया। मध्य प्रदेश हाईकोर्ट की इंदौर बेंच ने 15 मई को ■ शेष पृष्ठ 8 पर

फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट पहुंचा मुस्लिम पक्ष

इधर, हाईकोर्ट के फैसले से निराश मुस्लिम पक्ष गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया। आदेश को एकतरफा बताते हुए काजी मोइनुद्दीन ने गुरुवार रात करीब 8:30 बजे विशेष अनुमति याचिका (एसएलपी) दाखिल की है। मुस्लिम पक्ष ने सुप्रीम कोर्ट में दस्तावेज और साक्ष्य प्रस्तुत किए हैं।

लड़ाई संवैधानिक और कानूनी दायरे में लड़ी जाएगी

अब्दुल समद ने कहा- कमाल मौला मस्जिद में 700 साल से जुमे की नमाज अदा होती रही है। इस परंपरा को प्रभावित किए जाने से समाज में दुख है, लेकिन लड़ाई पूरी तरह संवैधानिक और कानूनी दायरे में ही लड़ी जाएगी। हमें न्यायपालिका पर पूरा भरोसा है। शहर काजी वकार सादिक ने कहा- जब सुप्रीम कोर्ट से राहत और स्टे मिलेगा, तब मुस्लिम समाज सम्मान के साथ पहले की तरह नमाज अदा करेगा। उन्होंने अपील करते हुए कहा कि सभी समुदाय शांति और सौहार्द बनाए रखें। शहर हमारा अपना है, इसलिए अमन और भाईचारे को बनाए रखना सभी की जिम्मेदारी है।

समाधान शिविर: बलौदाबाजार के करहीबाजार में सीएम साय ने हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं की दी जानकारी

'सुशासन तिहार का उद्देश्य योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना'

बलौदाबाजार (नवप्रदेश)। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बलौदाबाजार जिले के करहीबाजार में आयोजित समाधान शिविर को संबोधित करते हुए कहा कि सुशासन तिहार का उद्देश्य सरकार को गांव-गांव तक पहुंचाकर लोगों की समस्याओं का समाधान करना और योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक सुनिश्चित करना है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने भीषण गर्मी के बावजूद बड़ी संख्या में समाधान शिविर में पहुंचे ग्रामीणों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार यह जानने के लिए गांवों तक पहुंच रही है कि लोगों को पानी, बिजली, सड़क और अन्य मूलभूत सुविधाएं समय पर मिल रही हैं या नहीं। उन्होंने कहा कि रायपुर में बैठकर ग्रामीणों की समस्याओं को पूरी तरह समझा नहीं जा सकता, इसलिए पूरी सरकार गांवों में पहुंचकर लोगों से सीधे संवाद कर रही है। कार्यक्रम में राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध सिंह, ■ शेष पृष्ठ 8 पर

सरकार जल्द शुरू करेगी मुख्यमंत्री हेल्पलाइन सेवा

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार जल्द ही मुख्यमंत्री हेल्पलाइन शुरू करने जा रही है, जिसके माध्यम से नागरिक अपनी समस्याएं ऑनलाइन और टोल फ्री नंबर के जरिए दर्ज करा सकेंगे तथा समयबद्ध समाधान सुनिश्चित किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को लाभान्वित किया तथा नियुक्ति पत्र प्राप्त करने वाले युवाओं को शुभकामनाएं दीं।



संक्षिप्त खबरें

छुईखदान कांग्रेस कार्यालय में श्रद्धापूर्वक मनाई गई पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की पुण्यतिथि

छुईखदान/ नवप्रदेश। स्थित कांग्रेस कार्यालय में भारत रत्न एवं देश के पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की पुण्यतिथि श्रद्धा, सम्मान और भावनात्मक माहौल के बीच मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा राजीव गांधी के छायाचित्र पर तिलक लगाकर, पुष्प अर्पित कर एवं अगरबत्ती जलाकर की गई।इस दौरान ÷राजीव गांधी अमर रहें÷ के नारों से पूरा कांग्रेस कार्यालय गूंज उठा। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में उपस्थित कार्यकर्ताओं ने पूर्व प्रधानमंत्री को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। पूरे आयोजन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं में उत्साह और राजीव गांधी के प्रति गहरा भावनात्मक जुड़ाव देखने को मिला। बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता रहे उपस्थित-कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पूर्व जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष गजेंद्र ठाकरे, वरिष्ठ कांग्रेसी मोतीलाल जंघेल, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष रामकुमार पटेल, नगर पंचायत उपाध्यक्ष प्रकाश महोबिया, शैलेन्द्र तिवारी, रोहित पुलस्त, कौशल दास कोशरे, नीरज महोबिया, कपिनाथ महोबिया, नरेश नेगी, अशोक महिलांग, बनवाली कोसरे, संतोष पाटीला, धनराज टंडन, ज्ञानदास मरकाम, नजीरुद्दीन खान सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर लीफ आर्टिस्ट ने बरगद के पत्तों पर बनाई कला आकृति

नगरी / नवप्रदेश। प्रधानमंत्री राजीव गांधी पुण्यतिथि पर लीफआर्टिस्ट ने बरगद के पत्तों पर राजीव गांधी का कला आकृति बनया गया और आर्ट को युवा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा , सप्रेम भेंट किया गया जिला प्रभारी उमेश डोंगरे, ज़िलाध्यक्ष नरेंद्र सोनवानी , उपाध्यक्ष प्रमोद कुंजाम जिलाध्यक्ष राजा देवांगन ,मनोज साक्षी,दुर्गेश नंदिनी साहू,प्रेमांशु प्रजापति, आकाश नेताम ,सहजाद मेमन, सजल नाग ,अरविंद यादव, चैतन्य साहू , राकेश नेताम , नटवर नेताम,रोशन साहू, भीषम यादव ,आसिफ़ ख़ान ,बीरबल नगारची, पिंकी यदु , भारत लहरे,लकी निर्मलकर , गुलाब साहू , भेपेन्द्र कंवर,मुकेश कुंजाम , नीलकुमार कोड़ोपी, संत मरकाम, विवेक सोरी,लक्ष्य तिवारी , पिंटू साहू ,भावेश ,लाकेश्वर, चूड़ामणि सोम ,दुर्गेश समेत अन्य मौजूद थे।

बेलरगांव बस स्टैंड में कांग्रेस का धरना-प्रदर्शन बढ़ती महंगाई के खिलाफ बुलंद हुई आवाज

नगरी / नवप्रदेश। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बेलरगांव के नेतृत्व में गुरुवार को बेलरगांव बसस्टैंड में केंद्र एवं राज्य सरकार की नीतियों तथा लगातार बढ़ रही महंगाई के विरोध में धरना-प्रदर्शन आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पेट्रोल, डीजल, सोना-चांदी एवं खाद्य सामग्रियों की बढ़ती कीमतों को लेकर सरकार के खिलाफ जमकर प्रदर्शन किया तथा आमजन को महंगाई से हो रही परेशानियों से अवगत कराया। इस अवसर पर प्रदेश युवा कांग्रेस अध्यक्ष आकाश शर्मा का बेलरगांव आगमन हुआ, जहां कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने ढोल-नगाड़ों, आतिशबाजी एवं जोरदार नारों के साथ उनका ऐतिहासिक स्वागत एवं सम्मान किया। कार्यक्रम में सिहावा विधायक अंबिका मरकाम एवं पूर्व विधायक डॉ. लक्ष्मी ध्रुव सहित कई वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं ने केंद्र एवं राज्य सरकार की नीतियों की आलोचना करते हुए आम जनता की समस्याओं को प्रमुखता से उठाया।धरना-प्रदर्शन में दऊवा देवांगन, श्रीलाल मनोज साक्षी, नरेंद्र सोनवानी, राजा देवांगन, प्रेमांशु प्रजापति, प्रमोद कुंजाम, अख्तर खान, वेदराम साहू, आकाश नेता राजेंद्र ठाकुर, निर्मल पटेल, दुर्गेश कश्यप, रोशन साहू, मयंक ध्रुव, यशकरण पटेल, अनवर सिद्दीकी, शहजाद मेमन आदि उपस्थित रहे।

बढ़ती महंगाई और सराफा कारोबार संकट को लेकर कांग्रेस का प्रदर्शन

- पेट्रोल-डीजल, खाद्य सामग्री और सोने की कीमतों में वृद्धि के खिलाफ सड़क पर उतरे कांग्रेस कार्यकर्ता

महासमुंद / प्रदेश । कांग्रेस कमेटी के निर्देश एवं जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष व विधायक द्वारिकाधीश यादव के मार्गदर्शन में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बागबाहरा ग्रामीण के तत्वावधान में आवाराडबरी स्थित पेट्रोल पंप पर केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया गया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पेट्रोल-डीजल की लगातार बढ़ती कीमतों, खाद्य सामग्रियों में महंगाई तथा सोने के बढ़ते दामों को लेकर विरोध दर्ज कराया। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केंद्र की मोदी सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए कहा कि लगातार बढ़ रही महंगाई से आम जनता का जीवन प्रभावित हो रहा है। सराफा व्यापारियों ने भी सोने के दामों में लगातार वृद्धि और बाजार में आई मंदी पर नाराजगी जताई।

इस मौके पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष द्वारिकाधीश यादव ने कहा कि केंद्र सरकार की गलत आर्थिक नीतियों के कारण पेट्रोल-डीजल, खाद्य सामग्री और आवश्यक वस्तुओं के दाम लगातार बढ़ रहे हैं। इसका सीधा असर आम लोगों की जेब पर पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी जनता की आवाज बनकर लगातार संघर्ष करती रहेगी।

सराफा कारोबार से जुड़े परिवारों के समर्थन में उतरी कांग्रेस-प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने सराफा व्यापारियों, स्थानीय कारीगरों और स्वर्ण शिल्प से जुड़े कर्मचारियों की आजीविका प्रभावित होने का मुद्दा भी उठाया। नेताओं ने कहा कि गलत नीतियों और प्रशासनिक अनदेखी के कारण सराफा व्यवसाय से जुड़े हजारों कारीगरों, छोटे व्यापारियों और दुकानों में काम करने वाले कर्मचारियों के सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है।

कांग्रेस नेताओं ने कहा कि वर्षों से पुश्तैनी काम कर अपने परिवार का पालन-पोषण करने वाले कारीगर आज आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं। पार्टी ऐसे लोगों की समस्याओं को लेकर लगातार आंदोलन करती रहेगी और प्रभावित परिवारों को न्याय दिलाने की मांग उठाती रहेगी।

बड़ी संख्या में शामिल हुए कांग्रेस कार्यकर्ता व जनप्रतिनिधि-विरोध प्रदर्शन में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष देवनाथ साहू, अंकित बागबाहरा, राहुल कुलदीप, मुकुंद सिन्हा, विजय बंजारे, भूपेंद्र ठाकुर, शहजान पासा, खिलेश्वर सिन्हा, चंदूलाल साहू, राजीव अग्रवाल, पवन ध्रुव, प्रमोद चंद्राकर, पुरुषोत्तम साहू, नीलकंठ यादव, चंद्रशेखर दीवान, गंगाप्रसाद भोसले, बलराम चंद्राकर, हरिराम यादव, संतोष जांगड़े, सुरेश पटेल, कबीर साहू, नंदकुमार निषाद, तुलाराम देवांगन सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे। इसके अलावा फूल सिंह ध्रुव, फिरोज मेमन, भूपेंद्र सिंह, गणेश कुमार शर्मा, समीम खान, दुर्गा सागर, लखबीर सिंह छाबड़ा, श्रीमती खिलेश्वरी ताम्रध्वज बघेल, देवेश साहू, शैलेश साहू, रमेश ठाकुर, महेश नरेडिया, पोखराज साहू, पंकज हरपाल, नवनीत सलूजा, दिनेश मोगरे, मयंक शर्मा, हितेश खरे, हरीश जैन, योगेश बघेल, पंचराम यादव, बलवीर सिंह, मोहन बांधे, रीमा यादव, सरस्वती यादव एवं अन्य कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

नगरी आईटीआई में जलसंकट का कहर, जिम्मेदार ध्यान नहीं दे रहे

भीषण गर्मी में पानी के लिए भटक रहे तकनीकी शिक्षा लेने वाले छात्र

- होटल, दुकान और न्यायालय बन रहे सहारा, कई छात्र खरीदकर पी रहे पानी

नगरी / नवप्रदेश। ब्लॉक के एकमात्र शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) देवपुर में पढ़ने वाले छात्र-छात्राएं इन दिनों भीषण जलसंकट से जूझ रहे हैं। वनांचल और दूर-दराज ग्रामीण क्षेत्रों से तकनीकी शिक्षा लेने आने वाले विद्यार्थियों को गर्मी के इस मौसम में पीने के पानी के लिए भटकना पड़ रहा है। स्थिति इतनी गंभीर हो चुकी है कि कोई होटल और दुकानों में पानी मांगकर प्यास बुझा रहा है, तो कई छात्र-छात्राएं पास स्थित व्यवहार न्यायालय जाकर पानी पीने को मजबूर हैं।

हैरानी की बात यह है कि संस्थान में छात्रों की सुविधा के लिए वाटर फ्रीजर तो लगाया गया है, लेकिन उसमें पानी की आपूर्ति ही बंद पड़ी है। नतीजा यह है कि भीषण गर्मी में छात्र-छात्राएं या तो इधर-उधर भटक रहे हैं या फिर जेब खर्च से पानी खरीदकर पीने को मजबूर हैं।

छात्र-छात्राएं अपनी समस्या खुलकर सामने रखने से डर रहे हैं। कई विद्यार्थियों ने व्हाट्सएप के माध्यम से पत्रकारों तक अपनी पीड़ा पहुंचाई और लिखा –

÷आईटीआई में पानी की बहुत समस्या है, समाचार बना दो तब शायद हमारी समस्या दूर होगी÷यह संदेश न केवल विद्यार्थियों की परेशानी, बल्कि व्यवस्था के प्रति उनके टूटते भरोसे को भी दर्शाता है।

जब इस संबंध में संस्थान के शिक्षकों से चर्चा की गई तो उन्होंने बताया कि क्षेत्र में वाटर लेवल काफी नीचे चला गया है। इस समस्या की जानकारी कई बार संबंधित विभाग को दी जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई ठोस पहल नहीं हुई। शिक्षकों का कहना है कि नगरी पीएचई विभाग को लगातार अवगत कराने के बावजूद समस्या जस की तस बनी हुई है। तकनीकी शिक्षा के नाम पर बड़े-बड़े दावे करने वाले विभागों की जमीनी हकीकत यह है कि छात्र-छात्राओं को पीने के पानी जैसी मूलभूत सुविधा भी उपलब्ध नहीं हो पा रही। सवाल यह भी उठ रहा है कि यदि समय रहते व्यवस्था नहीं सुधरी तो तेज गर्मी में विद्यार्थियों की तबीयत बिगड़ने जैसी गंभीर स्थिति भी निर्मित हो सकती है।

इस मामले में जब पीएचई विभाग की अधिकारी आशा लता गुप्ता से संपर्क किया गया तो उन्होंने कहा कि विभागीय स्टाफ को मौके पर भेजकर समस्या का जल्द निराकरण कराया जाएगा।

अब देखना यह होगा कि जिम्मेदार विभाग विद्यार्थियों की इस गंभीर समस्या को कितनी संवेदनशीलता से लेते हैं, या फिर छात्र-छात्राओं को यूं ही प्यास के बीच शिक्षा ग्रहण करने को मजबूर रहना पड़ेगा।

पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी को श्रद्धांजलि देने बिन्द्रानवागढ़ पहुंचे कांग्रेस कार्यकर्ता

गरियाबंद / नवप्रदेश। तहसील मुख्यालय मैनपुर से 18 किमी दूर घने जंगल और पहाड़ियों के बीच बसा हुआ राजीव गोद ग्राम कुल्हाड़ीघाट मे आज गुरुवार को राजीव गांधी पुण्यतिथि के अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मैनपुर द्वारा श्रध्दांजलि सभा का आयोजन किया गया और दोपहर 12 बजे तेज धूप मे रैली निकाली गई। इस मौके पर बिन्द्रानवागढ़ विधायक जनक ध्रुवएब्लॉक कांग्रेस कमेटी मैनपुर अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुवए महामंत्री गेंदू यादव एवं कुल्हाड़ीघाट के सरपंच बनसिंह सोरी सहित सैकड़ो की संख्या मे कांग्रेस कार्यकर्ता और आदिवासी कमार जनजाति के ग्रामीण राजीव गांधी के प्रतिमा का पूजा अर्चना कर दो मिनट मौन रखकर श्रध्दांजलि अर्पित कियाए पश्चात् कुल्हाड़ीघाट के गलियों मे ब्लॉक कांग्रेस एवं ग्रामीणों रैली निकाली गईएएक सभा का आयोजन किया गया इस दौरान कमार जनजाति परिवार के लोगो को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मैनपुर द्वारा साल श्रीफल देकर सम्मान किया गया आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बिन्द्रानवागढ़ विधायक जनक ध्रुव ने कहा राजीव जी देश के प्रथम युवा प्रधानमंत्री के रूप मे जाने जाते है उन्होने अपने कार्यकाल मे देश मे कम्प्युटर लाकर संचार क्रांति की शुरूआत की और देश मे 18 साल के उम्र वाले युवाओं को मताधिकार प्रयोग करने का अधिकार दिया हमेशा युवा सोच के साथ देश के विकास के लिए उन्होने जो कार्य किया है उसे कभी भुलाया नही जा सकता है।

स्वच्छता सर्वेक्षण में बेहतर रैंकिंग और प्लास्टिक मुक्त शहर बनाने पर जोर

- ठोस अपशिष्ट प्रबंधन पर नगर पालिका की कार्यशाला

महासमुंद/ नवप्रदेश। नगर पालिका परिषद के सभाकक्ष में गुरुवार को ठोस अपशिष्ट प्रबंधन विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में शहर की स्वच्छता व्यवस्था को अधिक प्रभावी बनाने, कचरे के पृथक्करण, संग्रहण और वैज्ञानिक निष्पादन को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।

कार्यशाला में संयुक्त संचालक कार्यालय से पहुंचे स्वच्छ भारत मिशन के संभागीय समन्वयक अभिषेक गुप्ता ने प्रतिभागियों को ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी। उन्होंने घरों से सूखा और गीला कचरा अलग-अलग एकत्रित करने, प्लास्टिक अपशिष्ट के उचित निपटान तथा नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने की आवश्यकता पर जोर दिया।

नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने कहा कि स्वच्छ एवं सुंदर शहर के निर्माण में आम नागरिकों की भागीदारी सबसे महत्वपूर्ण है। उन्होंने सभी वार्डों में नियमित स्वच्छता अभियान चलाने तथा ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियमों का सख्ती से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।कार्यशाला में स्वच्छता सर्वेक्षण 2025-26 को ध्यान में रखते हुए नगर को बेहतर रैंक दिलाने के लिए विशेष रणनीति पर भी चर्चा की गई। अधिकारियों ने बताया कि कचरे का वैज्ञानिक प्रबंधन न केवल पर्यावरण संरक्षण के लिए आवश्यक है, बल्कि जनस्वास्थ्य की दृष्टि से भी अत्यंत महत्वपूर्ण है।

जैतपुरी विवाद में थाना पहुंचे सिहावा के ग्रामीण

- वन अमले पर कार्रवाई की मांग

नगरी / नवप्रदेश। उदंती-सीतानदी टाइगर रिजर्व के जैतपुरी गांव में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई को लेकर विवाद लगातार बढ़ता जा रहा है। कलेक्ट्रेट और एसपी कार्यालय में ज्ञापन सौंपने के बाद गुरुवार को बड़ी संख्या में ग्रामीण सिहावा थाना पहुंचे और वन विभाग के अधिकारियों-कर्मचारियों पर मारपीट, महिलाओं से दुर्व्यवहार तथा जबरन कार्रवाई करने का आरोप लगाया।

ग्रामीणों के साथ पूर्व जिला पंचायत सदस्य खूब लाल ध्रुव भी पहुंचे उन्होंने कहा हम आपके साथ हैं आपके साथ हम अपने हक की लड़ाई लड़गे

ग्रामीणों ने थाना प्रभारी अजय सिंह को ज्ञापन सौंपते हुए पूरे मामले की निष्पक्ष जांच और दोषी वन कर्मियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग की। ग्रामीणों का आरोप है कि वन विभाग की टीम बिना पूर्व सूचना गांव पहुंची और कार्रवाई के दौरान घरों में घुसकर लोगों को पकड़ने लगी। विरोध करने पर महिलाओं के साथ धक्का-मुक्की और हाथापाई किए जाने का आरोप लगाया गया है।

ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि घटना के दौरान वीडियो बना रहे युवकों के साथ मारपीट की गई और मोबाइल छीनने की कोशिश की गई। वहीं घटना से जुड़े वीडियो और ऑडियो सोशल मीडिया में वायरल होने के बाद मामला और गर्मा गया है।इधर वन विभाग का कहना है कि टाइगर रिजर्व क्षेत्र में अवैध अतिक्रमण और जंगल कटाई की शिकायतों के आधार पर वैधानिक कार्रवाई की जा रही थी। विभाग के अनुसार ड्रोन और सेटेलाइट सर्वे में बड़ी मात्रा में वन भूमि पर कब्जा सामने आया है। थाना प्रभारी अजय सिंह ने ग्रामीणों को आश्वस्त करते हुए कहा कि दोनों पक्षों के बयान, वायरल वीडियो और उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर निष्पक्ष जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

सीएमओ का कार्यभार संभालते ही एक्शन मोड में दिखे डिप्टी कलेक्टर मनोज खाण्डे

- लंबित प्रकरणों की समीक्षा, अधिकारियों को समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश

महासमुंद/ नवप्रदेश। नगर पालिका परिषद की प्रशासनिक व्यवस्था को सुचारू एवं प्रभावी बनाए रखने के उद्देश्य से कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के आदेश के परिपालन में डिप्टी कलेक्टर मनोज कुमार खाण्डे ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी (सीएमओ) का कार्यभार ग्रहण कर लिया। कार्यभार संभालते ही उन्होंने नगर पालिका कार्यालय पहुंचकर विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों से परिचय प्राप्त किया और शाखावार कार्यों की विस्तृत जानकारी ली।

कार्यभार ग्रहण करने के बाद डिप्टी कलेक्टर खाण्डे ने नगर पालिका की व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए राजस्व वसूली, स्वच्छता व्यवस्था, पेयजल आपूर्ति, निर्माण कार्यों तथा नागरिक सुविधाओं से जुड़े लंबित प्रकरणों पर अधिकारियों से चर्चा की। उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि सभी कार्य निर्धारित समय-सीमा के भीतर गुणवत्ता के साथ पूर्ण किए जाएं।

उन्होंने स्पष्ट कहा कि आम नागरिकों की समस्याओं का त्वरित निराकरण प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। नगर विकास से संबंधित कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही या उदासीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। साथ ही उन्होंने अधिकारियों और कर्मचारियों से आपसी समन्वय एवं टीम भावना के साथ कार्य करने की अपील की। डिप्टी कलेक्टर खाण्डे ने शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने पर विशेष जोर देते हुए कहा कि नगर पालिका आमजन की अपेक्षाओं पर खरा उतरे, इसके लिए सभी विभाग जिम्मेदारी के साथ कार्य करें।इस अवसर पर उप अभियंता हेमंत पिस्दा, लेखापाल यशवंत देवागंन, प्रभारी जल विभाग दुर्गेश कुंजेकार, स्वच्छ भारत मिशन प्रभारी नौशाद बक्श, समन्वयक नीतू प्रधान, राजस्व विभाग के गुमान सिंह ध्रुव, आवास योजना प्रभारी लोकरंजन साहू, वाहन प्रभारी सुरेश तिवारी तथा राशन कार्ड प्रभारी जितेंद्र मोहंती सहित नगर पालिका के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

सुशासन तिहार: वार्ड-1 से 15 तक के नागरिकों ने बढ़-चढ़कर लिया हिस्सा

नगरी नगर पंचायत में विशाल जनसमस्या निवारण शिविर

- नगर पालिका बनाने की मांग भी उठी

नगरी / नवप्रदेश। शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को आम जनता तक पहुंचाने एवं नागरिकों की समस्याओं के त्वरित निराकरण के उद्देश्य से नगर पंचायत नगरी के सांस्कृतिक भवन में ÷सुशासन तिहार÷ के अंतर्गत विशाल जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 1 से 15 तक के बड़ी संख्या में नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी विभिन्न समस्याएं एवं मांगें प्रशासन और जनप्रतिनिधियों के समक्ष रखीं।

शिविर में पहुंचे नागरिकों ने पेयजल व्यवस्था, सड़क निर्माण, नाली सफाई, स्ट्रीट लाइट, राशन कार्ड, प्रधानमंत्री आवास योजना, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, स्वच्छता, बिजली व्यवस्था सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए। संबंधित विभागों के अधिकारियों द्वारा कई समस्याओं का मौके पर ही निराकरण किया गया, जबकि शेष आवेदनों को प्राथमिकता के साथ शीघ्र निराकरण हेतु दर्ज किया गया।

इस दौरान नगर पंचायत को नगर पालिका का दर्जा दिए जाने की मांग भी प्रमुखता से उठी। नगर पंचायत अध्यक्ष एवं पार्षदों ने क्षेत्र के विकास और बढ़ती आबादी को देखते हुए नगरी को नगर पालिका बनाए जाने की आवश्यकता बताई। जनप्रतिनिधियों ने कहा कि नगर पालिका बनने से क्षेत्र में आधारभूत सुविधाओं का विस्तार होगा तथा विकास कार्यों को गति मिलेगी। कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने कहा कि शासन की मंशा है कि आम नागरिकों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें, बल्कि प्रशासन स्वयं जनता के बीच पहुंचकर उनकी समस्याएं सुने और उनका त्वरित समाधान करे। ÷सुशासन तिहार÷ इसी उद्देश्य को लेकर प्रदेशभर में आयोजित किया जा रहा है। शिविर में समाज कल्याण विभाग द्वारा जरूरतमंद हितग्राहियों को विधायक एवं जनप्रतिनिधियों के हाथों छड़ी एवं व्हीलचेयर भी वितरित की गई। नगरवासियों ने शासन-प्रशासन की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे शिविरों से आम जनता को अपनी समस्याएं सीधे अधिकारियों तक पहुंचाने का बेहतर अवसर मिलता है तथा समस्याओं के समाधान में तेजी आती है।

कार्यक्रम में विधायक अंबिका मरकाम, पूर्व विधायक श्रवण मरकाम, नगर पंचायत अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा, जनपद उपाध्यक्ष हृदय साहू, मोहन नाहटा, कमल डागा, रूपेण साहू, सभापति अश्वनी निषाद, शंकर देव, राजा पवार, देवचरण ध्रुव, नरेश पटेल, डागेश्वरी साहू, यश करण पटेल, हरीश साहू सहित एसडीएम प्रीति दुर्गम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता तथा विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन कैलाश सोन द्वारा किया गया।

युवा कांग्रेस चुनाव: सदस्य बनने देने होंगे 75 रुपए, छह लोगों के लिए डाले जाएंगे वोट

❑ युवा कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष का चयन भी चुनाव के जरिए ही होगा

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में युवा कांग्रेस चुनाव को लेकर हलचल तेज हो गई है। इसके लिए अभी से दावेदार सक्रिय हो गए हैं, लेकिन इस बार उनकी राह आसान नहीं होगी। दरअसल, युवा कांग्रेस के चुनाव में वो ही लोग मतदान करेंगे, जो सदस्य है। इसके लिए चुनाव के साथ सदस्यता अभियान भी चलेगा। इस पर सदस्य बनाने के लिए 50 की जगह 75 रुपए का शुल्क लिया जाएगा। राजस्थान में भी इसी सदस्यता शुल्क के हिसाब से युवा कांग्रेस के चुनाव हुए हैं। इसका मतलब साफ है कि चुनाव जीतने के लिए दावेदारों को मोटी रकम खर्च करनी होगी।

छत्तीसगढ़ में युवा कांग्रेस चुनाव के लिए दिल्ली से विशेष टीम आएगी। यह टीम 24 मई को

राजधानी में पत्रकारवार्ता लेकर युवा कांग्रेस के चुनाव को लेकर अपनी जानकारी साझा करेगी। इसे साफहो रहा है कि युवा कांग्रेस के नए पदाधिकारियों का चुनाव जून-जुलाई के बीच हो सकता है। चुनावी प्रक्रिया में करीब एक महीने का समय लगेगा। चुनाव से पहले युवा कांग्रेस की वर्तमान कार्यकारिणी को भंग किया जाएगा, ताकि चुनाव निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से हो सके। बता दें कि पिछली बार युवा कांग्रेस के चुनाव में 17 लाख सदस्य बनाए गए थे। इनमें से छंटाई के बाद 15 लाख सदस्य रह गए थे। इनमें करीब 11 लाख सदस्यों ने मतदान किया था। इस बार युवा कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष का चयन भी चुनाव के जरिए ही होगा। चुनाव में प्रदेश अध्यक्ष के साथ महासचिव, जिलाध्यक्ष, विधानसभा अध्यक्ष और ब्लॉक अध्यक्ष के लिए मतदान होगा। इससे पहले ब्लॉक अध्यक्षों का चुनाव नहीं होता था। छत्तीसगढ़ में युवा कांग्रेस का चुनाव सिर्फ संगठनात्मक प्रक्रिया नहीं, बल्कि आने वाले विधानसभा और लोकसभा चुनावों की राजनीतिक दिशा तय करने वाला माना जा रहा है।

दावेदारों की क्षमता परखेगी दिल्ली की टीम

युवा कांग्रेस चुनाव में कोई भी व्यक्ति प्रत्याशी नहीं बन सकेगा। इसके लिए दिल्ली से आने वाली टीम सभी जिलों में बैठक लेगी। इसके अलावा दावेदारों से वन-टू-वन चर्चा कर उनके कामकाज का आकलन करेगी। इसके आधार पर उन्हें चुनाव लड़ने की अनुमति दी जाएगी। बता दें कि इससे पहले हुए चुनाव में जिलाध्यक्षों के साथ इंटरव्यू अनिवार्य नहीं था। इसका चुनाव कोई भी लड़ सकता था। अब चुनाव लड़ने से पहले उन्हें अपने कामों को बताना होगा।

न्यूज गैलरी

छत्तीसगढ़ चाय व्यापारी संघ के उपाध्यक्ष ने की राज्यपाल से की सौजन्य भेंट

रायपुर/नवप्रदेश। राज्यपाल श्री रमेन डेका से लोकभवन में

छत्तीसगढ़ चाय व्यापारी संघ एवं छत्तीसगढ़ चौम्बर ऑफकॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज़ के उपाध्यक्ष श्री महेंद्र कुमार बागड़ोदिया ने सौजन्य भेंट की। श्री बागड़ोदिया ने बताया कि वे वर्ष 1964 से कोलकाता की टी इंडस्ट्री से जुड़े हुए हैं और वर्तमान में वे रायपुर में चाय व्यवसाय के क्षेत्र में सक्रिय हैं।मुलाकात के दौरान उन्होंने छत्तीसगढ़ में चाय की खेती के संभावनाओं की जानकारी दी। राज्यपाल ने असम के चाय बागानों की तर्ज पर प्रदेश में भी चाय उद्योग के विकास के लिए विस्तार से चर्चा की और आवश्यक मार्गदर्शन दिया।

त्वरित कार्रवाई के लिए स्थापित हुआ 'खनन सूचना केंद्र'

जनभागीदारी, पारदर्शिता और जवाबदेही को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल

अवैध खनन पर निगरानी होगी और सशक्त: शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई के लिए टोल फ्री नंबर 1800-233-2140 जारी

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में खनिज संसाधनों के प्रबंधन को अधिक पारदर्शी, जवाबदेह और जनसहभागिता आधारित बनाने की दिशा में छत्तीसगढ़ शासन द्वारा लगातार ठोस कदम उठाया जा रहा है। इसी कड़ी में प्रदेश में खनन गतिविधियों की प्रभावी निगरानी, नागरिकों से सीधा संवाद तथा शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने के उद्देश्य से राज्य शासन द्वारा ÷खनन सूचना केंद्र की स्थापना की गई है। प्रदेश में खनिजों से संबंधित गतिविधियों, शिकायतों और सूचनाओं के आदान-प्रदान को सुगम एवं प्रभावी बनाने के लिए संचालनालय, भूविज्ञान एवं खनिकर्म द्वारा टोल फ्री नंबर 1800-233-2140 जारी किया गया है। इस माध्यम से आम नागरिक अवैध खनन, अवैध परिवहन, खनिज संबंधी अनियमितताओं अथवा अन्य शिकायतों की जानकारी सीधे प्रशासन तक पहुंचा सकेंगे, जिससे समयबद्ध कार्रवाई और निगरानी व्यवस्था को अधिक सशक्त बनाया जा सकेगा। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की ÷जीरो टॉलरेंस÷ नीति के अनुरूप स्थापित यह सूचना केंद्र पारदर्शी और उत्तरदायी प्रशासनिक व्यवस्था को और मजबूती प्रदान करेगा। अब खनन गतिविधियों से जुड़ी शिकायतों और सूचनाओं पर त्वरित प्रतिक्रिया सुनिश्चित करने के लिए एक संस्थागत तंत्र उपलब्ध होगा, जिससे अवैध गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण और जवाबदेही को बढ़ावा मिलेगा।

बंगाली कालीबाड़ी के स्कूल में बाल संस्कार पाठशाला का आयोजन 24 तक

रायपुर/नवप्रदेश। कालीबाड़ी चौक स्थित बंगाली कालीबाड़ी के स्कूल प्रांगण में नवगठित बंगाली समाज छत्तीसगढ़ द्वारा 5 दिवसीय 'बाल संस्कार पाठशाला' का आयोजन किया गया है। 20 मई से 24 मई तक चलने वाले इस प्रातःकालीन आयोजन में 6 वर्ष से 13 वर्ष आयु के बालक-बालिकाओं को हिन्दू धर्म एवं बांग्ला संस्कृति से अवगत कराने का लक्ष्य सामने रखा गया है। इस लक्ष्य की पूर्ति के लिए उन्हें प्रतिदिन वैदिक मंत्र पाठ, पंचतंत्रङ्कउपनिषद-महाभारत की कहानियों, महापुरुषों की जीवनी, टाइम मैनेजमेंट, मोबाइल के प्रयोग की सीमा, हेल्थ से जुड़ी अच्छी आदतें, एंकरिंग व कवितापाठ कला (आवृत्ति), व्यक्तित्व व कौशल विकास के आरंभिक टिप्स, पर्यावरण जागरूकता जैसे बहु आयामी विषयों का ज्ञान देते हुये संस्कारित करने का प्रयास किया जा रहा है। बंगाली समाज छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष श्री रंजन बनर्जी के मार्गदर्शन में चल रहे इस पहले आयोजन को सफल बनाने के लिए समाज के समर्पित लोगों की टीम द्वारा अभूतपूर्व उत्साह के साथ सेवाएँ दी जा रही है, जिसमें बंगाली कालीबाड़ी के अध्यक्ष श्री तन्मय चटर्जी तथा सचिव श्री पार्थ सरकार की भूमिका सराहनीय है।

खरीफ सीजन-2026 के लिए खाद वितरण नीति जारी

रायपुर/नवप्रदेश। पश्चिम एशिया संकट के कारण खाद आयात प्रभावित होने के बाद कृषि विभाग ने किसानों के लिए संतुलित खाद वितरण की नई व्यवस्था लागू की है। विभाग द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार सीमांत, लघु और बड़े किसानों के लिए अलग-अलग वितरण प्रणाली तय की गई है। नई व्यवस्था के तहत 2.5 एकड़ तक भूमि रखने वाले सीमांत किसानों को एकमुश्त खाद उपलब्ध कराई जाएगी। वहीं, 2.5 से पांच एकड़ तक भूमि वाले लघु किसानों को यूरिया दो किस्तों में दिया जाएगा। दूसरी किस्त 20 दिनों बाद उपलब्ध होगी। पांच एकड़ से अधिक भूमि वाले बड़े किसानों को यूरिया तीन किस्तों में वितरित किया जाएगा। प्रत्येक किस्त के बीच 20 दिनों का अंतर रखा गया है। विभाग ने खरीफ 2025 में वितरित यूरिया की 80 प्रतिशत और डीएपी की 60 प्रतिशत मात्रा ही खरीफ 2026 में देने का निर्णय लिया है। शेष खाद पारंपरिक यूरिया या नैनो यूरिया के रूप में उपलब्ध कराई जाएगी। साथ ही जैविक खाद के उपयोग को भी प्रोत्साहित किया जाएगा। कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने कहा कि आवश्यकता के अनुसार खाद वितरण से खेती की लागत कम होगी और भूमि की उर्वरा शक्ति सुरक्षित रहेगी।

नवतपा से पहले तपने लगा छत्तीसगढ़ दोपहर में बाहर निकलना हुआ मुश्किल

❑ जिलों में चलेगी लू, हीटवेव को लेकर ऑरेंज और यलो अलर्ट जारी

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में गर्मी ने मई के अंतिम दिनों में अपना रौद्र रूप दिखाना शुरू कर दिया है। नवतपा शुरू होने से पहले ही प्रदेश के कई जिलों में सूरज आग बरसा रहा है। राजधानी रायपुर समेत आसपास के इलाकों में गुरुवार को भीषण गर्मी और गर्म हवाओं ने लोगों का हाल बेहाल कर दिया। दिनभर सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहा और दोपहर के समय बाहर निकलना मुश्किल हो गया। राजधानी रायपुर में तापमान 44 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया, जबकि माना क्षेत्र में सबसे अधिक 45 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया। तेज धूप और लू के थपेड़ों के कारण लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। हालत यह रही कि कूलर और पंखे भी राहत देने में नाकाम नजर आए। देर रात तक गर्म हवाएं चलती रहीं, जिससे लोगों को उमस और बेचैनी का सामना करना पड़ा। मौसम विभाग ने शुक्रवार के लिए राजधानी रायपुर सहित कई जिलों में हीटवेव को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। विभाग के अनुसार आज रायपुर का अधिकतम तापमान 45 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है, जबकि न्यूनतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की संभावना है।

मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि आने वाले कुछ दिनों तक प्रदेश में गर्मी का असर और बढ़ सकता है। आसमान मुख्यतः साफ रहने के कारण सूरज की तपिश सीधे जमीन पर पड़ रही है, जिससे तापमान में लगातार बढ़ोतरी हो रही है।

इन जिलों में हीटवेव का खतरा

मौसम विभाग ने छत्तीसगढ़ के कई जिलों में भीषण गर्मी और हीटवेव को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। विभाग के अनुसार बिलासपुर, रायगढ़, सारंगढ़-बिलाईगढ़, सक्ती, मुंगेली, जांजगीर-चांपा, बलौदाबाजार, रायपुर, धमतरी, दुर्ग, बेमेतरा, कबीरधाम, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई और राजनांदगांव जिलों में एक-दो स्थानों पर ग्रीष्म लहर चलने की संभावना है। इन इलाकों में तापमान सामान्य से काफी अधिक दर्ज किया जा सकता है, जिससे लोगों को भीषण गर्मी का सामना करना पड़ सकता है। खासकर दोपहर के समय तेज धूप और गर्म हवाएं जनजीवन पर असर डाल सकती हैं। मौसम विभाग ने लोगों को अनावश्यक रूप से घर से बाहर न निकलने और सावधानी बरतने की सलाह दी है।

भालू हमले की पीड़िता प्रेमबाई के घर पहुंची मेडिकल बोर्ड की टीम

❑ स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल की संवेदनशील पहल, अब मिल सकेगा दिव्यांगता प्रमाण पत्र

रायपुर/नवप्रदेश। राज्य के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल की संवेदनशील सोच और जनहितैषी कार्यशैली से स्थानीय लोगों को लाभ मिल रहा है। मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले में भालू हमले की एक पीड़िता प्रेमबाई गोंड को उनके हालात देखते हुए राहत पहुंचाने के लिए स्वास्थ्य विभाग ने ऐसा मानवीय कदम उठाया, जिसकी पूरे क्षेत्र में व्यापक सराहना हो रही है। ग्राम चिडोला निवासी प्रेमबाई गोंड, जो पिछले वर्ष भालू के हमले में गंभीर रूप से घायल हो गई थीं, उनकी पीड़ा और परिस्थितियों को गंभीरता से लेते हुए जिला मेडिकल बोर्ड की टीम स्वयं पीड़िता के घर पहुंची और घर पर ही उनका स्वास्थ्य परीक्षण किया। मेडिकल बोर्ड द्वारा किए गए परीक्षण में प्रेमबाई गोंड में 55 प्रतिशत दिव्यांगता की पुष्टि की गई। इसके साथ ही दिव्यांगता प्रमाण पत्र जारी करने की प्रक्रिया भी प्रारंभ कर दी गई है, जिससे उन्हें वन विभाग से मिलने वाली सहायता राशि, बीमा लाभ एवं अन्य शासकीय सुविधाएं प्राप्त करने में आसानी होगी। जानकारी के अनुसार 20 जून 2025 को जंगल क्षेत्र में लकड़ी और अन्य वन उपज संग्रहण के दौरान प्रेमबाई गोंड पर अचानक भालू ने हमला कर दिया था। इस दर्दनाक घटना में उनकी एक आंख बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई, जिससे उनकी दृष्टि हमेशा के लिए चली गई।

सुशासन तिहार का हुआ आयोजन 1428 आवेदनों का हुआ निराकरण

❑ शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित हुए हितग्राही, मौके पर 1428 आवेदनों का किया गया निराकरण

रायपुर/नवप्रदेश। सुशासन तिहार 2026 के अंतर्गत बालोद जिले के गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम राहुद में गुरुवार को शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में ग्राम पंचायत राहुद सहित राहुद कलस्टर में शामिल आसपास के 18 ग्राम पंचायतों के ग्रामीणों को शासन के विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित किया गया।

इसके अंतर्गत गुण्डरदेही विधायक श्री कुंवर सिंह निषाद, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती तारणी पुष्पेन्द्र चंद्राकर, पूर्व विधायक श्री वीरेन्द्र साहू, जनपद अध्यक्ष श्री पुरूषोत्तम चंद्राकर, जनपद उपाध्यक्ष श्री नीतेश मोंटी यादव, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती कांति सोनेश्वर सहित अन्य जनप्रतिनिधि शामिल हुए। इस अवसर पर हितग्राहियों को कृषि विभाग अंतर्गत मृदा स्वास्थ्य कार्ड, मत्स्य पालन प्रसार योजना अंतर्गत जाल एवं आईस बॉक्स का वितरण किया गया। इसी तरह समाज कल्याण विभाग अंतर्गत श्रवण यंत्र एवं छड़ी, स्वामित्व योजना अंतर्गत अधिकार अभिलेख पत्र का वितरण किया गया।

सबसे दूर, सबसे पहले : नारायणपुर के 262 आदिवासी गांवों में पहुंचेगा विकास

❑ 'कलेक्टर ने कमान संभाली; 18 से 25 मई तक लगेंगे विशेष संतृप्तिकरण शिविर'

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के अंदरूनी और दूरस्थ अंचलों में बसे जनजातीय परिवारों के सशक्तिकरण और समग्र विकास के लिए नारायणपुर जिले में ÷सबसे दूर, सबसे पहले÷ की अनूठी थीम पर श्जनजाति गरिमा उत्सवश् जन भागीदारी अभियान की शुरुआत हो गई है। जिले के 262 जनजातीय बाहुल्य गाँवों को पूरी तरह संतृप्त (ैंजनतंजमक) करने के उद्देश्य से जिला स्तरीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें कलेक्टर ने अधिकारियों को मिशन मोड में काम करने के कड़े निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि इस अभियान का मुख्य ध्येय शासन की हर एक कल्याणकारी योजना का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाना है। इसके लिए ज़िला प्रशासन और नोडल अधिकारियों की टीम सीधे जमीनी स्तर पर मोर्चा संभालेगी। इस अभियान के तहत जिले के दुर्गम और दूरस्थ क्षेत्रों में विकास की रफ्तार तेज करने के लिए त्रिस्तरीय रणनीति तैयार की गई है। जिले के सभी 262 जनजातीय बाहुल्य गाँवों में विशेष जन भागीदारी शिविर लगाए जाएंगे। इसके अंतर्गत 255 गाँवों को कवर किया जाएगा, जहाँ श्आदि सेवा केंद्रोंश् के माध्यम से जनसुनवाई होगी और ग्रामीणों की समस्याओं का मौके पर ही त्वरित निराकरण किया जाएगा। विशेष रूप से पिछड़ी जनजातियों के विकास के लिए 204 गाँवों में पात्र हितग्राहियों को चिह्नित कर सीधे शासकीय योजनाओं से जोड़ा जाएगा।

ज्वेलर्स के पुत्र ने फांसी लगाकर की आत्महत्या, पुलिस जांच में जुटी

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी रायपुर के सदर बाजार इलाके में एक दर्दनाक घटना सामने आई है, जहां ज्वेलर्स अशोक पोद्दार के बेटे प्रवाल सोनी ने अपने घर में पंखे से लटककर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी मिलते ही पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। कोतवाली थाना पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गई है। जानकारी के अनुसार, यह घटना सदर बाजार स्थित मकान में हुई, जहां मृतक प्रवाल सोनी अपने पिता अशोक पोद्दार के साथ रहता था। बताया जा रहा है कि प्रवाल सोनी ज्वेलरी व्यवसाय से जुड़ा हुआ था और पारिवारिक दुकान का काम देखता था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और प्रारंभिक जांच शुरू कर दी है। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, परिवार में कुछ पुराने विवाद भी चल रहे थे, हालांकि आत्महत्या के पीछे के वास्तविक कारणों की पुष्टि अभी तक नहीं हो सकी है। पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच कर रही है। कोतवाली थाना पुलिस का कहना है कि मामले की जांच जारी है।

बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान के तहत महिलाओं को किया गया जागरूक

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश में संचालित बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ एवं बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत प्रदेश में लगातार जनजागरूकता गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी एवं जिला बाल संरक्षण अधिकारी के मार्गदर्शन में बाल विवाह रोकथाम, महिला सुरक्षा और बाल संरक्षण को लेकर व्यापक स्तर पर अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में 21 मई को मोहला-

मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिला के जिला बाल संरक्षण इकाई एवं चाइल्डलाइन की संयुक्त टीम द्वारा वैभव संकुल संगठन दनगढ़ में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं को पॉक्सो एक्ट एवं बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के प्रावधानों की विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। कार्यक्रम में बताया गया कि बाल विवाह बच्चों के अधिकारों का हनन करने के साथ ही उनके स्वास्थ्य, शिक्षा और भविष्य पर नकारात्मक प्रभाव डालता है। महिलाओं को जागरूक करते हुए बताया गया कि बालिकाओं की वैधानिक विवाह आयु 18 वर्ष तथा बालकों की 21 वर्ष पूर्ण होने के बाद ही विवाह किया जाना कानूनन मान्य है।

सर्वेक्षण अभियान: ज्ञानभारतम अभियान के तहत 11 महत्वपूर्ण पांडुलिपियों का हुआ डिजिटल दस्तावेजीकरण

धौरपुर पूर्व राजपरिवार में मिलीं दुर्लभ धार्मिक पांडुलिपियां

रायपुर/नवप्रदेश। सरगुजा जिले में संचालित ज्ञानभारतम पांडुलिपि सर्वेक्षण अभियान के अंतर्गत लगातार दुर्लभ एवं ऐतिहासिक पांडुलिपियां सामने आ रही हैं। जिले के विभिन्न क्षेत्रों से ताड़पत्रों पर लिखित रामायण, महाभारत, पुराण, तंत्र-मंत्र एवं साधना से जुड़ी महत्वपूर्ण पांडुलिपियों का संग्रह और दस्तावेजीकरण किया जा रहा है। इसी क्रम में धौरपुर के पूर्व राजपरिवार से 11 दुर्लभ धार्मिक एवं तांत्रिक पांडुलिपियां प्राप्त हुई हैं।

विशेष पांडुलिपियों की जानकारी मिलने पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं ज्ञानभारतम पांडुलिपि सर्वेक्षण अभियान की जिला स्तरीय समिति के नोडल अधिकारी श्री विनय अग्रवाल अंबिकापुर स्थित पांडुलिपि संरक्षक श्री मार्तण्ड सिंह देव के निवास पहुंचे। इस दौरान श्री मार्तण्ड सिंह देव के पुत्र श्री आदित्य सिंह देव ने पांडुलिपियों का विस्तृत परिचय दिया।

उन्होंने बताया कि कवि स्वर्गीय रामनाथ भट्ट ने महाराजा रघुनाथ शरण सिंह देव की आज्ञा से वर्ष 1959 में 62 पृष्ठों में अर्कसेल वंशावली की रचना की थी। इसके अतिरिक्त स्वर्गीय सूर्य प्रताप सिंह देव के निर्देश पर राजपुरोहित द्वारा वनदुर्गा महाविद्या (52 पृष्ठ), काली तंत्र (133

पृष्ठ) तथा तत्कालीन महाराजा के आदेश पर पंडित देवदत्त द्वारा यंत्र-मंत्र वशीकरण मंत्र (48 पृष्ठ) लिखे गए थे। अभियान के दौरान वर्ष 1842 में लिखित वनदुर्गा महामंत्र पांडुलिपि की जानकारी भी प्राप्त हुई। इसके अलावा नीलकंठ स्तोत्र, अदकाली तंत्र, महामोहन मंत्र, विष्णु सहस्त्रनाम रुद्रशाप विमोचन मंत्र तथा हनुमान स्तोत्र जैसी महत्वपूर्ण पांडुलिपियां भी संरक्षित मिली हैं। जिला पंचायत सीईओ श्री विनय अग्रवाल ने पांडुलिपियों के डिजिटल संरक्षण एवं अपलोडिंग प्रक्रिया का अवलोकन किया तथा स्वयं पोर्टल पर पांडुलिपियों को अपलोड किया। उन्होंने कहा कि प्राचीन ज्ञान परंपरा और सांस्कृतिक विरासत को सुरक्षित करने की दिशा में यह अभियान अत्यंत महत्वपूर्ण पहल है। पांडुलिपियां केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक नहीं, बल्कि हमारी ऐतिहासिक और सांस्कृतिक चेतना की अमूल्य धरोहर हैं, जिन्हें आने वाली पीढ़ियों के लिए संरक्षित रखना आवश्यक है।

एन्थ्रोपोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया, जगदलपुर से आए सरगुजा जिले के प्रभारी अधिकारी श्री हरनेक सिंह ने इन पांडुलिपियों को ऐतिहासिक और सांस्कृतिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण बताया। इस अवसर पर जिला समिति सदस्य श्री श्रीश मिश्र द्वारा सीतापुर से आए सर्वेक्षकों को पांडुलिपि अपलोड प्रक्रिया का प्रशिक्षण भी दिया गया। कार्यक्रम में ज्ञानभारतम जिला स्तरीय समिति सदस्य एवं संयुक्त कलेक्टर श्रीमती शारदा अग्रवाल तथा सर्वेक्षक श्री गौरव पाठक उपस्थित रहे।

सुविचार

आशा और विश्वास कभी गलत नहीं होते। यह हम पर निर्भर करता है कि हमने आशा किससे की और विश्वास किस पर किया।

भारत ने ढूंढा आपदा में अवसर

मिडिल ईस्ट में बिगड़ते हालातों के बीच एक ओर जहां दुनिया के कई देशों की अर्थव्यवस्था लडखड़ाने लगी है वहीं भारत ने इस आपदा की घड़ी में भी अपने लिए अवसर ढूंढ निकाला है। भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पांच दिवसीय विदेश यात्रा के दौरान 40 अरब डॉलर का निवेश जुटाकर दुनिया को यह संदेश दे दिया है कि आने वाली चुनौतियों से कैसे निपटा जाता है जो विपक्षी पार्टियां पीएम मोदी के विदेश दौरे का यह कहकर मजाक उडा रही थी कि एक ओर तो पीएम मोदी देशवासियों से विदेश न जाने की अपील कर रहे थे और खुद वे ही विदेश यात्रा पर चले गये हैं। इन विपक्षी दलों के मुंह पर चालीस अरब डॉलर का निवेश एक करारा तमाचा है। पीएम मोदी ने संयुक्त अरब अमीरात से समझौता कर पांच अरब डॉलर का निवेश जुटाया वहीं यूरोपीय देशों के दौरे के दौरान उन्होंने टेक्नोलॉजी, ग्रीन हाईड्रोजन और एआई जैसे क्षेत्रों में मिलकर काम करने के लिए पचास से अधिक बहुराष्ट्रीय कंपनियों के साथ समझौता किया। पीएम मोदी की यह विदेश यात्रा विपदा की इस घड़ी में भारतीय अर्थव्यवस्था को और मजबूती प्रदान करेगी। वैसे भी खाड़ी संकट के चलते भारत ही एक मात्र ऐसा देश है जहां इसका सबसे कम असर पड़ा है। अन्य देशों में तो पेट्रोल डीजल और रसोई गैस के दाम कई गुना बढ़ गये लेकिन भारत में सिर्फ 3 रूपये की मामूली वृद्धि ही की गई है। बहरहाल भारत के सामने भी आगे चलकर विकट स्थिति निर्मित हो सकती है इसलिए सरकार ने एहतियाती कदम उठाने शुरू कर दिये हैं। विदेश दौरे से लौटते ही पीएम मोदी ने मंत्री परिषद की आपात बैठक बुलाई और पश्चिम एशिया संकट को लेकर हर सतर पर तैयारी करने के निर्देश दिए उन्होंने सभी विभागों को अपने अनावश्यक खर्चों में कटौती को प्रभावी तरीके से लागू करने के लिए कहा तथा इस मामले में पूरी संवेदनशीलता और सर्तकता बरतने के लिए निर्देशित किया। बैठक में उन्होंने कहा कि इस संकट की घड़ी में भी भारत मजबूती के साथ खड़ा आगे बहुत सावधानी बरतने की आवश्यकता है। वास्तव में अब आगे देश को फूंक फुंक कदम रखना होगा तभ इस संकट से निपटने में हम सफल होंगे। भारत ने कोरोना काल के दौरान वैश्विक संकट के बीच अपनी अर्थव्यवस्था को बरकरार रखा था और पूरा देश उस संकट के दौर में एकजुट रहा था वैसी ही एकजुटता हमें फिर दिखानी होगी और सरकार के साथ ही हमें भी अपने अनावश्यक खर्चों में कटौती करनी होगी तभी भारत आने वाली चुनौतियों से निपटने में कामयाब हो पाएगा।

खाद संकट से निपटने प्रभावी पहल निहायत जरूरी

खाड़ी संकट के चलते देश के किसानों के सामने रसायनिक खादों का संकट खड़ा हो गया है। धान का कटोरा कहे जाने वाले छत्तीसगढ़ के किसानों को भी खाद संकट का सामना करना पड़ रहा है जिन्हें खाद के लिए भटकना पड़ रहा है इसलिए संकट से निपटने सरकार को प्रभावी पहल करनी होगी। इस दिशा में छत्तीसगढ़ की विष्णुदेव साय सरकार ने कड़े कदम उठाने शुरू भी कर दिये हैं जो स्वागत-ए-योग्य है। छत्तीसगढ़ में वैसे तो खाद की कमी तो है ही लेकिन वितरण व्यवस्था भी गड़बडा गई है इसे गंभीरता से लेते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने दो टूक शब्दों में चेतावनी दी है कि किसानों को समय पर समुचित खाद उपलब्ध कराई जाये और इसमें लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। खाद वितरण में गड़बड़ी की शिकायत पर उन्होंने कोरिया जिले में सुशासन तिहार के दौरान दो अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित करके साफ संदेश दे दिया है कि खाद वितरण व्यवस्था में लापरवाही बरतने वालों को कतई नहीं बख्शा जाएगा। प्रदेश के कृषि मंत्री राम विचार नेताम ने भी कहा है कि खाद अयात प्रभावित होने से किसानों को जो दिक्कत हो रही है उसे दूर करने के लिए किसानों के हित में खाद वितरण की नई व्यवस्था लागू की जा रही है और इस बारे में सरकार सजग है। सरकार को चाहिए कि इस नई व्यवस्था को सुचारू रूप से लागू करे ताकि किसानों को खासतौर पर छोटे और मझोले किसानों को राहत मिल सके। खाद की कालाबाजारी करने वालों के खिलाफ भी कड़ी कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। इस तरह की ही प्रभावी पहल से भी इस संकट से निपटा जा सकेगा।

सद्गुरू बोधामृतम्

सदगुरू ऋतेश्वर

जिसने सिक्के के एक पहलू को जाना और दूसरे को नहीं जाना वह काहे का ज्ञानी ! वह काहे को बुद्ध !परमात्मा ने भेजा तो सोचा था ऐसा घड़ा बनाकर भेज रहा हूं जिसमें अमश्त भरेगा पर अपनी बेवकूफी और नादानी के कारण जहर ही भरते गए। लाड हाइक मिली ही इस जीवन में घट रही घटना को देखने के लिए दो आयाम होते हैं। सिक्के के एक पहलू कभी नहीं होते; कभी केवल पूरब नहीं होता पश्चिम भी होता है, केवल आकाश नहीं होता पाताल भी होता है।

आज का इतिहास

नई दिल्ली(वार्ता)। 1848 - अमेरिका के राइट बंधुओं से भी पहले ग्लाइडर बनाकर इंसान को पहली बार उड़ना सिखाने वाले ओटो लिलिएनथाल का जन्म। 1901 - अमेरिकी सेनाओं ने फिलिपिनो के विद्रोही नेता एमिलियो एग्यूनाल्डो पर कब्ज़ा किया। 1915 - प्रथम विश्व युद्ध के समय इटली ने आस्ट्रिया, हंगरी तथा जर्मनी के खिलाफ़ युद्ध की घोषणा की थी। 1923 - बेल्जियम ने सेवना एयरलाइंस बनाया। 1926 - फ्रांस की सेना ने मोरक्को रायफ़्ल्स राजधानी पर कब्ज़ा किया।1945 - जर्मन तानाशाह हिटलर की यहूदी विरोधी खुफिया सेवा के प्रमुख हेनरिख हिमलर ने अंतरराष्ट्रीय संयुक्त सेनाओं की हिरासत में आत्महत्या की। 1949 - पश्चिम जर्मनी संविधान को अंगीकार करने के बाद औपचारिक रूप से अस्तित्व में आया। 1951 - चीन ने एक स्वायत्त क्षेत्र के रूप में तिब्बत पर कब्जा कर लिया। 1977 - बेनिन ने संविधान को अंगीकार किया। 1984 - बछेन्द्री पाल दुनिया की सबसे ऊंची चोटी एवरेस्ट को फ़तह करने वाली पहली भारतीय महिला बनी।

विचारधारा और चेहरे नहीं, मुफ्त की रेवड़िया जीत रही चुनाव

देश में मौजूदा राजनितिक दलों द्वारा चुनाव पूर्व एक से बढ़कर एक मुफ्त सुविधाओं की घोषणाओं का आकर्षण मतदाता को लगातार लुभा रहा हैं। मतदाता सियासी दलों की रेवड़ी संस्कृति से खासा प्रभावित दिखाई दे रहे हैं। यह मुफ्त की सुविधाएं देश के आमजन के लिए मतदान का मुख्य आधार बन गयी हैं। चुनाव में मुफ्त सुविधाओं का बढ़ता प्रचलन और मतदाताओं के मन में मुफ्त की रेवड़ियों के प्रति बढ़ते आकर्षण को देखकर कोई भी राजनैतिक पार्टी यह दावा करने की स्थिति में नहीं हैं, की चुनाव हमारी विचारधारा ने या फिर हमारे इस नेता के चेहरे के बल पर जीता गया हैं। क्योंकि जीत तो मुफ्त की सुविधाएं रही हैं।

नरेंद्र तिवारी
स्वतंत्र लेखक

मुफ्त की रेवड़ियों ने देश के आम नागरिक को निष्क्रिय, निकम्मा और अकर्मण्य बना दिया हैं। देश में मौजूदा राजनैतिक दल एनकेन प्रकारेन चुनावी रण में विजय होने के लिए अपनी विचारधारा सहित देश की जड़ो को कमजोर करने का काम कर रहे हैं। इस काम में कोई एक दल नहीं सब के सब लगे हुए हैं और लगातार बढ़ रहे हैं। दलों के नेता, कार्यकर्ता जीत का जश्न बना रहे हैं, वह अपने दल के नेताओं से मजबूती से यह कहने की स्थिति में नहीं हैं की मुफ्त की सुविधाओं के बढ़ते प्रचलन को रोका जाना चाहिए। भारत की राजनीति में मौजूद सभी दल बेरोजगारों, किसानों, गरीबों, दिव्यागो एव महिलाओं के नाम पर दी जाने वाली आर्थिक सहायताओं की घोषणा चुनाव पूर्व अपने घोषणा-पत्रों में करते हैं। चुनावी जीत के बाद इस पर अमल भी होता हैं, पूर्व चुनावों में की गयी घोषणाए राज्य और राष्ट्र के खजाने पर आर्थिक बोझ का महत्वपूर्ण कारण बन गयी हैं। राज्य सरकारें कर्ज लेकर हर माह किसानों, बेरोजगारों, महिलाओं को सहायता राशि प्रदान कर रही हैं। जबकि राजनैतिक दलों को देश के किसानों, बेरोजगारों, महिलाओं और गरीबों को आत्मनिर्भर बनाने के प्रयास करना चाहिए। जनकल्याण के नाम पर जनता को निष्क्रिय बनाती मुफ्त की रेवड़ियों का यह सिलसिला कहाँ जाकर रुकेगा इसे कौन रोकेगा कहना मुश्किल हैं। अभी हाल में पांच राज्यों के चुनावों पर आते हैं, जिसमे तमिलनाडु में टीवीके ने अभिनेता थालपति विजय के नैतृत्व में सबसे अधिक सीटे प्राप्त की और बहुमत भी सिद्ध किया। पार्टी टीवीके ने महिलाओं को कलाईनार मग उरमाई थिट्टम के तहत 2500 रु आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने की घोषणा की, जिसके तहत मई 2026 को 1000 रु सभी लाभार्थियों के खातों में भेज दी गयी। टीवीके ने मुफ्त गैस सिलेंडर, गरीब बेटियों की शादी, बेरोजगारों को आर्थिक सहायता देने का वायदा भी किया था। जबकि तमिलनाडु की पूर्ववर्ती एमके स्टालीन सरकार महिलाओं को कलाइगणार

मगलीर उरीमाई थोगईं योजना के तहत 1000 रु मासिक की आर्थिक सहायता दे रहे थी । टीवीके के द्वारा 1000 के स्थान पर 2500 का पैकेज अधिक आकर्षण वाला दिखाई दिया। तमिलनाडु में आकर्षक घोषणा-पत्र विजय रहा, जबकि टीवीके इस विजयी को अभिनेता थालपति विजय के चेहरे पर जितना बता रही हैं। बंगाल चुनाव जहां भाजपा ने टीएमसी को पराजित कर राज्य में पहली बार सरकार बनाई का दावा हैं की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा के कुशल संगठन ने बंगाल का किला फतह किया।

बंगाल में पूर्ववर्ती टीएमसी सरकार महिलाओं को लक्ष्मी भंडार योजना के तहत समान्य वर्ग की महिलाओं को 1500 एवं एससी, एसटी वर्ग की महिलाओ को 1700 रु मासिक आर्थिक सहायता प्रदान कर रही थी। भाजपा ने अपने संकल्प-पत्र में अन्नपूर्णा योजना के तहत 3000 रु मासिक राशि दिए जाने की बात कही पैकेज आकर्षक था। बंगाल में भाजपा विजय रही। यही बात केरल कांग्रेस नैतृत्व वाले युडीएफ ने इंदिरा ग्यारंटी के नाम पर महिलाओ के लिए मुफ्त परिवहन, बुजुर्गो के लिए सामजिक सुरक्षा की राशि 3000रु तक बढ़ाने सहित आकर्षक चुनावी घोषणा -पत्र मतदाताओं के आकर्षण का केंद्र रहा।

असम और पंडूचेरी के चुनाव में भी मुफ्त की सुविधाओं चुनाव जिताओ साबित हुई हैं। इन पांचो राज्यों में विजय का प्रमुख आधार विजयी दल के घोषणा-पत्र में उल्लेखित लुभाती मुफ्त की रेवड़िया रही हैं। मुफ्त की इन घोषणाओ के साथ धर्म, जाति, भाषा की राजनीति ने सहयोगी की भूमिका निभाई।

यह विकसित, प्रगतिशील और आत्मनिर्भर भारत के लिए विचारणीय प्रश्न हैं, की प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत 81.35 करोड़ लोगो को मुफ्त अनाज प्रदान किया जाता हैं। यह देश की कुल आबादी का करीब दो तिहाई हिस्सा हैं। राज्य और केंद्र द्वारा चुनाव जितने के लिए दी जाने वाली मुक्त सुविधाओं के वितरण का इतिहास बहुत पुराना हैं। इसमें कोई एक दल नहीं देश के मौजूदा सभी राजनैतिक दल समान रूप से उत्तरदायी हैं। मुफ्त की सुविधाओं (फ्रीबीज) या रेवड़ी कल्चर पर सुप्रीम कोर्ट ने भी चिंता जताई हैं।

अदालत का स्पष्ट मत हैं कि बिना सोचे-समझे सभी को मुफ्त चीजें बांटने से लोगो कि काम करने कि आदत खत्म होती हैं और देश के आर्थिक विकास पर बुरा असर पड़ता हैं। यदि सुबह से शाम तक जब सरकारें मुफ्त खाना, बिजली और अन्य सुविधाएं देंगी, तो लोग काम क्यों करेंगे। कुलमिलाकर राजनैतिक दलों द्वारा चुनाव जितने के नाम पर बढ़-चढ़कर मुफ्त सुविधाओं कि घोषणाए देश को आत्मनिर्भर बनाने कि दिशा में बड़ी बाधा बन गयी हैं। देश कि बड़ी आबादी आरामतलबी, निष्क्रिय और अकर्मण्य हो गयी हैं। राज्यों के खजाने खाली हैं। भारत कि मजबूती के लिए मुफ्त सुविधाओं कि इस घुड़दौड़ को रोकना होगा। आत्मनिर्भर भारत के लिए जरूरत हैं, सक्रिय मेहनती और कर्मशील हाथों कि जो पहाड़ों को खोदकर रास्ता बना ले, जो खेतों को जोत कर फसलों को लहलहा देवें, जो नदियों पर बाँध बनाकर नदियों का प्रवाह रोक दे, जो निर्माण कर सके। देश कर्मठता से बनता हैं, मुफ्त कि सुविधाएं देश कि आबादी को अकर्मण्य बना रही हैं। देश कि जनता, राजनैतिक दलों के नेता, कार्यकर्ता, सामजिक संगठनो के कार्यकर्ताओं को यह समझना चाहिए कि उन्नत, प्रगतिशील और आत्मनिर्भर भारत मुफ्त सुविधाओं के बल पर नहीं बनाया जा सकता हैं। इस पर राष्ट्रहित में सख्ती होनी चाहिए।

तेल संकट की आंच में झुलसती भारतीय अर्थव्यवस्था

महेन्द्र तिवारी
वरिष्ठ पत्रकार

पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और होर्मुज स्ट्रेट में पैदा हुए संकट ने पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्था को अस्थिर कर दिया है। अमेरिका और ईरान के बीच टकराव ने जिस तरह वैश्विक ऊर्जा बाजार को प्रभावित किया है, उसका असर अब केवल युद्ध क्षेत्र तक सीमित नहीं रहा। तेल और गैस की सप्लाई पर संकट गहराने से दुनिया भर के देशों की आर्थिक व्यवस्था दबाव में आ गई है। सबसे अधिक चिंता उन देशों को है जो अपनी ऊर्जा जरूरतों के लिए आयात पर निर्भर हैं। भारत भी उन्हीं देशों में शामिल है। भारत अपनी कुल जरूरत का लगभग 85 प्रतिशत कच्चा तेल विदेशों से खरीदता है। यही वजह है कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेल की कीमतें बढ़ते ही भारतीय अर्थव्यवस्था पर उसका सीधा असर दिखाई देने लगता है। हाल के दिनों में कई वैश्विक एजेंसियों और आर्थिक संस्थानों ने चेतावनी दी है कि यदि पश्चिम एशिया का तनाव लंबे समय तक जारी रहा तो भारत के लिए आर्थिक हालात मुश्किल हो सकते हैं। रेटिंग एजेंसी क्रिसिल ने अपनी रिपोर्ट ÷ऑयल्स नॉट वेल÷ में स्पष्ट कहा है कि वित्त वर्ष 2027 में भारत का तेल व्यापार घाटा खतरनाक स्तर तक पहुंच सकता है। रिपोर्ट के अनुसार भारत की बढ़ती आयात निर्भरता, कमजोर पड़ते पेट्रोलियम निर्यात और लगातार महंगे हो रहे कच्चे तेल के कारण बाहरी आर्थिक संतुलन बिगड़ने की आशंका है। क्रिसिल का अनुमान है कि वित्त वर्ष 2027 में ब्रेंट क्रूड की औसत कीमत 90 से 95 डॉलर प्रति बैरल के बीच रह सकती है, जबकि पिछले वित्त वर्ष में यह औसत लगभग 70.3 डॉलर प्रति बैरल था। यह अंतर अपने आप में बताता है कि भारत के आयात बिल पर कितना अतिरिक्त बोझ बढ़ने वाला है। भारत के सामने सबसे बड़ी समस्या यह है कि घरेलू उत्पादन लगातार मांग के मुकाबले बहुत कम है। पिछले एक दशक में भारत का तेल आयात तेजी से बढ़ा है। वित्त वर्ष 2014 में जहां भारत लगभग 190 मिलियन टन तेल आयात करता था, वहीं वित्त वर्ष 2026 तक यह आंकड़ा 300 मिलियन टन से ऊपर पहुंच गया। इसके उलट रिफाइंड पेट्रोलियम उत्पादों का निर्यात लगभग स्थिर बना रहा। कोविड काल के बाद थोड़ी तेजी जरूर आई, लेकिन पिछले दो वित्त वर्षों में निर्यात फिर कमजोर पड़ गया। इसका



मतलब यह है कि भारत लगातार ज्यादा तेल खरीद रहा है लेकिन उससे जुड़ी कमाई उसी अनुपात में नहीं बढ़ रही। यही वजह है कि व्यापार घाटा लगातार बढ़ता जा रहा है। तेल संकट का असर केवल आयात बिल तक सीमित नहीं रहता। इसका प्रभाव देश की पूरी अर्थव्यवस्था पर पड़ता है। तेल महंगा होने से परिवहन लागत बढ़ती है। माल ढुलाई महंगी होती है। उद्योगों का उत्पादन खर्च बढ़ता है। बिजली उत्पादन पर असर पड़ता है। इसका सीधा असर खाद्य पदार्थों और रोजमर्रा की वस्तुओं की कीमतों पर दिखाई देता है। महंगाई बढ़ने लगती है और आम आदमी की जेब पर बोझ बढ़ जाता है। यही कारण है कि आर्थिक विशेषज्ञों ने वित्त वर्ष 2027 में भारत में महंगाई दर 5 प्रतिशत से ऊपर जाने की आशंका जताई है। जब महंगाई बढ़ती है तो रिजर्व बैंक पर ब्याज दरें ऊंची रखने का दबाव बढ़ जाता है और इसका असर निवेश तथा रोजगार पर भी पड़ता है। भारत की विकास दर पर भी इसका नकारात्मक असर पड़ सकता है। कई अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों ने भारत की जीडीपी वृद्धि दर के अनुमान में कटौती की है। पहले जहां मजबूत विकास की उम्मीद जताई जा रही थी, वहीं अब वैश्विक ऊर्जा संकट के कारण विकास दर कमजोर पड़ने की आशंका बढ़ गई है। महंगा तेल उद्योगों की लागत बढ़ा देता है और उपभोक्ताओं की क्रय क्षमता घटा देता है। इससे बाजार की मांग कमजोर होती है और आर्थिक गतिविधियां धीमी पड़ जाती हैं। अगर लंबे समय तक तेल की कीमतें ऊंची बनी रहीं तो सरकार के लिए विकास और महंगाई के बीच संतुलन बनाना कठिन हो जाएगा। भारत के चालू खाता घाटे पर भी इसका गहरा असर पड़ सकता है। क्रिसिल ने अनुमान लगाया है कि वित्त वर्ष 2027 में भारत का चालू खाता घाटा जीडीपी के 2.2 प्रतिशत तक पहुंच सकता है, जबकि पिछले वित्त वर्ष में यह लगभग 0.8 प्रतिशत था। चालू खाता घाटा बढ़ने का अर्थ यह है कि देश से विदेशी मुद्रा का बहिर्गमन तेजी से बढ़ रहा है। इससे रुपये पर दबाव बढ़ता है और विदेशी निवेशकों का भरोसा भी प्रभावित हो सकता है। यदि डॉलर के मुकाबले रुपया और कमजोर होता है तो आयात और महंगा हो जाएगा, जिससे महंगाई का संकट और गहरा सकता है। एक और चिंता पश्चिम एशिया से आने वाली भारतीयों की कमाई को लेकर भी है। खाड़ी देशों में बड़ी संख्या में भारतीय काम करते हैं और वहां से भारत को हर साल भारी मात्रा में विदेशी मुद्रा मिलती है। यदि पश्चिम एशिया की अर्थव्यवस्थाएं युद्ध और तेल संकट से प्रभावित होती हैं तो वहां रोजगार और आय पर असर पड़ सकता है। इसका सीधा असर भारत आने वाली विदेशी मुद्रा पर पड़ेगा। इससे भारत की बाहरी आर्थिक स्थिति और कमजोर हो सकती है। हालांकि भारत सरकार स्थिति से निपटने के लिए कई प्रयास कर रही है। रूस, अमेरिका और अफ्रीकी देशों से तेल खरीद बढ़ाने की कोशिश की जा रही है। रणनीतिक तेल भंडार को मजबूत करने पर भी ध्यान दिया जा रहा है। साथ ही नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में निवेश बढ़ाने की नीति अपनाई जा रही है ताकि भविष्य में आयात पर निर्भरता कम की जा सके। लेकिन यह बदलाव तुरंत संभव नहीं है। वर्तमान समय में भारत अभी भी वैश्विक तेल बाजार की उठापटक से पूरी तरह सुरक्षित नहीं है। स्पष्ट है कि पश्चिम एशिया का यह संकट केवल भू राजनीतिक संघर्ष नहीं रह गया है बल्कि यह दुनिया की अर्थव्यवस्था के लिए गंभीर खतरा बन चुका है। भारत जैसे विकासशील देशों के सामने सबसे बड़ी चुनौती यह है कि वे ऊर्जा सुरक्षा, महंगाई नियंत्रण और आर्थिक विकास के बीच संतुलन कैसे बनाए रखें। यदि हालात जल्दी नहीं सुधरे तो आने वाले समय में भारतीय अर्थव्यवस्था को और कठिन चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है।

पाठकों की बात — पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

तवाफ़-ए-रश्क यूँ बिखरा हुआ है कि इंसा खुद में खुद सिमटा हुआ है। न सुलझा पाऊँगा उलझन तुम्हारी सुनो दिल तुममें जो उलझा हुआ है। परेशाँ देख कर तुमको परेशाँ तुम्हें किस बात पर शिकवा हुआ है। करेंगे ख़्वाब भी शिरकत भला क्यों तुम्हारी याद का पहरा हुआ है। छुडा दामन कहा था अलविदा जब वो पलछिन क्यों लगे ठहरा हुआ। लबालब था जो उम्मीदों का दरिया "तनुज" वो आजकल सहरा हुआ है।
– सतीश मैथिल तनुज

मोदी जी ने मेलोनी को मेलोडी दी... वो भी पूरा पैकेट ये ही ठीक हैं, यहाँ तो कोई एक ऑरेंज कैंडी तक का नहीं पूछता.. और तस्वीर अपलोड कर रहे हैं, रील बना रहे हैं...कोई डर नहीं दुनिया का.... अस्ल रिश्ता तो ऐसा ही होना चाहिए.... **– ममता लड़ीवाल**

जब सारी विपक्ष की पार्टी मिलकर भी मोदीजी से लड़ नहीं पाई, जनता के दिल में उनकी मोहब्बत को खत्म नहीं कर पाई तो किसी नॉर्वे की पत्रकार में और यूके के कॉकरोच में उन्हें अपना मसीहा नजर आने लगा। अब यही दो इन्हें सरकार बनाने मदद करेंगे। बेवकूफको सभी बेवकूफनजर आते हैं।
– अनु नेवटिया

जो विष दिया ज़माने ने वो पी रहा हूँ मैं। अपनों से मिले जख्मों को भी सी रहा हूँ मैं। जिस दौर-ए-बदतरीन में जीना मुहाल हो, बदलेंगे हाल सोच के ये जी रहा हूँ मैं।
– हरिवल्लभ शर्मा 'हरि'

सामाजिक व्यवस्था, परंपराओं, रिवाजों, चलन.. जैसे बातों का हमेशा माला जपने वाले लोग ही, गुपचुप रूप से इसकी सबसे ज्यादा धज्जियाँ उड़ाते पाए जाते हैं, जिसमें एक शादी तक शुचिता और शादी के बाद जीवनसाथी के प्रति समर्पण वाला प्वाइंट भी शामिल है। वो कहते हैं न, बात बड़े और दर्शन....
– मीनाक्षी सिंह

तेरी आँखों को पढ़कर फ़साना लिख दिया, तेरे हर दर्द को अपना ठिकाना लिख दिया तू परेशान न हो अब हाल-ए-दिल से मेरे, मैंने तुझे अपनी रूह का पैमाना लिख दिया तेरे नाम से ही शुरू होती है मेरी हर सुबह, तेरे बिन हर शाम वीराना लिख दिया तू जो पहचान है मेरे इश्क़ की.... मैंने तुझे अपना ज़माना लिख दिया.... **– नीरज वर्मा नीर**

मैं क्या मुझमें है क्या, ये जानता नहीं, समक्ष खड़े हैं ज्ञान विद् मैं मानता नहीं, अहंकार की धार ही बह रही है रगो में, स्व से सर्व जगत में किसी को देखता नहीं,, भूल भोजन धरा पर है मैं उड़ता गया, हर अनजाने राह पर बस मैं मुड़ता गया, स्वदृष्टा का अहं यही ये- बस मैं ही मैं हूँ, कि मुझसे उच्चतम है कोई मैं सोचता नहीं,, मैंने क्षणिक वैभव सर्वोपरि रखकर की- बड़ी भूल साक्षात हो स्व को देखाता नहीं,, लेखन पर। **– ललित उपाध्याय**

राशि फल

पं. देवव्रत शर्मा

मेष राशिः आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। आपका सोचा हुआ काम पूरा हो जायेगा। इस राशि के छात्रों के करियर में आज नया बदलाव आयेगा। जो उनके भविष्य के लिए फायदेमंद होगा।

वृष राशिः आज आपका दिन पहले की अपेक्षा अच्छा रहेगा। सामाजिक क्षेत्र में आपकी सक्रियता बढ़ सकती है। किसी काम में आपको सकारात्मक परिणाम मिल सकता है।

मिथुन राशिः आज आपका दिन मिला-जुला अनुभव देने वाला रहेगा। आपको काम में किसी अनुभवी व्यक्ति से मदद मिल सकती है। परिवार के साथ मूवी का प्लान बना सकते हैं।

कर्क राशिः आज आपका दिन अच्छा रहेगा। अपना लक्ष्य निर्धारित करने के लिए आप नई योजना बना सकते हैं।

सिंह राशिः आज आपका दिन शानदार रहेगा। बच्चों द्वारा आज शुभ समाचार मिलने से घर में खुशी का माहौल रहेगा। साथ ही पिछले कुछ समय से चल रही किसी दुविधा का भी समाधान निकलेगा।

कन्या राशिः आज आपका दिन आपके लिए सामान्य रहेगा। आपको अपने सोच और व्यवहार को संतुलित रखने का प्रयास करें। आज किसी अनजान व्यक्ति पर ज्यादा भरोसा करने से आपको बचना चाहिए।

तुला राशिः आज आपका दिन खुशियों से भरा रहेगा। ऑफिस में सभी के साथ तालमेल अच्छा रहेगा। अचानक नए स्रोतों से हुआ धन लाभ आपकी आर्थिक स्थिति को संतुलित कर देगा।

वृश्चिक राशिः आज आपका दिन ठीक-ठाक रहेगा। ऑफिस के काम में आप बिजी हो सकते हैं। किसी मुद्दे को लेकर आप अपनी बात दूसरों के सामने रख सकते हैं, जिसका प्रभाव कुछ लोगों पर साफ दिखेगा।

धनु राशिः आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। पारिवारिक रिश्ते मजबूत होंगे। थोड़ी-सी मेहनत करके आप अपने उद्देश्यों को आसानी से प्राप्त कर सकते हैं।

मकर राशिः आज का दिन बढ़िया रहेगा। आज किसी भी काम को करने से पहले उससे संबंधित जानकारी हासिल करने से ज्यादा सफलता मिलेगी।

कुंभ राशिः आज आपका दिन अनुकूल रहेगा। किसी खास काम में आपको फायदा मिल सकता है। भाई-बहन के साथ आपके रिश्ते बेहतर होंगे। जीवनसाथी आपकी बात से प्रभावित हो सकते हैं। बिजनेस के मामलों में दिन अच्छा हो सकता है।

मीन राशिः मीन राशि वालों आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। परिवार वालों के साथ धार्मिक स्थल पर दर्शन के लिए जायेंगे। आपके मित्रों की संख्या में बढ़ोतरी हो सकती है। आर्थिक रूप से आपको लाभ की प्राप्ति होगी।

QUIZ TIME

Ramaquiz

1) राष्ट्रीय सुरक्षित मातृत्व दिवस किसके जन्म दिवस के अवसर पर मनाया जाता है?

2) शून्य का वर्ग क्या होता है?

3) भारत में नेशनल बर्ड डे हर साल किस दिन मनाया जाता है?

4) प्रोजेक्ट डॉल्फिन किस केंद्रीय मंत्रालय की पहल है?

5) एशियन इंडोर एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2026 में पुरुष हेप्टाथलॉन इवेंट का स्वर्ण पदक किसने जीता?

उत्तरमाला- (1) कस्तूरबा गांधी (2) शून्य (3) 5 जनवरी (4) पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय (5) तेजस्विन शंकर

पहेली

शब्द सामर्थ्य -046

न्यूज गैलरी

एक ही परिवार के 4 सदस्यों के निधन पर मंत्री गजेंद्र यादव ने जताया शोक

दुर्ग। आर्य नगर क्षेत्र में एक ही परिवार के चार सदस्यों के असामयिक निधन का समाचार मिलने पर केबिनेट मंत्री गजेन्द्र यादव पीड़ित परिवार के निवास पहुंचे और शोकाकुल परिजनों से मुलाकात कर उन्हें सांत्वना दी। मोहन नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत आर्य नगर पहुंचकर मंत्री यादव ने परिवारजनों से चर्चा की और इस कठिन समय में हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया। उन्होंने दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि यह घटना अत्यंत पीड़ादायक और हृदय विदारक है। मंत्री यादव ने ईश्वर से प्रार्थना करते हुए दिवंगत आत्माओं की शांति एवं शोक संतप्त परिवार को इस अपार दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की कामना की। उन्होंने कहा कि दुःख की इस घड़ी में पूरा समाज और शासन-प्रशासन पीड़ित परिवार के साथ खड़ा है।

नौकरी का झांसा देकर 7.50 लाख ठगे

भिलाई। युवक को नौकरी का झांसा देकर 7 लाख 50 हजार रुपए की ठगी करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस में दर्ज शिकायत के अनुसार आरोपी अमनदीप सोढ़ी ने तालपुरी निवासी राजेंद्र बंछोर के बेटे को नौकरी दिलाने का झांसा दिया था। काफी समय तक नौकरी न लगने और रकम वापस न मिलने पर राजेंद्र ने भिलाई नगर थाने में शिकायत दर्ज कराई। अमनदीप धनोरा क्षेत्र में छत्तीसगढ़ कॉलेज के पास रहता है। राजेंद्र बंछोर ने पुलिस को बताया कि अमनदीप सोढ़ी (36) से उनका परिचय है। अमनदीप ने उनके बेटे को अच्छी नौकरी दिलाने का भरोसा दिया था। आरोपी ने छह महीने के भीतर नियुक्ति पत्र मिलने का भरोसा दिया। इसी भरोसे में आकर उन्होंने 10 जुलाई 2022 से लेकर वर्ष 2024 के बीच आरोपी अमनदीप को रकम दी। कुल मिलाकर 7 लाख 50 हजार रुपए नकद दिए गए। शुरुआत में आरोपी लगातार भरोसा दिलाता रहा कि नौकरी की प्रक्रिया चल रही है और जल्द ही नियुक्ति हो जाएगी। लेकिन समय बीतता गया और युवक को कोई नौकरी नहीं मिली।

बाल संप्रेषण गृह के 6 बच्चे परीक्षा में पास

दुर्ग। बाल संप्रेषण गृह दुर्ग में निवासरत बालकों को कक्षा 7 वीं, 10 वीं, 11 वीं और 12 वीं की परीक्षा में सफलता मिली है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दुर्ग के मार्गदर्शन में बच्चों को अध्ययन सामग्री और शिक्षकों की समुचित व्यवस्था उपलब्ध कराई गई थी। कठिन पारिवारिक, सामाजिक व मानसिक परिस्थितियों के बावजूद बच्चों ने निरंतर अध्ययन जारी रखा। परीक्षा की तिथि निकट आने पर बालकों को परीक्षा में सम्मिलित होने की अनुमति हेतु आवेदन किशोर न्याय बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत किया गया था। किशोर न्याय बोर्ड द्वारा बच्चों के शैक्षणिक हितों को ध्यान में रखते हुए परीक्षा में सम्मिलित होने 7 बच्चों को अनुमति दी गई थी, जिसमें से 6 बच्चों ने परीक्षा उत्तीर्ण की। बच्चों की इस उपलब्धि से संस्था में हर्ष और उत्साह है।

सोना बेवरेजेस प्राइवेट लिमिटेड ग्रोथ सेंटर रसमड़ा संरक्षित क्षेत्र घोषित

दुर्ग। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अभिजीत सिंह ने छ.ग. राज्य सुरक्षा अधिनियम की धारा 26(1)(2) के अंतर्गत राज्य सरकार द्वारा जिला मजिस्ट्रेट को दी गई अधिकारिता के तहत सोना बेवरेजेस प्राइवेट लिमिटेड ग्रोथ सेंटर रसमड़ा जिला दुर्ग को एक वर्ष की अवधि के लिए संरक्षित क्षेत्र घोषित किया है। संरक्षित क्षेत्र में विधि द्वारा अधिकृत व्यक्तियों और आवेदक द्वारा प्रवेश के लिए अधिकृत व्यक्तियों को छोड़कर अन्य व्यक्तियों का प्रवेश प्रतिषिद्ध रहेगा। यह आदेश जारी होने की तिथि से एक वर्ष या अन्य आदेश तक के लिए, जो भी पहले हो तक की अवधि के लिए लागू रहेगा। इस आदेश में जिला मजिस्ट्रेट द्वारा आवश्यकतानुसार परिवर्तन होगा।

जिला स्तरीय औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा समीक्षा बैठक में बीएसपी की सहभागिता

भिलाई। जिले एवं आसपास स्थित उद्योगों में लागू स्वास्थ्य एवं सुरक्षा उपायों की समीक्षा हेतु महात्मा गांधी कलामंदिर में जिला स्तरीय बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता कलेक्टर अभिजीत सिंह ने की तथा कार्यक्रम का समन्वयन उप संचालक (औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा), दुर्ग) मनीष कुंजाम द्वारा किया गया। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल उपस्थित रहे। भिलाई इस्पात संयंत्र का प्रतिनिधित्व कार्यकारी मुख्य महाप्रबंधक (सेवाएं) पीआर भल्ला ने किया। बैठक में संयंत्र सहित विभिन्न निजी उद्योगों के फैक्ट्री प्रबंधक एवं सुरक्षा अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान उप संचालक (औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा), मनीष कुंजाम द्वारा बैठक के उद्देश्य, विभिन्न औद्योगिक सुरक्षा आंकड़ों एवं भावी कार्ययोजना की जानकारी प्रस्तुत की गई। बीएसपी द्वारा संयंत्र में लागू स्वास्थ्य एवं सुरक्षा उपायों पर विस्तृत प्रस्तुति दी गई। इस दौरान महाप्रबंधक प्रभारी (सुरक्षा अभियांत्रिकी विभाग) संजय अग्रवाल, मुख्य अग्निशमन अधिकारी बीके महापात्रा तथा महाप्रबंधक (ऊर्जा प्रबंधन विभाग) सुब्रमणियन रमणी ने स्वास्थ्य, अग्नि सुरक्षा एवं ऊर्जा प्रबंधन से संबंधित व्यवस्थाओं एवं सुरक्षा उपायों की जानकारी साझा की। कार्यक्रम में एनएसपीसीएल भिलाई से तापस मोहिनी एवं अदाणी सीमेंट, जामुल से विश्वकर्मा ने प्रस्तुतियाँ दी।

आजीवन कारावास की सजा मिलने पर ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी बर्खास्त

■ नैतिक पतन और गंभीर कदाचरण के मामले में संयुक्त संचालक कृषि ने जारी किया तत्काल प्रभाव से बर्खास्तगी का आदेश

दुर्ग/नवप्रदेश। विशेष न्यायालय (एससी/एसटी अत्याचार निवारण अधिनियम) रायपुर द्वारा गंभीर आपराधिक प्रकरण में आजीवन कारावास की सजा सुनाए जाने के बाद ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी देव नारायण साहू को बर्खास्त कर दिया गया है। संभागीय संयुक्त संचालक कृषि, संभाग दुर्ग गोपिका गभेल ने त्वरित शासकीय प्रक्रिया के तहत गंभीर कदाचरण के दोषी तत्काल प्रभाव से शासकीय सेवा से बर्खास्त करने के आदेश जारी किये।

शासन के नियमों के तहत नौकरी से निष्कासित किए जाने के बाद अब वे भविष्य में किसी भी सरकारी नौकरी के लिए पूरी तरह से अयोग्य होंगे। दोषसिद्धि की तिथि से उन्हें किसी भी प्रकार के शासकीय सेवा परिलाभों की पात्रता नहीं होगी।

विकासखण्ड मानपुर, जिला मोहला-मानपुर-अं. चौकी के क्षेत्र सीतागांव में पदस्थ रहे ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी देवनारायण साहू, पिता रोहित साहू के विरुद्ध नगर पुलिस अधीक्षक माना, जिला रायपुर द्वारा भारतीय न्याय संहिता, 2023 एवं अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 की विभिन्न संगीन धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज किया गया था। इस मामले में 8 जनवरी 2026 को गिरफ्तार किया गया। इस मामले में उन्हें पूर्व में उप संचालक कृषि, जिला मोहला-मानपुर-अं.चौकी द्वारा तत्काल प्रभाव से निलंबित भी किया गया था।

इस गंभीर आपराधिक मामले में अंतिम फैसला सुनाते हुए विशेष न्यायाधीश, एससी/एसटी एक्ट रायपुर द्वारा 2 मई 2026 को देवनारायण साहू को भारतीय न्याय संहिता की धारा 64(2)(ड), धारा 69 और एससी/एसटी अधिनियम की धारा 3(2)(ट) के तहत दोषी पाते हुए 10-10 वर्ष के कठोर कारावास और एससी/एसटी एक्ट के तहत आजीवन कारावास सहित अर्थदंड से दंडित किया गया है।

न्यायालय द्वारा कर्मचारी को गंभीर अपराधों में दोषसिद्ध पाए जाने के बाद विभाग द्वारा यह कठोर प्रशासनिक कार्रवाई की गई है।

संयुक्त संचालक कृषि द्वारा जारी आदेश में स्पष्ट किया गया है कि कर्मचारी का उक्त कृत्य छत्तीसगढ़ सिविल सेवा आचरण नियम, 1965 के नियम 3 (1) के अंतर्गत अत्यंत गंभीर कदाचरण और नैतिक पतन की परिधि में आता है, जिससे उनका शासकीय सेवा में बने रहना सर्वथा अशोभनीय हो गया है।

इस मामले में हुई सजा

आरोपी देवनारायण साहू ने प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी के दौरान कॉलेज फ्रेंड से दोस्ती की थी। देवनारायण ने कई सालों तक अफेयर के दौरान उसे शादी का झांसा देते हुए शारीरिक संबंध बनाए।

2024 में देवनारायण की सरकारी नौकरी लगने पर उसने युवती को 'नीची जाति' की बताते हुए शादी करने से मना कर दिया। 2 मई को इस केस में रायपुर की स्पेशल कोर्ट ने आरोपी को एससी-एसटी एक्ट समेत कई धाराओं में दोषी माना और उसे आजीवन कारावास की सजा सुनाई। पीड़िता बिलासपुर जिले की निवासी है और देवनारायण साहू के साथ जगदलपुर के एग्रीकल्चर कॉलेज में साथ पढ़ती थी। बाद में दोनों रायपुर में एग्रीकल्चर कोचिंग ज्वाइन की। इसी दौरान आरोपी ने युवती को प्रपोज किया। पीड़िता ने शुरुआत में रिलेशनशिप से मना कर दिया था, क्योंकि दोनों की जाति अलग थी और उसे शादी होने की उम्मीद नहीं थी। लेकिन आरोपी ने भरोसा दिलाया, नौकरी लगने के बाद शादी करेगा।

प्री-मानसून सर्वे: जलदूत एप में दर्ज होगा गांवों का भूजल डेटा

■ सूखे कुओं का भी होगा सर्वे, जलदूत एप में जोड़ा गया नया पैरामीटर

■ बोरवेल के वाटर लेवल की भी होगी जांच, 25 मई से 15 जून तक चलेगा विशेष अभियान

दुर्ग/नवप्रदेश। भीषण गर्मी और लगातार गिरते भूजल स्तर को देखते हुए जिले में अब गांवों के कुओं और बोरवेल की जल स्थिति का वैज्ञानिक सर्वे किया जाएगा। ग्रामीण विकास मंत्रालय के निर्देशानुसार जिले की सभी ग्राम पंचायतों में 25 मई से 15 जून तक जलदूत मोबाइल एप के माध्यम से विशेष प्री-मानसून भूजल सर्वे अभियान संचालित किया जाएगा। अभियान के तहत चयनित खुले कुओं और बोरवेल में उपलब्ध पानी की गहराई मापकर उसका डिजिटल डेटा ऑनलाइन एप में दर्ज किया जाएगा।

जिला प्रशासन द्वारा तकनीकी अमले को निर्देशित किया गया है कि ग्राम पंचायतों में जलदूत एप के माध्यम से बोरवेल के वाटर लेवल की भी जांच सुनिश्चित की जाए। सर्वे के दौरान जलस्तर मापन की प्रक्रिया पूरी तरह वैज्ञानिक तरीके से की जाएगी, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में भूजल की वास्तविक स्थिति का सटीक आंकलन हो सके। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में भूजल की उपलब्धता, जलस्तर में गिरावट और जल संकट की संभावित स्थिति का आकलन करना है। जलदूत एप के माध्यम से एकत्र किए गए आंकड़ों के आधार पर भविष्य में जल संरक्षण संरचनाओं की योजना, वर्षा जल संचयन कार्यों की प्राथमिकता तय करने और जल संकट वाले क्षेत्रों की पहचान करने में सहायता मिलेगी।

जिला पंचायत के सीईओ बजरंग दुबे ने बताया कि ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा जारी गाइडलाइन के अनुसार इस बार भूजल स्तर मापन की प्रक्रिया को अधिक वैज्ञानिक और एकरूप बनाया गया है। सभी ग्राम पंचायतों को निर्देश दिए गए हैं कि कुओं की माप केवल मेजरिंग टेप के माध्यम से ही की जाए, ताकि आंकड़ों की शुद्धता और विश्वसनीयता बनी रहे। सूखे कुओं के जलस्तर के स्थान पर कुएं की कुल गहराई दर्ज की जाएगी।

मंत्रालय ने प्री-मानसून 2026 सर्वे में कुएं की कुल गहराई नामक नया पैरामीटर जलदूत मोबाइल एप में जोड़ा है। इससे भूजल संरचना, जल उपलब्धता और जलस्तर में होने वाले बदलावों का अधिक विस्तृत विश्लेषण किया जा सकेगा।

अभियान के तहत वर्ष में दो बार डेटा संग्रह किया जाएगा। पहली बार बारिश पूर्व यानी प्री-मानसून अवधि में और दूसरी बार बारिश के बाद पोस्ट-मानसून अवधि में कुओं का जलस्तर मापा जाएगा। इससे वर्षा के बाद भूजल स्तर में हुए सुधार का तुलनात्मक अध्ययन भी संभव हो सकेगा। जिला प्रशासन ने सभी जनपद पंचायतों और ग्राम पंचायतों को अभियान की तैयारी समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं।

पुराना गंज मंडी में आज सुशासन तिहार जनसमस्या निवारण शिविर

दुर्ग/नवप्रदेश। नगर निगम दुर्ग द्वारा 23 मई शनिवार को पुराना गंज मंडी में सुशासन तिहार शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर में वार्ड 25 से 38 और वार्ड 55 के नागरिक अपनी समस्याओं और मांगों से संबंधित आवेदन दे सकते हैं। नगर निगम प्रशासन ने संबंधित वार्डों के नागरिकों से शिविर में पहुंचकर समस्याओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत कर शासन की जनहितकारी योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की है।

राष्ट्रीय हिमालयन ट्रैकिंग में ऋषिकांत बने कैंप लीडर

भिलाई/नवप्रदेश। यूथ हॉस्टल्स एसोसिएशन ऑफ इण्डिया (वाईएचएआई) नई दिल्ली द्वारा हिमाचल प्रदेश में आयोजित नेशनल हिमालयन ट्रैकिंग कैंप के अन्तर्गत फुलारा रिज 2026 के लिए ऋषिकांत तिवारी ने कैंप लीडर का दायित्व निभाया। दुर्ग जिला अधिवक्ता संघ दुर्ग के पूर्व उपाध्यक्ष व यूथ हॉस्टल्स एसोसिएशन ऑफ इण्डिया दुर्ग-भिलाई इकाई के प्रेसिडेंट तिवारी ने समुद्र तल से लगभग 13000 फीट की ऊँचाई पर हिमालय के पर्वतों में 21 दिनों तक कैंप लीडर के रूप में अपने साहसिक दायित्वों का निर्वहन किया। कैंप के अन्तर्गत फुलारा रिज 2026 में देश के लगभग 250 ट्रेकर्स ने भाग लिया। वाईएचएआई छग सचिव के. सुब्रमण्यम ने बताया कि तिवारी ने कैम्प लीडर के रूप में ट्रेकिंग कैंप में देश के सभी राज्यों से भाग लेने वाले प्रतिभागियों के मार्गदर्शन व प्रशिक्षण हेतु 25 अप्रैल को उत्तराखंड में बेस कैम्प सांकरी तहसील मोरी जिला उत्तरकाशी पहुंचे। सेवकाश बेस कैंप से ट्रैकिंग करते हुए जुड़ा का तालाब, भोजगढ़ी और पुस्तारा जैसे देवभूमि के हिमशिखरों व वादियों में चढ़ाई करते हुए ट्रैकिंग की गई। ऋषिकांत की उपलब्धि पर जिला अधिवक्ता संघ अध्यक्ष रमेश शर्मा, छत्तीसगढ़ राज्य अधिवक्ता परिषद के सदस्य पूर्व उपाध्यक्ष संतोष वर्मा, जिला अधिवक्ता संघ के सचिव रविशंकर सिंह, उपाध्यक्ष प्रशांत जोशी ने बधाई दी।

भाजयुमो ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी का फूंका पुतला

■ वैश्विक मंच पर भारत का मान बढ़ाने वाले प्रधानमंत्री के खिलाफअपमानजनक भाषा का प्रयोग घोर निंदनीय: सुरेंद्र कौशिक

दुर्ग/नवप्रदेश। कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा पीएम नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह को गद्दार कहे जाने के विरोध में भाजयुमो ने आज विरोध प्रदर्शन किया। भाजयुमो के प्रदेश नेतृत्व के निर्देश और जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक के मार्गदर्शन में युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष हिमांशु सिंह के नेतृत्व में पटेल चौक पर राहुल गांधी का पुतला दहन किया गया। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष मनोज सोनी, राजीव पांडेय, सह कोषाध्यक्ष ध्रुव सचदेव, युवा मोर्चा जिला महामंत्री अनिकेत यादव, आरूणी दानी उपस्थित रहे।

भाजपा जिलाध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक ने कहा कि राहुल गांधी और उनकी पार्टी लगातार देश की संवैधानिक व लोकतांत्रिक संस्थाओं, प्रक्रियाओं और मर्यादाओं का ओछी जुबान से विरोध कर रही है। देश की जनता द्वारा पूर्ण बहुमत से चुने गए प्रधानमंत्री और गृह मंत्री के खिलाफ इस तरह की घटिया और अपमानजनक भाषा का प्रयोग कर राहुल गांधी ने न केवल पद की गरिमा को ठेस पहुँचाई है, बल्कि देश के लोकतंत्र और जनमत का भी घोर अपमान किया है। राहुल गांधी भूल चुके हैं कि आज समूचा देश ही नहीं, बल्कि पूरा वैश्विक मंच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व के समर्थन में खड़ा है। विश्वभर में भारत का डंका बज रहा है, लेकिन कांग्रेस और उनके नेताओं को देश की यह प्रगति और लोकप्रियता पच नहीं रही है। लगातार मिल रही राजनीतिक शिकस्त से बौखलाए राहुल गांधी अपनी खोई जमीन बचाने के लिए अभद्र भाषा का सहारा ले रहे हैं। पुतला दहन के दौरान जिला मीडिया प्रभारी राजा महोबिया, रजनीश श्रीवास्तव, अविनाश राजपूत, जितेंद्र सिंह राजपूत, उमेश गिरी, महेंद्र चोपड़ा, कौशल साहू, बंटी चौहान, मनीष पुनावा, श्वेता यादव, शिशिर राठौर, उत्कर्ष साहू, उमंग ताम्रकार, हर्ष चंदेल, राहुल देवांगन, राहुल दीक्षित, अभिषेक गोस्वामी मौजूद थे।

आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित होगा जेआरडी मल्टीपरपस स्कूल: गजेन्द्र

सुपर 30 क्लास की योजना

जेआरडी स्कूल में सुपर-30 योजना प्रारंभ करने की दिशा में भी पहल की जा रही है। इस योजना के अंतर्गत नीट और जेईई जैसी राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को विशेष कोचिंग, अनुभवी शिक्षकों का मार्गदर्शन और अध्ययन सामग्री उपलब्ध कराई जाएगी। इसका उद्देश्य दुर्ग व आसपास के विद्यार्थियों को बड़े शहरों जैसी गुणवत्तापूर्ण शैक्षणिक सुविधाएं स्थानीय स्तर पर उपलब्ध कराना है, ताकि ग्रामीण एवं मध्यमवर्गीय परिवारों के बच्चों को भी बेहतर अवसर मिल सकें। शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव ने कहा कि शासकीय विद्यालयों को आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित कर शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने का कार्य प्राथमिकता के साथ किया जा रहा है।

दुर्ग/नवप्रदेश। शहर के सबसे पुराने जेआरडी मल्टीपरपस स्कूल के संरक्षण और शैक्षणिक उन्नयन को लेकर प्रदेश के शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव ने विगत दिनों शिक्षा विभाग और आरईएस के अधिकारियों के साथ विद्यालय परिसर का निरीक्षण किया। विद्यालय भवन की वर्तमान स्थिति, आवश्यक मरम्मत, संरचनात्मक मजबूती और उसके मूल स्वरूप व ऐतिहासिक पहचान को संरक्षित रखते हुए आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित करने के विषय में शिक्षक और इंजिनियरो से विस्तृत चर्चा की गई।

शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव ने कहा कि जेआरडी स्कूल केवल एक शैक्षणिक संस्था नहीं, बल्कि दुर्ग शहर की विरासत और पहचान है। इस विद्यालय से हजारों विद्यार्थियों ने शिक्षा प्राप्त कर विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की है। यहां से पढ़कर निकले विद्यार्थी आज देश-प्रदेश के अनेक महत्वपूर्ण पदों पर अपनी सेवाएं दे रहे हैं। स्वयं शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव भी इसी विद्यालय के विद्यार्थी रहे हैं।

विद्यालय परिसर स्थित ऐतिहासिक टैगोर हॉल का भी निरीक्षण किया गया। यह हॉल वर्षों तक दुर्ग शहर की प्रमुख गतिविधियों का केंद्र रहा है। आरईएस विभाग के इंजीनियरों ने जानकारी दी कि टैगोर हॉल का रेनोवेशन करते हुए इसे सुसज्जित किया जाएगा और इसमें अटैच बाथरूम सहित आवश्यक सुविधाओं का निर्माण भी किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान विद्यालय में शिक्षण व्यवस्था, फर्नीचर, स्वच्छ पेयजल, शौचालय व अन्य आवश्यक कार्यों की रूपरेखा पर भी चर्चा की गई।

बेलौदी में 501 आवेदन, 283 आवेदनों का मौके पर निराकरण

दुर्ग/नवप्रदेश। सुशासन तिहार के अंतर्गत जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन आज जनपद पंचायत दुर्ग क्षेत्र के ग्राम पंचायत बेलौदी स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला में किया गया। शिविर में ग्रामीणों ने विभिन्न समस्याओं और मांगों से संबंधित कुल 501 आवेदन दिये। विभागीय अधिकारियों ने 283 आवेदनों का मौके पर ही निराकरण कर दिया। शेष आवेदनों के निराकरण की प्रक्रिया समय-सीमा में पूरी की जाएगी। शिविर में नगपुरा, बोरई, खुरसुल, दमोदा, अंजोरा ढा, ढाबा, भेंड्सर, डांडेसरा, पीपरछेड़ी, गनियारी, चिखली, कोटनी, मोहलई और बेलौदी गांव के ग्रामीणों ने विभिन्न विभागों के स्टॉलों में पहुंचकर आवेदन जमा किए।

शिविर में दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि एक ही छत के नीचे सभी विभागों के स्टॉल लगाए गए हैं, ताकि ग्रामीणों को विभागों के चक्कर न लगाने पड़ें और उनकी समस्याओं का समाधान हो सके। जिन आवेदनों के निराकरण में समय लगेगा, उन्हें निर्धारित समय-सीमा में पूरा किया जाएगा। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि आवेदकों को समय-सीमा की जानकारी देना सुनिश्चित करें। शिविर में विधायक चंद्राकर ने हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित किया।

मिलन समारोह: लगातार तीसरे साल आयोजन के बाद मीठी यादों का झरोखा लेकर लौटे

नृत्य-गीत-गेम्स के साथ स्टूडेंट्स ने 26 साल पुराने स्कूली दिनों को किया याद

भिलाई/नवप्रदेश। बीएसपी हायर सेकेंडरी स्कूल रिसाली के वर्ष 2000 में पास आउट स्टूडेंट्स का मिलन समारोह हर साल की तरह इस बार भी वृंदावन गार्डन दुर्ग में आयोजित किया गया। लगातार तीसरे साल सभी छात्र-छात्राएं इस आयोजन में शामिल हुए। आयोजन में मुख्य रूप से उमा साहू, प्रेमिशा नायक, जय कुमार कोसेवाड़ा, सुरेश चौधरी, गोपाल देवांगन, धनेन्द्र विश्वकर्मा, कंचन ने योगदान दिया। स्कूली दोस्तों ने पुराने दिनों को याद करते हुए खेलकूद, मस्ती, हंसी-मजाक के साथ सभी ने अपने बचपन के दिनों को याद किया।

कार्यक्रम में शामिल होने मुंबई, पुणे, कलकत्ता, उत्तराखंड, उड़ीसा सहित अन्य प्रदेशों से आए थे। एकल नृत्य में अर्चना भट्ट, अनुपमा देशमुख व भारती सिन्हा, कपल डांस में जय कुमार कोसेवाड़ा और भारती सिन्हा, दौलत राम साहू व जीनिता दोहरे, कविता और दौलत राम साहू, दिलीप आर्या और शालिनी ने नृत्य प्रस्तुत किया। ग्रुप डांस में दिलीप आर्या, गोपाल देवांगन, सुरेश चौधरी, जय कुमार कोसेवाड़ा ने भी सामूहिक प्रस्तुति दी।

खेल का आयोजन कंचन और बाली कुर्रे ने किया। प्रथम अनुपमा देशमुख और तामेश्वरी रावत रही। जयश्री ने सुरीली आवाज में गीत प्रस्तुत किया, जिसे काफी पसंद किया गया। सभी मित्रों को यादगार गिफ्ट दिये गए। आयोजन के दौरान 40 बसंत पार कर चुके लोग फिर से बच्चे बन गए। नई ऊर्जा और उत्साह के साथ फिर नए साल में आने का वादा किया। तेज रफ्तार जीवन में मीठी यादों का झरोखा लेकर आए साथियों का जय कुमार कोसेवाड़ा ने आभार और धन्यवाद ज्ञापित किया।

आयोजन में मुख्य रूप से कंचन धनेंद्र, उमा साहू, सोहन साहू, प्रेमिशा नायक, कुंजलता निर्मलकर, चित्रा चौहान, कविता, दौलत राम साहू, अर्चना भट, दीपक ठाकुर, देवेंद्र नामदेव, धनेंद्र विश्वकर्मा, कुंजलता निर्मलकर, जयश्री, लालचंद बंजारे, ललिता चौधरी, लता मंडले, लक्ष्मी कश्यप, मोजेश साहू, मोनाली, रेखा कश्यप, सतेंद्र कनौजे, धर्मेंद्र कनौजे, सीमा सिंह, शशिलता चतुर्वेदी, सोहन लाल साहू, सुमन यादव, सूरज कपूर, सुशील सिन्हा, विनीता देवांगन ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

महाराजा चौक से बोरसी तक अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई तेज

■ 200 से अधिक अतिक्रमण चिन्हित, निगम ने दी सख्त चेतावनी

दुर्ग/नवप्रदेश। नगर निगम प्रशासन और पीडब्ल्यूडी द्वारा महाराजा चौक से बोरसी मार्ग तक सड़क चौड़ीकरण और प्रस्तावित निर्माण कार्यों को लेकर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई तेज कर दी गई है। निगम और पीडब्ल्यूडी की संयुक्त टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर बाधक निर्माणों को हटाने की कार्रवाई की जा रही है। महाराजा चौक से बोरसी मार्ग चौड़ीकरण व मिनीमाता चौक पुलमांग से जेल तिराहा चौक तक प्रस्तावित फेरलेन सड़क निर्माण व पाइपलाइन शिफ्टिंग कार्य को लेकर प्रशासन ने सख्ती बढ़ा दी है। सड़क चौड़ीकरण क्षेत्र में लगभग 200 से अधिक व्यक्तियों द्वारा स्थायी व अस्थायी रूप से दुकान, बाउंड्रीवाल, पक्के निर्माण, शेड व अन्य निर्माण कर अतिक्रमण किया गया था, जिससे प्रस्तावित विकास कार्य प्रभावित हो रहे थे। कार्रवाई के दौरान कार्यपालिक मजिस्ट्रेट व तहसीलदार प्रफुल्ल गुप्ता, सहायक अभियंता गिरीश दीवान, उप अभियंता विनोद मांझी, उप अभियंता सिद्धार्थ साहू, पीडब्लूडी सब इंजीनियर एके यदु, विकास चन्द्राकर, स्थल सहायक माणिककांत सिन्हा, ईश्वर वर्मा, एआरआई प्रतिभा दिल्लीवार, पदमनाभपुर थाना टीआई सहित पुलिस व निगम अमला उपस्थित रहा। सहायक अभियंता गिरीश दीवान ने बताया कि महाराजा चौक से बोरसी और महाराजा चौक से मिनी माता चौक तक अतिक्रमण हटाए जा रहे हैं।

मौसम के उतार चढ़ाव से बिगड़ रही सेहत, अचानक बारिश से बढ़ी मौसमी बीमारियां

■ पेट दर्द बुखार उल्टी-दस्त के मरीज बढ़े अस्पताल के सभी बेड फुल

छुईखदान/नवप्रदेश। क्षेत्र मे लगातार बदल रहे मौसम ने लोगो की सेहत पर गहरा असर डालना शुरू कर दिया है तेज गर्मी और उमस के बीच अचानक हो रही बारिश के कारण वायरल संक्रमण तेजी से फैल रहा है सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र छुईखदान मे इन दिनो मरीजो की संख्या लगातार बढ़ रही है हालत यह है कि अस्पताल के जनरल वार्ड के सभी बेड फुल हो चुके है और ओपीडी मे रोजाना मरीजो की लंबी कतार लग रही है

नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रो मे पेट दर्द उल्टी दस्त वायरल बुखार सिरदर्द चक्कर और मलेरिया जैसे मरीज बड़ी संख्या मे सामने आ रहे है डॉक्टरो के अनुसार मौसम मे लगातार हो रहे उतार-चढ़ाव और उमस भरी गर्मी के कारण लोगो की रोग प्रतिरोधक क्षमता प्रभावित हो रही है जिससे मौसमी बीमारियां तेजी से फैल रही है

इन दिनो शादी सीजन होने के कारण भी लोगो की दिनचर्या और

खानपान बिगड़ रहा है तेज गर्मी से राहत पाने के लिए लोग ठंडे पेय पदार्थो और बाहर के खाद्य पदार्थो का अधिक सेवन कर रहे है जिसका असर स्वास्थ्य पर पड़ रहा है दूसरी ओर मजदूरी और खेतो मे काम करने वाले श्रमिक तेज धूप और गर्म हवाओ से प्रभावित हो रहे है इससे उन्हे डिहाइड्रेशन उल्टी दस्त और चक्कर आने जैसी समस्याओ का सामना करना पड़ रहा है

डॉक्टरों ने दी सावधानी बरतने की सलाह : सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र छुईखदान के बीएमओ डॉ. मनीष बघेल ने बताया कि शादी सीजन और मौसम मे अचानक बदलाव के कारण पेट दर्द उल्टी दस्त और वायरल बुखार के मरीज तेजी से बढ़ रहे है अस्पताल मे सभी मरीजो का इलाज किया जा रहा है और लोगो को बीमारियो से बचाव के तरीके भी बताए जा रहे है

उन्होने लोगो से अपील की है कि गर्मी मे ज्यादा देर धूप मे न रहे साफऔर ताजा भोजन करे अधिक मात्रा मे पानी पीए तथा बाहर के खुले खाद्य पदार्थो से बचे बच्चो और बुजुर्गो का विशेष ध्यान रखने की भी सलाह दी गई है

बच्चो पर सबसे ज्यादा असर

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मे आने वाले मरीजो मे बच्चो की संख्या सबसे अधिक बताई जा रही है कुछ दिनो पहले हुई रुक रुक कर बारिश और उसके बाद तेज धूप तथा उमस ने बच्चो की सेहत पर ज्यादा असर डाला है वायरल बुखार और पेट संबंधी बीमारियो के चलते अभिभावक बच्चो को अस्पताल लेकर पहुंच रहे है

अस्पताल में बढ़ा दबाव

मरीजो की संख्या बढ़ने से अस्पताल प्रबंधन पर भी दबाव बढ़ गया है गंभीर मरीजो को भर्ती कर इलाज किया जा रहा है जबकि सामान्य मरीजो को प्राथमिक उपचार और दवाइया देकर घर भेजा जा रहा है लगातार बढ़ती भीड़ के कारण चिकित्सको और स्वास्थ्य कर्मचारियो को अतिरिक्त मेहनत करनी पड़ रही है ।

न्यूज गैलरी

मुख्यमंत्री ने मोटर सायकल चालकों को पहनाया हेलमेट

भाटापारा/नवप्रदेश। ग्राम करहीबाजार में आयोजित सुशासन तिहार कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस द्वारा संचालित यातायात जागरूकता अभियान की सराहना की गई। इस अवसर पर कार्यक्रम में उपस्थित

आमजनों को हेलमेट वितरित किए गए तथा मुख्यमंत्री द्वारा मोटरसाइकिल चालकों से सदैव हेलमेट पहनकर ही वाहन चलाने की अपील की गई। मुख्यमंत्री ने सड़क सुरक्षा के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने हेतु चलाए जा रहे इस अभियान को सराहनीय एवं अनुकरणीय बताया। बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस द्वारा आमजन को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करने हेतु इस प्रकार के अभियान निरंतर चलाए जा रहे हैं, जिससे दुर्घटनाओं में कमी लाने तथा सुगम एवं सुरक्षित यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने में सहायता मिल रही है।

पुरानी रंजिश में युवक ने घर पहुंचकर दी जान से मारने की धमकी

महासमुंद/नवप्रदेश। पुरानी रंजिश को लेकर घर पहुंचकर गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। शिकायत पर सिटी कोतवाली पुलिस ने आरोपी के खिलाफअपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार महावीर पार्क निवासी आनंद चतुर्वेदी ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है कि वह रायपुर में निजी व्यवसाय करते हैं। 17 मई की शाम करीब 5.45 से 6 बजे के बीच वह अपने घर में परिवार के साथ मौजूद थे। इसी दौरान शुभांक शर्मा नामक युवक नशे की हालत में स्कूटी से उनके घर पहुंचा और बाहर खड़े होकर पुरानी रंजिश को लेकर अभद्र गाली-गलौज करने लगा। शोर सुनकर आनंद चतुर्वेदी परिवार के साथ बाहर निकले और आरोपी को गाली देने से मना किया। इस पर शुभांक शर्मा और अधिक आक्रोशित हो गया तथा प्रार्थी के साथ-साथ उनकी पत्नी और मां के साथ भी अभद्र भाषा का प्रयोग करने लगा। विरोध करने पर आरोपी ने जान से मारने और झूठे मामले में फंसाने की धमकी दी। घटना की शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफविभिन्न धाराओं के तहत अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

कार की टक्कर से मासूम घायल

महासमुंद/नवप्रदेश। ग्राम कनेकेरा में तेज रफ्तार कार की टक्कर से एक मासूम बच्चा घायल हो गया। मामले में बच्चे की मां की शिकायत पर पुलिस ने कार चालक के खिलाफअपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक 19 मई की सुबह जया कोसरे अपने बच्चों को लेकर आंगनबाड़ी गई थीं। काम खत्म होने के बाद सुबह करीब 8 बजे वह बच्चों के साथ आंगनबाड़ी से बाहर निकल रही थीं। इसी दौरान ग्राम भलेसर से कनेकेरा की ओर आ रही कार क्रमांक सीजी 12 एडब्ल्यू 7200 के चालक ने तेज गति और लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए उनके बेटे विवेक कोसरे को सामने से टक्कर मार दी। हादसे में विवेक कोसरे के बांये हाथ की कोहनी तथा दोनों घुटनों में चोटें आई हैं। रिपोर्ट के आधार पर पुलिस ने आरोपी वाहन चालक के खिलाफबीएनएस की धारा 125 एवं 281 के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

गाली-गलौज के बाद युवक से मारपीट, दो आरोपी नामजद

महासमुंद/नवप्रदेश। गाली-गलौज और मारपीट के मामले में शिकायत पर सिटी कोतवाली पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार ग्राम मुढ़ेना निवासी रोशन निषाद के साथ 19 मई की रात करीब 9 बजे दादू निषाद और चुन्नू निषाद ने विवाद करते हुए पहले गाली-गलौज की और बाद में मारपीट कर दी। घटना में रोशन निषाद को चोटें आई हैं। पीड़ित की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 115(2), 296, 3(5) एवं 351(3) के तहत अपराध दर्ज कर लिया है। मामले की जांच जारी है।

पोर्टल पर पंजीयन कर आत्मनिर्भर बनने युवाओं से की अपील

मुख्यमंत्री ने हम होंगे कामयाब 2.0 वेब पोर्टल लांच किया

■ एक क्लिक से मिलेगा रोजगार पाने का सुनहरा अवसर

बलौदाबाजार/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय आज सुशासन तिहार अंतर्गत विकासखंड भाटापारा के ग्राम करहीबाजार में आयोजित शिविर में स्टॉल अवलोकन के दौरान जिला प्रशासन द्वारा विकसित हम होंगे कामयाब 2.0 वेब पोर्टल को लांच किया। इस वेब पोर्टल पर युवाओं को नियोक्ता, रिक्तियां, प्रशिक्षण की जानकारी सहित कैरियर मार्गदर्शन भी मिलेगा। युवा अपनी योग्यता और रूचि के अनुरूप प्रशिक्षण प्राप्त कर रोजगार या स्वरोजगार से जुड़ सकते है। मुख्यमंत्री श्री साय ने इस वेब पोर्टल की सराहना करते हुए इसे जिला प्रशासन की अनुकरणीय पहल बताया। उन्होंने कहा कि जब भी मै बलौदाबाजार आता हूं हम होंगे कामयाब के तहत बेटा-बेटियों को रोजगार पत्र बांट के जाता हूं। हमारी सरकार युवाओ को हुनरमंद बनाकर रोजगार एवं स्वरोजगार से जोड़ने कौशल विकास को प्राथमिकता दे रही है। अनेक

योजनाएं भी संचालित की जा रही है जिसमें मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान, मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना प्रमुख है। मुख्यमंत्री ने हम होंगे कामयाब वेब पोर्टल पर पंजीयन कर प्रशासन की इस पहल का लाभ उठाने युवाओं को प्रोत्साहित भी किया। हम होंगे कामयाब 2.0 युवाओं को कौशल प्रशिक्षण, करियर मार्गदर्शन और रोजगार के माध्यम से आत्मनिर्भर बनाने के लिए तैयार किया गया एक वेब पोर्टल है। वर्तमान में पोर्टल में अब तक कुल पंजीकृत युवा 468, रिक्तियां 513 एवं 21 ट्रेड उपलब्ध है।

पोर्टल में नियोक्ता, उपलब्ध रिक्तियां, कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम एवं विद्यार्थी एक ही पोर्टल पर पंजीकृत होंगी। नियोक्ता में सीमेंट प्लांट से 75, रोजगार कार्यालय से 286, जिसमें राज्य के बाहर स्थित संस्थानों के 150 रिक्तियां सम्मिलित है। अपनी योग्यता और रूचि के अनुरूप युवा प्रशिक्षण प्राप्त कर रोजगार या स्वरोजगार से जुड़ सकते हैं। इस पोर्टल नियोक्ता (कंपनी) भी अपनी रिक्तियों के लिए इच्छुक और योग्य युवाओं से प्रत्यक्ष संपर्क कर सकते है। हम होंगे कामयाब 2.0 के माध्यम से युवा कैरियर मार्गदर्शन, कौशल प्रशिक्षण, रोजगार सह रिक्तियों की जानकारी, स्वरोजगार हेतु विशेष मार्गदर्शन व सहायता,विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए निःशुल्क कोचिंग की उपलब्धता जानकारी हासिल कर सकते है। इस पोर्टल की मदद से एक क्लिक से रोजगार भी संभव है। इस वेब पोर्टल में 8वी पास से लेकर उच्च शिक्षा प्राप्त युवाओं को उनकी योग्यता अनुसार जॉब की जानकारी, सीधा आवेदन बिना किसी एजेंट और बिना किसी कागजी कार्यवाही के सीधे एक क्लिक में उपलब्ध है। युवाओं के भविष्य को सही दिशा देने के लिए अनुभवी विशेषज्ञों द्वारा करियर मार्गदर्शन पूरी तरह निःशुल्क है। इस पोर्टल पर युवाओं को रोजगार के संबंध में साइबर फ्रॉड और धोखाधड़ी से सुरक्षित रखने हेतु शासकिय विभागों व औद्योगिक संस्थानो को एक ही मंच में जोड़ा गया है।

इस अवसर पर राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष आकांक्षा जायसवाल, पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध कुमार सिंह, विशेष सचिव रजत बंसल, कलेक्टर कुलदीप शर्मा, पुलिस अधीक्षक ओपी शर्मा, डीएफओ गणवीर धम्मशील सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित थे।

चिरायु से मिली नई जिंदगी, समीरा व नितिन ने सीएम को थैंक यू कार्ड देकर जताया आभार

मुख्यमंत्री से मिलकर अभिभावकों की आंखों में छलकी खुशी

बलौदाबाजार/नवप्रदेश। सुशासन तिहार अंतर्गत आज बलौदाबाजार-भाटापारा जिले के ग्राम करहीबाजार आगमन पर मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय से चिरायु योजना से लाभान्वित बच्चे समीरा और नितिन ने हेलीपेड पर मुलाकात की। उन्होंने योजना के तहत निःशुल्क इलाज पर मुख्यमंत्री का आभार जताया और थैंक यू कार्ड भेंट किया। मुख्यमंत्री ने समीरा और नितिन एवं उनके अभिभावको से आत्मीयता से बात की और योजना का लाभ लेकर बेहतर जीवन के लिये शुभकामनायें दीं। विकासखंड बलौदाबाजार के ग्राम पण्डरिया निवासी 6 वर्षीय नितिन पटेल पिता अशोक कुमार पटेल चंद्रकुमारी पटेल एवं ग्राम लच्छनपुर निवासी 9 वर्षीय समीरा जांगड़े पिता जीवन लाल जांगड़े माता मंजू जांगड़े ने मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय से आत्मीय मुलकात कर हृदय से आभार जताया। समीरा जांगड़े पिता जीवन लाल जांगड़े ने बताया कि ईलाज से पहले बेटी समीरा बहुत कमजोर थी। स्कूल आने जाने में हांफने लगती थी। घर में खाना भी कम खाती थी। शिक्षकों ने समीरा का चेक अप कराने की सलाह दी। चिरायु की टीम को जानकारी दी। चिरायु टीम ने घर आकर जांच किया और ऑपरेशन की सलाह दी। चिरायु के सहयोग से 14 मई 2025 को एमएमआई रायपुर में ऑपरेशन हुआ।

मुआवजा घोषणाः किसानों ने किया कलेक्टर का सम्मान

धमधा/नवप्रदेश। ग्राम परसकोल के किसानो को लगभग 40 साल एवं सुखरीकला के किसानों को लगभग 3 साल बाद मुआवजा राशि दिए जाने की घोषणा के बाद क्षेत्र में खुशी का माहौल है। किसानों ने जिला कलेक्टर अभिजीत सिंह से मुलाकात कर उनका साल, श्रीफल एवं मोमेंटो भेंट कर सम्मान किया तथा किसानों की समस्याओं के समाधान हेतु आभार व्यक्त किया।

किसानों ने कहा कि प्रशासन द्वारा वर्षों पुरानी मांग को गंभीरता से लेते हुए सकारात्मक निर्णय लिया गया, जिससे सैकड़ों किसान परिवारों को राहत मिली है। किसान बंधु संगठन धमधा ब्लॉक ने इस निर्णय को किसानों की एकता और लंबे संघर्ष की जीत बताया।किसान नेता बाबा टेक सिंह चंदेल ने कहा कि किसान बंधु संगठन हमेशा किसानों की समस्याओं को मजबूती से प्रशासन तक पहुंचाने का कार्य करता रहेगा। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन ने किसानों की पीड़ा को

समझते हुए न्याय दिलाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया है। संगठन के पदाधिकारियों ने बताया कि सुखरीकला के किसानों को लगभग 20 लाख रुपये तथा परसकोल के किसानों को लगभग 55 लाख रुपये की मुआवजा राशि स्वीकृत हुई है। किसानों ने इसके लिए जिला कलेक्टर अभिजीत सिंह एवं समस्त इलेक्ट्रॉनिक मीडिया एवं प्रिंट मीडिया का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस दौरान किसान नेता बाबा टेक सिंह चंदेल, अध्यक्ष आत्मा साहू, ,जीवन चंदेल, तेजराम चंदेल इत्यादि धमधा क्षेत्र के किसान मौजूद रहे।

विद्यार्थियों के लिए आधुनिक सुविधाओं से लैस लाइब्रेरी, ज्ञान अर्जन का नया केंद्र

छुईखदान/नवप्रदेश। नगर के विद्यार्थियों को बेहतर अध्ययन वातावरण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से द कृष्णा लाइब्रेरी सेल्फ स्टडी पॉइंट की शुरुआत की गई है यह लाइब्रेरी प्रतियोगी परीक्षाओ कॉलेज एवं स्कूल की पढ़ाई करने वाले छात्रो के लिए शांत सुरक्षित और अनुशासित माहौल प्रदान कर रही है शुरुआत के कुछ ही समय मे यह लाइब्रेरी छात्रो के बीच आकर्षण का केंद्र बन गई है और यहा बड़ी संख्या मे विद्यार्थी नियमित रूप से अध्ययन कर रहे है आज के समय मे बढ़ती

प्रतिस्पर्धा और घर के शोर शराबे के बीच विद्यार्थियो को एक ऐसे स्थान की आवश्यकता महसूस होती है जहा वे पूरी एकाग्रता और शांति के साथ पढ़ाई कर सके इसी आवश्यकता को ध्यान मे रखते हुए द कृष्णा लाइब्रेरी की स्थापना की गई है यहा विद्यार्थियो के लिए आरामदायक बैठने की व्यवस्था शांत एवं सकारात्मक वातावरण मोबाइल चार्जिंग पॉइंट स्वच्छ पेयजल सुविधा तथा साफ सुथरा एवं सुरक्षित अध्ययन कक्ष उपलब्ध कराया गया है।

ढाबे में घुसकर संचालक और बेटों पर हमला

लाठी-डंडों और टाइल्स के टुकड़ों से मारपीट, ढाबे में की तोड़फोड़

महासमुंद/नवप्रदेश। ग्राम टूरीडीह स्थित एक ढाबे में घुसकर कुछ लोगों द्वारा संचालक और उनके बेटों पर हमला करने का मामला सामने आया है। आरोपियों ने लाठी-डंडों और टाइल्स के टुकड़ों से मारपीट करने के साथ ही ढाबे में जमकर तोड़फोड़ भी की। पटेवा पुलिस ने आरोपियों के खिलाफविभिन्न धाराओं के तहत

मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार टूरीडीह-रायतुम मोड़ स्थित पांडेय ढाबा का संचालन सोनू पांडेय और नितेश पांडेय करते हैं। बताया गया कि 20 मई की दोपहर करीब 3 बजे शेखर जोगी ढाबे में पहुंचा और गाड़ी धोने की सर्विसिंग पाइप निकालकर ले जाने लगा। इस पर नितेश पांडेय ने उसे पाइप ले जाने से मना किया, जिससे दोनों के बीच विवाद हो गया।

विवाद के बाद शेखर जोगी वहां से चला गया, लेकिन कुछ देर बाद वह अपने पिता घनश्याम जोगी, भाई धनेश्वर जोगी, देवा जोगी, सूरज जोगी, भुरवा जोगी तथा अन्य लोगों के साथ लाठी-डंडे और टाइल्स के टुकड़े लेकर ढाबे में घुस गया। आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए ढाबे में तावड़तोड़ हमला शुरू कर दिया।

हमले में राजकुमार पांडेय के सिर और दाहिने हाथ में गंभीर चोटें आईं। वहीं सोनू पांडेय के सिर और बांये हाथ तथा नितेश पांडेय के सिर, कंधे और हाथ में चोटें आई हैं। आरोपियों ने ढाबे में तोड़फोड़ भी की। पटेवा पुलिस ने प्रार्थी की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 109(1), 331(5), 115(2), 296, 351(3) और 191(2) के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

सखी डांस ग्रुप बूचाटोला ने छत्तीसगढ़ी ठुमका में मचाई धूम

छुरिया/नवप्रदेश। राजनांदगांव जिले के छुरिया विकासखंड अंतर्गत आदिवासी बाहुल्य वनांचल ग्राम बूचाटोला का सखी डांस ग्रुप इन दिनों छत्तीसगढ़ के प्रथम टीवी डांस रियलिटी शो छत्तीसगढ़ी ठुमका में अपनी शानदार प्रस्तुति से दर्शकों का दिल जीत रहा है। आईबीसी-24 में प्रसारित इस शो में ग्रुप ने टॉप-20 में चयनित होने के बाद टॉप-16 में भी अपनी जगह बना ली है, जिससे पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है। संस्कारधानी राजनांदगांव की सांस्कृतिक परंपरा को आगे बढ़ाते हुए बूचाटोला के नन्हे कलाकार अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन राष्ट्रीय स्तर के मंच पर कर रहे हैं।

सखी डांस ग्रुप के कलाकार पहले भी छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र में आयोजित विभिन्न डांस प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान हासिल कर चुके हैं। वहीं मिनिस्ट्री ऑफ कल्चर द्वारा आयोजित राष्ट्रीय लोकनृत्य प्रतियोगिता, नागपुर (महाराष्ट्र) में भी ग्रुप ने प्रथम स्थान प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। हाल ही में राजनांदगांव मड़ई में

आयोजित कला प्रतियोगिता में भी ग्रुप ने प्रथम स्थान हासिल किया।

ग्रुप के बच्चों को प्रशिक्षण देने वाले कोरियोग्राफर जीनूराम वर्मा, ग्राम डोम्हाटोला निवासी हैं, जिन्होंने इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय, खैरागढ़ से शिक्षा प्राप्त की है। बच्चों के मार्गदर्शन और सहयोग में योगेश ताराम, शशि कंवर और तानी ताराम की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। वहीं साहित्यकार एवं शिक्षक दिनेश कुरेटी दिलेर लगातार बच्चों का मनोबल बढ़ाते हुए उन्हें प्रेरित कर रहे हैं। सखी डांस ग्रुप के आठ सदस्यीय दल में दिशा हरमें, करुणा मंडावी, खुशबू उइके, लाकेश्वरी कोमरे, पूनम मंडावी, मीनाक्षी कोमरे, गायत्री कंवर और यशोदा उइके शामिल हैं। इन बच्चों के माता-पिता कृषि और मजदूरी से जुड़े हैं, लेकिन बच्चों की सफलता ने पूरे गांव को गौरवान्वित किया है।

गड़बड़ी : आय-व्यय में लाखों रुपए के अंतर का दावा, दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग

स्वास्थ्य विभाग पर गंभीर आरोप, आरटीआई कार्यकर्ता ने प्रेसवार्ता में खोली पोल

डोंगरगांव/नवप्रदेश। शासकीय विभागों के कारनामे अक्सर सुर्खियों में रहते हैं। इसी क्रम में स्वास्थ्य विभाग के जिला कार्यालय पर आरटीआई कार्यकर्ता ने गंभीर आरोप लगाए हैं। आरटीआई कार्यकर्ता सुजीत यादव ने प्रेसवार्ता लेकर दावा किया कि स्वास्थ्य विभाग डोंगरगांव द्वारा मांगी गई जानकारी में भारी गड़बड़ी सामने आई है तथा आय-व्यय के हिसाब में लाखों रुपये का अंतर पाया गया है।

3044 रुपये जमा कर मिली 1522 पेज की जानकारी

उन्होंने बताया कि इसके बाद 14 अगस्त 2025 को उन्हीं वर्षों के बिल-वाउचर की जानकारी मांगी गई। इसके लिए विभाग ने उनसे 3044 रुपये जमा करवाए। निर्धारित समय बीतने के बाद

उन्हें 1522 पृष्ठों की जानकारी उपलब्ध कराई गई, लेकिन जानकारी अधूरी होने का आरोप लगाया गया।

आय-व्यय का मिलान करने पर सामने आया अंतर

सुजीत यादव का कहना है कि उपलब्ध दस्तावेजों का वर्षवार मिलान करने पर लाखों रुपये का अंतर सामने आया। उन्होंने आरोप लगाया कि विभाग ने आय-व्यय की पूरी जानकारी देने में असफल रहा और कई जानकारियां अधूरी दी गई। इसी कारण उन्होंने प्रथम अपील दायर कर न्याय की मांग की थी।

स्वास्थ्य कारणों से अनुपस्थित रहने का दावा : आरटीआई कार्यकर्ता ने बताया कि स्वास्थ्यगत कारणों से वे प्रथम अपील की सुनवाई में उपस्थित नहीं हो सके। इसी दौरान प्रथम अपीलीय अधिकारी द्वारा एक पक्षीय निर्णय पारित कर दिया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि विभाग ने उन्हें लगातार गुमराह किया और सही जानकारी देने के बजाय मामले को दबाने का प्रयास किया।

दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग : प्रेसवार्ता में सुजीत यादव ने स्वास्थ्य विभाग के विभिन्न कथित घोटालों की जांच कराने तथा दोषी अधिकारी-कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। उन्होंने कहा कि सूचना के अधिकार के तहत पारदर्शिता सुनिश्चित करने के बजाय आवेदकों को परेशान किया जा रहा है।

वर्ष 2015 से 2025 तक मांगी थी जानकारी

प्रेस क्लब डोंगरगांव में गुरुवार 21 मई को आयोजित पत्रकारवार्ता में सुजीत यादव ने बताया कि उन्होंने 15 जुलाई 2025 को स्वास्थ्य विभाग डोंगरगांव से वर्ष 2015 से 2025 तक के आय-व्यय की जानकारी सूचना के अधिकार के तहत मांगी थी। विभाग द्वारा उन्हें वर्षवार केवल एक-एक पेज की जानकारी उपलब्ध कराई गई।

पहली ही सुनवाई में एक पक्षीय निर्णय का आरोप

सुजीत यादव ने आरोप लगाया कि सूचना के अधिकार अधिनियम के तहत दायर प्रथम अपील की पहली ही सुनवाई में उनकी अनुपस्थिति के दौरान एक पक्षीय निर्णय दे दिया गया। उनका कहना है कि अन्य विभागों में महीनों तक सुनवाई नहीं होती, लेकिन इस मामले में अत्यधिक जल्दबाजी दिखाई गई। उन्होंने इसे आरटीआई कार्यकर्ता का मनोबल तोड़ने की कोशिश बताया।

संक्षिप्त खबरें

महिलाओं-बेटियों की शिक्षा समाज के विकास की सबसे बड़ी आवश्यकता: रमन

राजनांदगांव/नवप्रदेश। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह आज सुशासन तिहार 2026 अंतर्गत राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम डिलापहरी में आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर में शामिल हुए। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने 3 करोड़ 77 लाख 36 हजार रूपए की लागत के 89 विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण किया। उन्होंने ग्राम डिलापहरी में उप स्वास्थ्य केन्द्र निर्माण तथा डीएमएफ मद से विभिन्न स्कूलों में शौचालय निर्माण के लिए 1 करोड़ 50 लाख रूपए की घोषणा की। उन्होंने बताया कि ग्राम डिलापहरी क्षेत्र में 63 केवी क्षमता के ट्रांसफार्मर को बढ़ाकर 100 केवी किया जाएगा। जिससे वोल्टेज की समस्या दूर होगी और बिजली आपूर्ति में सुधार आएगा। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सिंह ने प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत 3 हितग्राहियों को आवास पूर्ण होने पर पूर्णता प्रमाण पत्र एवं चाबी सौंपी। इसी तरह 3 हितग्राहियों को आयुष्मान वय वंदना कार्ड का वितरण किया। उन्होंने लखपति दीदीयों को प्रमाण पत्र एवं स्वच्छता दीदीयों को शॉल-श्रीफल देकर सम्मानित किया। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि सुशासन तिहार शिविर में ग्रामीणों की समस्याओं का त्वरित निराकरण करना है। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सिंह ने शिविर में महिलाओं की बड़ी संख्या में उपस्थिति की सराहना करते हुए कहा कि महिला सशक्तिकरण सरकार की प्राथमिकता है। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सिंह ने कहा कि महिलाओं और बेटियों की शिक्षा समाज के विकास की सबसे बड़ी आवश्यकता है। शासन द्वारा गांव-गांव में स्कूलों की व्यवस्था की गई है । और अभिभावकों को बच्चों की शिक्षा पर विशेष ध्यान देना चाहिए। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की महत्वाकांक्षी महतारी वंदन योजना से क्षेत्र की हजारों महिलाओं को हर माह आर्थिक सहायता मिल रही है। उन्होंने बताया कि 13 ग्रामों की 5 हजार 79 महिलाओं को हर माह लगभग 50 लाख रूपए से अधिक की राशि मिल रही है तथा बीते 27 माह में लगभग 14 करोड़ रूपए का लाभ पहुंचा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से पिछले दो वर्षों में क्षेत्र के ग्रामों में करीब 22 करोड़ रूपए की लागत से आवास निर्माण किए गए हैं।

इन्दिरा कला संगीत विश्वविद्यालय के नाम परिवर्तन को शासन से मिली मंजूरी

खैरागढ़/नवप्रदेश। इन्दिरा कला संगीत विश्वविद्यालय के नाम परिवर्तन प्रस्ताव को राज्य शासन से स्वीकृति मिल गई है। लंबे समय से चल रही प्रक्रिया के पूर्ण होने के बाद अब विश्वविद्यालय का नया नाम आधिकारिक रूप से लागू किए जाने का मार्ग प्रशस्त हो गया है। अब संगीत विश्वविद्यालय का नाम राजकुमारी इन्दिरा सिंह कला संगीत विश्वविद्यालय के नाम से जाना जाएगा। विश्वविद्यालय का नाम परिवर्तन करने का सुझाव राज्यपाल कुलाधिपति रमेन डेका ने खैरागढ़ महोत्सव कार्यक्रम के दौरान दिया था उन्होंने ऐतिहासिक और सांस्कृतिक दृष्टि से विश्वविद्यालय की मूल पहचान तथा संस्थापक राजपरिवार के योगदान को अधिक सम्मानजनक रूप से संरक्षित करने की आवश्यकता जताई थी। कुलपति लवली शर्मा के निर्देशन में विश्वविद्यालय प्रशासन ने नियमानुसार समस्त औपचारिक प्रक्रियाएं पूर्ण करते हुए प्रस्ताव तैयार कर शासन को अनुमोदन के लिए भेजा था। कार्यवाही प्रक्रिया पूरी होने के बाद प्रशासनिक स्तर पर आवश्यक परीक्षण के बाद शासन ने प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान करते सामान्य प्रशासन विभाग के अवर सचिव ने 21 मई को छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से पत्र जारी कर विश्वविद्यालय के नाम परिवर्तन की स्वीकृति दी है।

भाजपा का दो दिवसीय जिला प्रशिक्षण आज से

खैरागढ़/नवप्रदेश। पंडित दिनदयाल उपध्याय महाप्रशिक्षण अभियान अन्तर्गत नवीन जिला खैरागढ जिला मुख्यालय में पहली बार जिला भाजपा की दो दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण होगा । प्रशिक्षण में जिला के पदाधिकारीगण, जिला कार्यसमिति, जिला के सातों मोर्चा के अध्यक्ष, महामंत्रीगण, मंडल अध्यक्ष महामंत्रीगण जिला के संयोजकगण जिला में निवासरत राष्ट्रीय, प्रदेश पादधिकारीगण, कार्यसमिति सदस्य के अलावा जिला स्तरीय प्रशिक्षण अभियान के टोली प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे । प्रशिक्षण का शुभारम 23 मई को सुबह पंजीयन पश्चात ध्वजारोहन के साथ होगा । प्रथम सत्र उदघाटन के साथ गरीब कल्याण योजना एंव कियान्वयन में सगंठन की भूमिका पर प्रदेश के उपमुख्य मंत्री अरूण साव मुख्य वक्ता होगें अध्यक्षता जिला भाजपा अध्यक्ष डा. बिशेसर साहू करेगें ।

उप मुख्यमंत्री साव ने जन समस्या निवारण शिविर में सुनीं समस्याएं

बेमेतरा/नवप्रदेश। प्रदेश के उप मुख्यमंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री अरुण साव आज बेमेतरा के बेरला ब्लॉक के ग्राम पंचायत आनंदगांव में आयोजित जन समस्या निवारण शिविर में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने आम नागरिकों एवं ग्रामीणों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं, मांगों एवं शिकायतों को गंभीरता और संवेदनशीलता के साथ सुना। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का निरीक्षण करते हुए उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्राप्त आवेदनों का समय-सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित किया जाए। उप मुख्यमंत्री साव ने कहा कि जनता को अपने जायज कार्यों के लिए सरकारी कार्यालयों के चक्कर न काटने पड़ें, यह प्रशासन की पहली प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि संवेदनशीलता एवं सुशासन सरकार की कार्यशैली का प्रमुख आधार है तथा आमजनों के हितों की रक्षा के लिए सरकार पूरी तरह प्रतिबद्ध है। शिविर में बड़ी संख्या में पहुंचे नागरिकों ने राजस्व, पेयजल, सड़क, बिजली तथा विभिन्न हितग्राही मूलक योजनाओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए। उप मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि हर आवेदन को गंभीरता से लेते हुए त्वरित निराकरण किया जाए।

गरीब, किसान, महिला और युवाओं के कल्याण के लिए समर्पित है सरकार

शिविर को संबोधित करते हुए उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि प्रदेश सरकार गरीबों, किसानों, महिलाओं एवं युवाओं के कल्याण के लिए लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना ही सरकार का मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में देश एवं प्रदेश में चौमुखी विकास हो रहा है। सरकार द्वारा जनता के हित में लगातार बड़े निर्णय लिए जा रहे हैं। उन्होंने महतारी वंदन योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना सहित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि सरकार महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और जरूरतमंद परिवारों को सम्मानजनक जीवन उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयासरत है।

सुशासन तिहार में नागरिकों के बीच पहुंचे उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा

जनता की सेवा हमारा परम धर्म सुनी समस्याएं, मौके पर निदान

- **ग्राम खड़ौदाकला में आयोजित शिविर में ग्रामीणों की समस्याएं सुन मौके पर किया निराकरण**

कवर्धा/नवप्रदेश। उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि हम सभी जनता के सेवक हैं और जनता के कार्य करना हम सबकी जिम्मेदारी है। किसानों और ग्रामीणों के छोटे-छोटे कार्यों को संवेदनशीलता के साथ समय पर पूरा किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि राजस्व से जुड़े मामलों को लंबित नहीं रखा जाना चाहिए और निर्विवाद प्रकरणों का समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करना अधिकारियों की जिम्मेदारी है। बोड़ला विकासखंड के ग्राम खड़ौदाकला में आयोजित सुशासन तिहार में उप मुख्यमंत्री ने ग्रामीणों से आत्मीय मुलाकात कर उनकी समस्याएं और मांगें सुनीं, आवेदन प्राप्त किए तथा अनेक आवेदनों का मौके पर ही निराकरण किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिविर में प्राप्त सभी आवेदनों का संवेदनशीलता और तय समय-सीमा के भीतर निराकरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि जनता की सेवा करना हमारा परम धर्म है और शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना ही सुशासन का उद्देश्य हैं। कार्यक्रम में कृषक कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष सुरेश चंद्रवंशी, उपाध्यक्ष जिला पंचायत कैलाश चंद्रवंशी, जनपद अध्यक्ष बालका राम किंकर वर्मा, उपाध्यक्ष जनपद पंचायत नंद वास, जिला पंचायत सदस्य डॉ वीरेन्द्र साहू, जिला पंचायत सदस्य रूपा राजकुमार धुर्वे, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष विदेशी राम धुर्वे, जनपद अध्यक्ष पूर्णिमा मनीराम साहू, जनपद सदस्य ललिता वर्मा, कलेक्टर गोपाल वर्मा, जिला पंचायत सीईओ अभिषेक अग्रवाल सहित जनप्रतिनिधि, विभागों के अधिकारी और ग्रामवासी उपस्थित रहे।

सुशासन तिहार शिविर में निःशुल्क दस्तावेज सुविधा

उप मुख्यमंत्री शर्मा ने ग्रामीणों को जानकारी देते हुए बताया कि सुशासन तिहार शिविर में बी-1, खसरा और ऋण पुस्तिका जैसी आवश्यक दस्तावेज निःशुल्क उपलब्ध कराए जाएंगे। उन्होंने ग्राम सचिवों को निर्देश दिया कि पंचायतों में इसकी मुनादी कराई जाए ताकि अधिक से अधिक ग्रामीणों को इसकी जानकारी मिल सके और वे इसका लाभ उठा सकें।प्रधानमंत्री आवास योजना की जानकारी देते हुए उप मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार गठन के बाद पहली कैबिनेट बैठक में 18 लाख आवासों की स्वीकृति दी गई थी। उन्होंने बताया कि आज के शिविर में शामिल 26 ग्राम पंचायतों के 4 हजार से अधिक हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास की स्वीकृति मिली है। उन्होंने आवास निर्माण में गुणवत्ता और पारदर्शिता पर जोर देते हुए कहा कि इसके निर्माण में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि जिले के अनेक गांवों में अटल डिजिटल सेवा केंद्र संचालित किए जा रहे हैं, जहां महिलाएं, बुजुर्ग और ग्रामीण अपने गांव में ही विभिन्न योजनाओं की राशि निकाल पा रहे हैं। उन्होंने बताया कि महतारी वंदन योजना के तहत अब तक 27 किस्तों में 27 हजार रुपए महिलाओं के खातों में पहुंचाए जा चुके हैं, जिनकी राशि अब ग्रामीण अपने गांव में ही निकाल रहे हैं। उन्होंने बताया कि गांवों के स्कूलों में स्मार्ट क्लास की शुरुआत की गई है ।

वाणिज्य व्याख्याता संघ ने शिक्षा मंत्री को सौंपा ध्यानाकर्षण पत्र

45 डिग्री गर्मी में प्रशिक्षण पर शिक्षकों की आपत्ति

बालोद/नवप्रदेश। भीषण गर्मी और नौतपा के बीच आयोजित किए जा रहे व्याख्याताओं के अकादमिक प्रशिक्षण को लेकर छत्तीसगढ़ व्याख्याता वाणिज्य विकास संघ ने गंभीर चिंता जताई है। संघ के प्रदेश स्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव एवं संयुक्त संचालक से सौजन्य भेंट कर प्रशिक्षण कार्यक्रम को लेकर ध्यानाकर्षण पत्र सौंपा।

संघ के प्रदेश संयोजक एवं अध्यक्ष विष्णु प्रसाद साहू ने जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान दुर्ग द्वारा आयोजित पांच दिवसीय वाणिज्य व्याख्याता अकादमिक प्रशिक्षण की व्यावहारिक कठिनाइयों को शासन के समक्ष विस्तार से रखा।

43 से 45 डिग्री तापमान में प्रशिक्षण पर सवाल: संघ ने कहा कि वर्तमान में दुर्ग और बालोद सहित पूरे प्रदेश में भीषण गर्मी पड़ रही है और तापमान 43 से 45 डिग्री के बीच बना हुआ है। वहीं 25 मई से नौतपा भी शुरू हो रहा है। ऐसी स्थिति में दूरस्थ क्षेत्रों से शिक्षकों को लंबी दूरी तय कर प्रशिक्षण केंद्रों तक पहुंचना स्वास्थ्य के लिए जोखिमपूर्ण हो सकता है। प्रशिक्षण के लिए सेजेस आमापारा बालोद एवं कृष्णा पब्लिक स्कूल भिलाई को केंद्र बनाया गया है।

एक साथ प्रशिक्षण कराने का सुझाव: संघ ने सुझाव दिया कि जनगणना कार्य में लगे और गैर-जनगणना कार्य वाले सभी व्याख्याताओं का प्रशिक्षण जून माह में विद्यालय खुलने के बाद एक साथ आयोजित किया जाए। इससे मौसम भी अनुकूल रहेगा और शिक्षकों की शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित हो सकेगी।

संघ ने शासन की मितव्ययिता नीति का हवाला देते हुए कहा कि एक ही संकाय का प्रशिक्षण दो अलग-अलग चरणों में आयोजित करने से विभाग पर अतिरिक्त प्रशासनिक एवं वित्तीय बोझ पड़ेगा।

बिजली कटौती और लो वोल्टेज से फूटा कांग्रेस का गुस्सा, सौंपा ज्ञापन

बालोद/नवप्रदेश। शहर में लगातार हो रही अघोषित बिजली कटौती और लो वोल्टेज की समस्या को लेकर कांग्रेसजनों ने विद्युत विभाग के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। नगर पालिका के पार्षदों, नेता प्रतिपक्ष, युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं शहर कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों ने विद्युत विभाग के मुख्य अभियंता अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर जल्द स्थायी समाधान की मांग की। कांग्रेसजनों ने कहा कि लगातार बिजली कटौती और लो वोल्टेज के कारण आम नागरिकों, व्यापारियों, विद्यार्थियों और घरेलू उपभोक्ताओं को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। गर्मी के मौसम में स्थिति और भी गंभीर हो गई है।

मुख्य अभियंता ने दिया समाधान का आश्वासन: ज्ञापन के दौरान मुख्य अभियंता अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि जिन क्षेत्रों में टेम्परेरी बिजली कनेक्शन हैं, वहां उपभोक्ताओं को स्थायी (पर्मानेंट) कनेक्शन लेना चाहिए। इसके लिए आवश्यक प्रक्रिया और व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी विद्युत विभाग निभाएगा।उन्होंने कहा कि खंभे लगाने से लेकर अन्य आवश्यक संसाधनों की व्यवस्था भी विभाग द्वारा की जाएगी।

लो वोल्टेज वाले क्षेत्रों में लगेंगे थ्री फेस कनेक्शन-मुख्य अभियंता अधिकारी ने यह भी बताया कि जिन गलियों और मोहल्लों में सिंगल फेस लाइन के कारण लो वोल्टेज की समस्या बनी हुई है, वहां यदि स्थानीय रहवासी सामूहिक रूप से आवेदन करते हैं तो बिजली विभाग द्वारा थ्री फेस लाइन, नए ट्रांसफॉर्मर एवं अतिरिक्त खंभों की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाएगी।

इस संबंध में अधिकारियों ने कांग्रेसजनों को सकारात्मक कार्रवाई का आश्वासन दिया।

कांग्रेस की चेतावनी– नहीं सुधरी व्यवस्था तो होगा आंदोलन

कांग्रेस नेताओं ने स्पष्ट कहा कि यदि आश्वासन के बावजूद भी शहर में बिजली कटौती और लो वोल्टेज की समस्या दूर नहीं हुई तो जनता के हित में उग्र आंदोलन और विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जनसमस्याओं को लेकर कांग्रेस लगातार संघर्ष करती रही है और आगे भी शहरवासियों के अधिकारों के लिए आवाज उठाती रहेगी।

जनता डर में-अपराधी मौज में, कवर्धा को अपराध का अड्डा बनाकर बैठे हैं गृह मंत्री: नवीन जायसवाल

कवर्धा/नवप्रदेश। जिला कांग्रेस कमेटी कबीरधाम के अध्यक्ष नवीन जायसवाल के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सड़क पर उतरकर प्रदेश की भाजपा सरकार और गृह मंत्री विजय शर्मा के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए पुतला दहन किया। कांग्रेस नेताओं ने जिले में लगातार बढ़ रहे अपराधों को लेकर भाजपा सरकार को पूरी तरह विफल बताया।

जिला कांग्रेस अध्यक्ष नवीन जायसवाल ने कहा कि कवर्धा जिले में लगातार बढ़ती चोरी, डकैती, लूट, हत्या, गैंगरेप, धार्मिक स्थलों में तोड़फोड़, मूर्तियों के खंडन, अवैध शराब बिक्री और सट्टा-जुआ जैसे गंभीर अपराधों ने आम जनता को भय और असुरक्षा के माहौल में जीने पर मजबूर कर दिया है। भाजपा सरकार में कानून व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त नजर आ रही है और अपराधियों के हौसले बुलंद हैं।

उन्होंने कहा कि सबसे बड़ी विडंबना यह है कि प्रदेश के गृह मंत्री विजय शर्मा अपने ही जिले में कानून व्यवस्था संभालने में विफल साबित हो रहे हैं। जब गृह मंत्री ही अपने क्षेत्र की जनता को सुरक्षा नहीं दे पा रहे हैं और अपराध लगातार बढ़ रहे हैं, तो नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए उन्हें अपने पद से इस्तीफा दे देना चाहिए।पुर्व विधायक प्रत्याशी नीलू चंद्रवंशी ने कहा कि भाजपा सरकार बनने के बाद से कवर्धा जिले पर मानो अपराध और असुरक्षा का साया छा गया है। जिले में लगातार धार्मिक स्थलों और देवी-देवताओं की मूर्तियों को खंडित किया जा रहा है, लेकिन आरोपी अब तक पुलिस की पकड़ से बाहर हैं। उन्होंने कहा कि गृह मंत्री विजय शर्मा को नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए तत्काल इस्तीफा देना चाहिए। जिला महामंत्री मनीष शर्मा ने कहा कि प्रदेश सहित पूरे जिले की कानून व्यवस्था पूरी तरह चरमरा चुकी है। गली-मोहल्लों में खुलेआम अवैध शराब और गांजा बिक रहा है, वहीं भाजपा नेताओं के संरक्षण में सट्टा-जुआ संचालित हो रहा है। अपराधियों के हौसले लगातार बढ़ते जा रहे हैं और भाजपा सरकार मूकदर्शक बनी बैठी है। युवा कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष तुकाराम चंद्रवंशी ने कहा कि जब निकम्मे लोग गृह मंत्री पद पर बैठे होंगे तो कानून व्यवस्था सुधरने की उम्मीद नहीं की जा सकती।

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग-03 सर्कल जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र/202605103300019 /ब-121/ वर्ष 2025-26

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक सोमनाथ चक्रधारी पिता रामकुमार निवासी ग्राम पिसेगांव तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम पिसेगांव प.ह.नं. 21 रा.नि.मं. अंजोरा (ख), तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.) स्थित खसरा नंबर 328 रकबा 0.061 हे. भूमि आवेदक द्वारा दिनांक 15.09.1977 को कय कर अपने स्वयं के नाम पर प्रमाणिकरण करवाकर ऋणपुस्तिका प्राप्त किया गया है। किन्तु उक्त भूमि वर्तमान राजस्व अभिलेख में रकबा 0.061 हे के स्थान पर रकबा 0.05 हे. दर्शित हो रहा है जो त्रुटिपूर्ण है। अतः वर्णित भूमि के रकबा 0.05 के स्थान पर 0.061 हे. भूमि राजस्व अभिलेख में दर्ज कर त्रुटिसुधार किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत दिनांक 08.06.2026 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 20.05.2026 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र/202605103000049 /अ-27/ वर्ष 2025-26

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिकागण :- प्रियंका चंदेल पति हेमंत अन्य 03 निवासी- रूम नं. 18 ब्लॉक 02 स्ट्रीट नं. 02 सेक्टर 05 भिलाई नगर सिविक सेंटर भिलाई तह व जिला दुर्ग (छ0ग0) विरूद्ध हीरा लाल पिता स्व. गोवर्धन अन्य 01 के द्वारा मौजा-हनोदा प.ह. नं. 53 रा.नि.मं उतई तह व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 189/1, 190/1 रकबा कमशः 0.17, 0.20 हे. कुल खसरा नं. 02 कुल रकबा 0.3700 हे. भूमि भूमिस्वामी नाबा संस्कृति चंदेल पिता हेमंत एवं अन्य 05 के नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज है। उक्त वर्णित भूमि का आवेदिकागण एवं अनावेदकगण के मध्य विधि अनुसार खातों का विभाजन कर पृथक-पृथक ऋण पुस्तिका प्रदान किये जाने आवेदन पत्र न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक. 25.05.2026 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 15.05.2026 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग-04 जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

मा.क्र202604104100028 /अ-06/वर्ष 2025-26

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है आवेदिका श्रीमती रितु महंत पति हेरमोन मैथ्यूस निवासी महाराष्ट्र मंगलम करहीडीह, गली नं.-01 दुर्ग तह. व जिला दुर्ग छ.ग. के द्वारा मौजा ग्राम उरला प.ह.नं. 16, रा.नि. मं. सिकोला तह. व जिला दुर्ग छ.ग. स्थित भूमि खसरा नंबर 219/11 रकबा 0.02200 हे.=2392 वर्गफीट 222.30 वर्गमीटर भूमि को रजिस्टर्ड बयनामा दिनांक 20.04.2026 को विक्रेता छत्तीगसगढ़ग्रामीण बैंक शाखा जेवरा सिरसा, दुर्ग (क्षेत्री कार्यालय दुर्ग) के तरफ से अधिकृत अधिकारी ऐनि अंसारी पति इदरिश अंसारी मूल स्वामी राजकुमार कसेर, हरिष कुमार कसेर दोनों पिता श्री भोलाराम कंसेर निवासी उरला तह. व जिला दुर्ग स्थित भूमि को कय किया है। जिसका नामांतरण किये जाने भुइया ऑलाईन द्वारा छत्त-2026-27-111-1-247 स्थानांतरण से प्राप्त है। जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है। अतः जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था उक्त भूमि के संबंध में आपत्ति दावा या उजर पेश करना हो तो पेशी दिनांक 28.05.2026 तक स्वंय अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति दावा या उजर प्रस्तुत कर सकते है। बाद में प्राप्त आपत्ति आवेदन पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 13.05.2026 को मेरे स्वंय के हस्ताक्षर एंव न्यायालय के पद मुद्रा से यह पत्र प्रकाशन हेतु जारी किया गया है।

मुहर — नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

नाम-परिवर्तन

मैं पुत्री कुमारी लाव्या साहू (KUMARI LAVYA SAHU) से (पुराना नाम, जिसे बदला जाना है) सुपुत्र / सुपुत्री/पत्नी महेन्द्र कुमार साहू आत्मज रेखराम साहू, स्थायी निवासी-मकान नंबर-506, वार्ड नंबर 17, ग्राम पुरई, तहसील व जिला-दुर्ग (छ.ग.) ने अपना पुत्री का नाम कुमारी लाव्या साहू (KUMARI LAVYA SAHU) (पुराना नाम) से बदल कर लाव्या साहू (LAVYA SAHU) रख लिया है।

शपथकर्ता
कुमारी लाव्या साहू
सुपुत्री महेन्द्र कुमार साहू
आत्मज रेखराम साहू,
स्थायी निवासी-मकान नंबर-506, वार्ड नंबर 17, ग्राम पुरई,
तहसील व जिला-दुर्ग (छ.ग.)

नाम-परिवर्तन

मैं मेहतरीन (पुराना नाम, जिसे बदला जाना है) सुपुत्र/ सुपुत्री/पत्नी गोपाल स्वंय का नाम हेमबती साहू पति स्व. गणपत राम साहू, उम्र 84 वर्ष, निवासी वार्ड नंबर-54, पोटियाकला दुर्ग, तहसील व जिला दुर्ग (छत्तीसगढ़) ने अपना नाम मेहतरीन पिता गोपाल (पुराना नाम) से बदल कर हेमबती साहू पति स्व0 गणपत राम साहू (नया नाम) रख लिया है।

शपथकर्ता
मेहतरीन सुपुत्र/सुपुत्री/पत्नी
गोपाल स्वंय का नाम हेमबती साहू
पति स्व. गणपत राम साहू
निवासी वार्ड नंबर-54,
पोटियाकला दुर्ग,
तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.)

नाम-परिवर्तन

मै ईशात यादव (I N S H A T YADAV) (पुराना नाम जिसे बदला जाना है) सुपुत्र स्व. रूपेन्द्र कुमार यादव गांव / शहर हाउस नं. 158, ग्राम चंदखुरी तहसील दुर्ग जिला दुर्ग छत्तीसगढ़ ने अपना नाम ईशात यादव (I N S H A T YADAV) (पुराना नाम) से बदलकर ईशांत यादव (I S H A N T YADAV) (नया नाम) रख लिया है।

शपथकर्ता
ईशात यादव
सुपुत्र स्व. रूपेन्द्र कुमार यादव
गांव/शहर हाउस नं. 158, ग्राम
चंदखुरी तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)

नाम-परिवर्तन

मै पियुष (PIYUSH) (पुराना नाम जिसे बदला जाना है) सुपुत्र रूम लाल यादव गांव/शहर हाउस नं. 565, वार्ड नं. 10 ग्राम चंदखुरी तहसील दुर्ग जिला दुर्ग छत्तीसगढ़ ने अपना नाम पियुष (PIYUSH) (पुराना नाम) से बदलकर पियूष यादव (P I Y U S H YADAV) (नया नाम) रख लिया है।

शपथकर्ता
पियुष सुपुत्र रूम लाल यादव
गांव/शहर हाउस नं. 565,
वार्ड नं. 10 ग्राम चंदखुरी
तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र/202505101200058 /अ-06/ वर्ष 2025-26

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जा है कि आवेदिका श्रीनिवास सुकतेल आ. स्व. तिलकराम निवासी ग्राम जजगिरी तह व जिला दुर्ग (छ.ग) के द्वारा ग्राम जजगिरी तह. व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नं. 417, 633, 655, 666, 998, 638 रकबा कुल 1.3100 हे. भूमि जो कि नरबदिया के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। उक्त भूमि के भूमिस्वामी की मृत्यु दिनांक 14.02.2023 को हो जाने पर जिसे वसीयत नामांतरण के आधार पर आवेदक के नाम पर राजस्व अभिलेख में दर्ज किए जाने आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 05.06.2026 तक स्वयं अथवा अपने माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 19.05.2026 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यूज गैलरी

शराब भट्ठी के पास चाकू लहराते युवक को पुलिस ने दबोचा

महासमुंद/नवप्रदेश। बसना पुलिस ने गढ़पटनी मार्ग स्थित शराब भट्ठी के पास चाकू लेकर लोगों को डरा-धमका रहे एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से धारदार चाकू बरामद किया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि एक युवक शराब भट्ठी के पास धारदार चाकू लेकर आने-जाने वाले लोगों को डरा रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ लिया। पकड़े गए युवक की पहचान धौराभांठा थाना सहिला जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़, हाल मुकाम जर्रा थाना बसना निवासी हेमलाल चेरकिया (29) के रूप में हुई है। तलाशी के दौरान आरोपी के पास से धारदार चाकू बरामद किया गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफआर्म्स एक्ट की धारा 25 और 27 के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

महुआ शराब के साथ युवक गिरफ्तार

महासमुंद/नवप्रदेश। बसना पुलिस ने ग्राम भीखापाली में अवैध महुआ शराब के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से करीब 15 लीटर देशी हाथ भट्ठी महुआ शराब बरामद की गई है। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक युवक अवैध रूप से महुआ शराब लेकर घूम रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस ने दबिश देकर खैरा थाना सलिहा जिला बलौदाबाजार, हाल मुकाम रामपुर थाना बसना निवासी छबिलाल नायक (28) को पकड़ लिया। तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से करीब 15 लीटर देशी हाथ भट्ठी महुआ शराब बरामद की गई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट की धारा 34(2) के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर दुगली में श्रद्धांजलि अर्पित

नगरी/नवप्रदेश। ग्राम पंचायत दुगली में पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर दुगली में कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं ने राजीव गांधी के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी तथा देश के विकास में उनके योगदान को स्मरण किया। कार्यक्रम में विधायक अंबिका मरकाम पूर्व विधायक लक्ष्मी ध्रुव सहित ब्लॉक भानेन्द्र ठाकुर, निकेश ठाकुर, शिवकुमार परिहार, कमलेश मिश्रा, छोटू खान, जावेद मेमन, सोमनाथ नेताम, प्रमोद कुंजाम एवं मयंक ध्रुव सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने भी श्रद्धांजलि अर्पित की। पूर्व विधायक लक्ष्मी धुव ने अपने संबोधन में कहा कि राजीव गांधी ने भारत को आधुनिक युग की ओर अग्रसर करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने सूचना प्रौद्योगिकी, दूरसंचार एवं कंप्यूटर क्रांति की मजबूत नींव रखी, जिसका लाभ आज देश का हर नागरिक प्राप्त कर रहा है। उन्होंने पंचायती राज व्यवस्था को सशक्त बनाकर ग्रामीण विकास को नई दिशा देने का कार्य किया। वक्ताओं ने कहा कि राजीव गांधी युवाओं की नई सोच, ऊर्जा और आधुनिक भारत के सपनों के प्रतीक थे। शिक्षा, विज्ञान, संचार एवं ग्रामीण विकास के क्षेत्र में उनके योगदान को देश कभी नहीं भूल सकता। उनके विचार और आदर्श आज भी युवाओं एवं समाज को प्रेरित करते हैं।

खल्लारी के 79 गांवों में गहराया पेयजल संकट, विधायक ने उपमुख्यमंत्री को लिखा पत्र

जल जीवन मिशन के अधूरे कार्यों पर उठाए सवाल, टेका गांव के लोग आज भी नदी का पानी पीने को मजबूर

महासमुंद/नवप्रदेश। खल्लारी विधानसभा क्षेत्र के बागबाहरा ब्लॉक अंतर्गत 79 गांव इन दिनों गंभीर पेयजल संकट से जूझ रहे हैं। भीषण गर्मी के बीच ग्रामीणों को पीने के पानी के लिए भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। क्षेत्र की इस गंभीर समस्या को लेकर खल्लारी विधायक एवं जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष द्वारिकाधीश यादव ने उपमुख्यमंत्री एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री अरुण साव को पत्र लिखकर तत्काल व्यवस्था सुधारने की मांग की है। विधायक द्वारिकाधीश यादव ने अपने पत्र में बताया कि जल जीवन मिशन के तहत क्षेत्र के कई गांवों में अब तक बोर खनन का कार्य पूरा नहीं हो पाया है। अनेक स्थानों पर पानी टंकियों का निर्माण अधूरा पड़ा हुआ है, जबकि कई गांवों में पाइपलाइन विस्तार और नल कनेक्शन का काम शुरू तक नहीं हो सका है। इसके चलते ग्रामीणों को भीषण गर्मी में दूर-दराज के क्षेत्रों से पानी लाने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है।

कई गांवों में बंद पड़ी पानी टंकियां, असफल हुए बोर : विधायक ने कहा कि कई गांवों में निर्मित पानी टंकियां अब तक चालू नहीं हो सकी हैं। कुछ स्थानों पर किए गए बोर असफल हो चुके हैं, वहीं कई गांवों में पर्याप्त मात्रा में पेयजल उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। लगातार बढ़ते जल संकट से ग्रामीणों में भारी नाराजगी है और जनजीवन प्रभावित हो रहा है।

उन्होंने आरोप लगाया कि जल जीवन मिशन के कार्यों में धीमी गति और लापरवाही के कारण ग्रामीणों को मूलभूत सुविधा से वंचित होना पड़ रहा है।

टेका गांव की स्थिति सबसे चिंताजनक : विधायक द्वारिकाधीश यादव ने टेका गांव का विशेष उल्लेख करते हुए बताया कि वहां आज तक बोर खनन नहीं हुआ है और पाइपलाइन विस्तार का कार्य भी अधूरा पड़ा है। स्थिति यह है कि ग्रामीण आज भी नदी का पानी पीने को मजबूर हैं। गर्मी बढ़ने के साथ गांव में पेयजल संकट और अधिक गंभीर होता जा रहा है।

अधूरे कार्य जल्द पूर्ण कराने की मांग

विधायक ने उपमुख्यमंत्री अरुण साव से मांग की है कि लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को तत्काल निर्देशित कर सभी प्रभावित गांवों में पेयजल व्यवस्था दुरुस्त कराई जाए तथा जल जीवन मिशन के अधूरे कार्यों को शीघ्र पूरा कराया जाए, ताकि ग्रामीणों को राहत मिल सके। उन्होंने कहा कि पेयजल जैसी मूलभूत आवश्यकता को लेकर शासन की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सरकार को संवेदनशीलता दिखाते हुए गांवों की समस्याओं का स्थायी समाधान सुनिश्चित करना चाहिए।

सुशासन तिहारः मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय पहुंचे कमरौद, ग्रामीणों से किया संवाद, कमरौद-चरोदा सड़क समेत कई सौगातों की घोषणा

बरगद के नीचे सीएम की चौपाल, योजनाओं की जमीनी हकीकत को परखा

महासमुंद/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सुशासन तिहार के अंतर्गत शुक्रवार को महासमुंद जिले के बागबाहरा विकासखंड स्थित ग्राम कमरौद पहुंचकर बरगद के विशाल पेड़ के नीचे ग्रामीणों के साथ चौपाल लगाई। मुख्यमंत्री ने गांव में विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जमीनी स्थिति की जानकारी ली और ग्रामीणों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं।

इससे पहले मुख्यमंत्री ने गांव स्थित दुर्गा मंदिर में पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर सांसद रूपकुमारी चौधरी, विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, येतराम साहू, पूर्व सांसद चुन्नीलाल साहू, जिला पंचायत अध्यक्ष मोगरा पटेल, उपाध्यक्ष भीखम ठाकुर एवं अलका चंद्राकर सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

योजनाओं का लाभ मिल रहा या नहीं, सरकार गांव-गांव जाकर कर रही पड़ताल : भीषण गर्मी के बीच आयोजित चौपाल में मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि सरकार गांव-गांव पहुंचकर यह जानना चाहती है कि लोगों को राशन, बिजली, प्रधानमंत्री आवास, महतारी वंदन योजना समेत अन्य योजनाओं का लाभ सही तरीके से मिल रहा है या नहीं। उन्होंने कहा कि कमरौद गांव पहुंचना उनके लिए सौभाग्य की बात है।

ग्रामीणों ने रखीं विकास कार्यों की मांग

पूर्व सरपंच भवन साहू ने गांव में मुक्ति धाम, सीसी रोड और तालाब सौंदर्यीकरण की मांग रखी। ग्रामीणों ने कमरौद से चरोदा मार्ग निर्माण की भी मांग की। ग्रामीण मोहन कुलदीप ने मुख्यमंत्री को धन्यवाद देते हुए बताया कि दिसंबर 2025 में उन्होंने सोलर पैनल लगवाया, जिसके लिए उन्हें 1.08 लाख रुपए की सब्सिडी मिली।

खाद संकट पर बोले मुख्यमंत्री, नैनो यूरिया उपयोग बढ़ाने पर जोर : किसानों से चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों और खाड़ी युद्ध के कारण खाद संकट की स्थिति बनी हुई है। इसके बावजूद सरकार किसानों को समय पर खाद उपलब्ध कराने का लगातार प्रयास कर रही है। उन्होंने किसानों से नैनो यूरिया के उपयोग को बढ़ावा देने की अपील की।

मुख्यमंत्री ने बताया कि राज्य सरकार जल्द ही ऑनलाइन शिकायत समाधान व्यवस्था शुरू करने जा रही है, जिससे लोग घर बैठे मोबाइल के माध्यम से अपनी समस्याओं का समाधान करा सकेंगे। इसके लिए टोल फ्री नंबर भी जारी किया जाएगा। उन्होंने बताया कि पंचायत स्तर पर अटल डिजिटल सेवा केंद्रों के माध्यम से विभिन्न सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं और प्रदेश में अब तक 6 हजार केंद्र खोले जा चुके हैं।

मुख्यमंत्री की बड़ी घोषणाएं

महिलाओं के लिए भवन, मुक्ति धाम और 4 किमी सड़क निर्माण की घोषणा : मुख्यमंत्री ने चौपाल के दौरान ग्रामीणों की मांगों पर कई महत्वपूर्ण घोषणाएं कीं। उन्होंने महिलाओं के लिए सर्वसुविधायुक्त भवन निर्माण की घोषणा की, जहां स्व-सहायता समूहों एवं सामाजिक गतिविधियों का संचालन किया जा सकेगा। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने कमरौद से चरोदा तक लगभग 4 किलोमीटर लंबी सड़क निर्माण की घोषणा की। इससे ग्रामीणों को आवागमन, शिक्षा, स्वास्थ्य और बाजार तक पहुंच में सुविधा मिलेगी। मुख्यमंत्री ने गांव में मुक्ति धाम निर्माण की भी घोषणा की। मुख्यमंत्री की घोषणाओं से ग्रामीणों में उत्साह का माहौल देखा गया।

महिलाओं ने बताई महतारी वंदन योजना की उपयोगिता

मुख्यमंत्री ने चौपाल में महिलाओं से महतारी वंदन योजना के लाभ की जानकारी ली। महिलाओं ने बताया कि उन्हें नियमित रूप से योजना की राशि मिल रही है। ग्रामीण देव कुमारी साहू ने बताया कि वह इस राशि को अपनी बेटी के भविष्य के लिए बचा रही हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि वे अब तक प्रदेश के 16 जिलों का दौरा कर लोगों से सीधे संवाद कर चुके हैं।

मुख्यमंत्री साय ने छात्र के साथ ली सेल्फी

चौपाल के दौरान मुख्यमंत्री ने गांव के पांचवीं कक्षा के छात्र पूर्वांश साहू से मुस्कुराते हुए पूछा, सेल्फी लेंगे क्या? इसके बाद छात्र ने उत्साहपूर्वक मुख्यमंत्री के साथ सेल्फी ली। यह दृश्य ग्रामीणों के बीच आकर्षण का केंद्र बना रहा।

सिंचाई परियोजनाओं से जिले को मिलेगा लाभ

मुख्यमंत्री ने कहा कि सिरपुर बैराज और सिकासेर से कोडार परियोजना जिले के लिए जीवनदायिनी साबित होगी। उन्होंने कहा कि सरकार किसानों की आय दोगुनी करने के लिए संकल्पित है। उल्लेखनीय है कि इस वर्ष के बजट में जिले की सिंचाई क्षमता बढ़ाने के लिए 3200 करोड़ रुपए की लागत से सिकासेर बांध गरियाबंद से शहीद वीर नारायण सिंह जलाशय कोडार तक पानी पहुंचाने की योजना बनाई गई है।

बिहान योजना से बनीं लखपति दीदी

ग्राम की परी साहू ने बताया कि बिहान योजना से जुड़कर वे फ्लखपति दीदीफ्र बन गई हैं। उन्होंने बताया कि फैंसी और किराना दुकान संचालित कर वे आत्मनिर्भर बनी हैं। महिलाओं ने गांव में क्लस्टर भवन निर्माण की मांग भी रखी। वहीं लता साहिस ने बताया कि उन्हें पक्का मकान, महतारी वंदन योजना और गैस सिलेंडर योजना का लाभ मिला है। मधु साहू ने मछली पालन व्यवसाय के दौरान गर्मी में पानी की समस्या बताई, जिस पर मुख्यमंत्री ने सोलर आधारित बोर सुविधा उपलब्ध कराने की बात कही।

एक क्विंटल 56 किलो अवैध गांजा जब्त 5 अंतर्राज्यीय तस्कर चढ़े पुलिस के हत्थे

गरियाबंद पुलिस की बड़ी कार्यवाही

गरियाबंद/नवप्रदेश। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन एवं वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में थाना देवभोग पुलिस द्वारा मादक पदार्थ गांजा के अवैध परिवहन के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए दो अलग.अलग सूचनाओं पर संयुक्त कार्यवाही कर कुल लगभग 156ण06 किलोग्राम गांजा जप्त कर विधि से संघर्षरत बालक सहित 05 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। दोनों मामलों में कुल जप्ती 156ण06 किलोग्राम मादक पदार्थ गांजा के साथ 02 वाहनों की कीमत लगभग 86,53,000 रुपये है। थाना देवभोग पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि उड़ीसा की ओर से वाहनों में अवैध रूप से भारी मात्रा में गांजा परिवहन किया जा रहा है। सूचना पर थाना प्रभारी एवं पुलिस टीम द्वारा अलग.अलग स्थानों पर घेराबंदी कर संदिग्ध वाहनों की जांच की गई। कार्यवाही के दौरान ग्राम मुरलीगुड़ा डोंगरीपारा मार्ग में एक सफेद रंग की स्विफ्ट डिजायर कार क्रमांक डच् 04 ठक् 7321 को रोकने का प्रयास किया गया। वाहन चालक पुलिस को देखकर तेजी से भागने का प्रयास करते हुए वाहन को नीम पेड़ से टकरा दियाए जिसके बाद पुलिस टीम द्वारा घेराबंदी कर वाहन में सवार आरोपियों को पकड़ा गया। तलाशी के दौरान वाहन से तीन प्लास्टिक बोरियों में कुल 80 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया। जिसकी अनुमानित कीमत लगभग ?40 लाख है। इसी क्रम में दूसरी सूचना पर पुलिस टीम द्वारा पुलिया के पास घेराबंदी कर मारुति सुजुकी एस.क्रॉस वाहन क्रमांक डच् 04 झळ 0614 को रोका गया।

दोनों प्रकरण में संलिप्त विधि से संघर्षरत बालक सहित 05 आरोपियों के विरुद्ध थाना देवभोग में एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। प्रकरण में आरोपियों के विरुद्ध पर्याप्त साक्ष पाए जाने पर से समक्ष प्रवाहन के विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया। थाना देवभोग पुलिस टीम की विशेष भूमिका रही।

भीषण गर्मी में बिजली कटौती से लोग त्रस्त, बिजली के इंतजार में कटती रात

रात में लाइट गुल तो घंटों इंतजार, भीषण गर्मी में जनता हलाकान

कोपरा नवापारा/नवप्रदेश। कोपरा स्थित विद्युत वितरण कार्यालय की हालत बद से बदतर हो गई है। कार्यालय परिसर में जगह-जगह शराब की खाली बोतलें डिस्पोजल और कचरा पड़ा है। बिजली के उपकरण इंसुलेटर भी कचरे के ढेर में फेंके हुए मिले हैं। जबकि इस भीषण गर्मी में दिन-रात कभी भी बार-बार बिजली कटौती होने से नगर समेत ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली कटौती से हाहाकार मचा हुआ हैं। लोग गर्मी से परेशान हो गए हैं। छोटे बच्चे बुजुर्ग और बीमार लोगों का बुरा हाल है। इस भीषण गर्मी में बिजली कटौती के कारण इन्वर्टर भी जवाब दे जा रहे हैं।स्थानीय लोगों का कहना है कि यहां के कर्मचारी शाम होते ही नशे में डूब जाते हैं। इसका सीधा असर विद्युत आपूर्ति पर पड़ रहा है। रात के समय अगर किसी क्षेत्र की लाइट बंद हो जाए तो शिकायत के घंटों बाद मुश्किल से बिजली बहाल हो पाती है। वही यह भी बताया कि अगर कही रात में लाइन में फॉल्ट आ गई तो कर्मचारियों को उसे ढूंढने में ही पूरी रात बीत जाती है। कई बार तो सुबह तक भी सुधार नहीं हो पाता।वही पिछले दिनों भी लगातार बिजली कटौती के कारण अनेक किसानों की फसलें सूख गई। वही इस भीषण गर्मी में आम जनता को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। फोटो में साफदिख रहा है कि कार्यालय परिसर में टूटे-फूटे इंसुलेटर, प्लास्टिक की बोतलें शराब की खाली शीशियां और सूखे पत्तों का अंबार लगा है।

कुरूद पहुंचे युवा कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष आकाश शर्मा, कार्यकर्ताओं ने किया जोरदार स्वागत

कुरूद/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ प्रदेश युवा कांग्रेस के अध्यक्ष आकाश शर्मा के धमतरी जिले के दौरे के दौरान कुरूद आगमन पर युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जोरदार एवं उत्साहपूर्ण स्वागत किया। पुराना बाजार चौक स्थित कांग्रेस भवन के पास कुरूद विधानसभा युवा कांग्रेस अध्यक्ष देवव्रत साहू के नेतृत्व में युवाओं ने फूल-मालाओं एवं नारों के साथ उनका अभिनंदन किया।कार्यक्रम की शुरुआत कांग्रेस भवन में देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर उनके छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं श्रद्धांजलि अर्पित कर की गई। इस दौरान 21 मई को आतंकवाद विरोध दिवस के रूप में मनाते हुए सभी कांग्रेसजनों को शपथ भी दिलाई गई।इसके पश्चात प्रदेशाध्यक्ष आकाश शर्मा ने कुरूद विधानसभा युवा कांग्रेस के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से संवाद करते हुए संगठनात्मक विषयों पर चर्चा की और युवाओं का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि आगामी 24 मई को रायपुर में भारतीय युवा कांग्रेस चुनाव प्रभारी टीम पहुंचेगी, जहां युवा कांग्रेस चुनाव एवं महासदस्यता अभियान को लेकर विस्तृत जानकारी दी जाएगी।

आकाश शर्मा ने कहा कि राहुल गांधी का उद्देश्य युवा कांग्रेस में आंतरिक लोकतंत्र को मजबूत करना, युवाओं को नेतृत्व का अवसर देना और जमीनी कार्यकर्ताओं को उनकी मेहनत के आधार पर पहचान दिलाना है। उन्होंने कहा कि युवा कांग्रेस चुनाव केवल पद प्राप्त करने का माध्यम नहीं, बल्कि देश और समाज की आवाज बनने का सशक्त मंच है।

जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष तारिणी चंद्राकर ने कहा कि संगठनात्मक चुनाव से कार्यकर्ताओं में उत्साह बढ़ता है तथा बूथ स्तर तक संगठन मजबूत एवं सक्रिय होता है। उन्होंने अधिक से अधिक युवाओं को कांग्रेस पार्टी से जोड़ने का आह्वान किया। कुरूद विधानसभा युवा कांग्रेस अध्यक्ष देवव्रत साहू ने कहा कि कुरूद विधानसभा में युवा कांग्रेस हमेशा अन्याय एवं दमनकारी नीतियों के खिलाफ संघर्ष में अग्रणी रही है। उन्होंने कहा कि युवा कांग्रेस चुनाव सत्ता की सीढ़ी नहीं, बल्कि संघर्ष और जनसेवा की पहचान है।

सुशासन त्यौहार में सरपंचों एवं सचिवों का हुआ सम्मान

कोलिहा (लवन)/नवप्रदेश। जनपद पंचायत बलौदा बाजार के ग्राम पंचायत सकरी में सुशासन त्यौहार 2026 के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में सरपंचों एवं पंचायत सचिवों द्वारा मुख्यालय सहित 18 से 20 पंचायत के जनप्रतिनिधि ग्राम ग्रामीणों सहित ब्लॉक एवं जिला स्तर के सभी विभाग के अधिकारी कर्मचारियों के लिए उचित छाया पानी टेंट पंडाल कुर्सी टेबल शीतल पेयजल से लेकर खाने-पीने की भी संपूर्ण व्यवस्था और अपनी अपनी दायित्वों का सफल निर्वहन करते हुए कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्व भूमिका निभाने के कारण ग्राम पंचायत सकरी के सरपंच हरीश कुमार फेकर पंचायत सचिव हरिकिशन वर्मा एवं उपसरपंच धनेश् वर्मा सहित सभी उपस्थित मुख्य अतिथियों द्वारापंचायत विभाग के सचिवों एवं सरपंचों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पंचायत क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले सचिवों सरपंचों को मंच पर शॉल, श्रीफल एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया गया। इस दौरान जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं समाजसेवियों की उपस्थिति ने कार्यक्रम को गरिमामय बना दिया।

बता दें कि सचिव ग्रामीण विकास की योजनाओं को धरातल तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं को आम जनता तक पहुंचाने, ग्रामीण क्षेत्रों में विकास कार्यों के क्रियान्वयन तथा शासन और जनता के बीच समन्वय स्थापित करने में पंचायत सचिवों का योगदान सराहनीय है। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने सम्मानित सचिवों को शुभकामनाएं देते हुए भविष्य में भी इसी प्रकार निष्ठा एवं ईमानदारी के साथ कार्य करने की अपील की। समारोह के दौरान मंच पर उपस्थित अतिथियों एवं पंचायत सचिवों ने सामूहिक रूप से ग्रामीण विकास एवं जनसेवा के लिए निरंतर कार्य करने का संकल्प लिया।

पेज 1 का शेष...

सुशासन तिहार में खुली...

एफआईआर, निलंबन और औचक जांच जैसे कदम उठाते हुए खाद वितरण व्यवस्था को पारदर्शी बनाने की कवायद तेज कर दी है। विशेष रूप से महासमुंद, रायपुर, मुंगेली, राजनांदगांव, सूरजपुर, कोरिया और एमसीबी जिलों में कार्रवाई के मामले प्रमुख रूप से सामने आए हैं। संबंधित विभाग के आंकड़े अभी सार्वजनिक नहीं किए गए है, क्योंकि 10 जून तक चलने वाले सुशासन तिहार में और भी शिकायतें दर्ज की जाएगी। उसके बाद आंकड़े सार्वजनिक किए जाएंगे।

सरगुजा संभाग में बढ़ीं शिकायतें: सुशासन तिहार के दौरान सरगुजा संभाग के जिलों में खाद वितरण और गबन से जुड़ी गंभीर शिकायतें सामने आईं। इसमें प्रमुख प्रभावित जिले सूरजपुर, कोरिया, मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर (एमसीबी), कोरिया, मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर (एमसीबी)। इन जिलों में सहकारी समितियों और वितरण व्यवस्था की निगरानी बढ़ाई गई है।

प्रमुख कार्रवाई क्षेत्र

- -रायपुर संभाग : निरीक्षण और कार्रवाई
- -बिलासपुर संभाग : निगरानी अभियान
- -दुर्ग संभाग : सहकारी समितियों की जांच
- -सरगुजा संभाग : खाद उपलब्धता समीक्षा
- -बस्तर संभाग : वितरण व्यवस्था निगरानी

जिलों की स्थिति (शुरुआती 15 दिन)

धमतरी, महासमुंद और बालोद (मैदानी इलाके): इन कृषि प्रधान जिलों में शुरुआती 15 दिनों में औसतन हर जिले से 8,000 से 12,000 के बीच आवेदन आए, जिनमें से 40% मामले सहकारी समितियों में खाद भंडारण और वितरण की कछुआ चाल को लेकर थे।

एक ही परिवार के चार ...

पहले दोनों बच्चों को शराब पिलाई। उसके बाद उसने बच्चों को नींद का इंजेक्शन लगाया। इसके बाद उसने रस्सी से बच्चों का गला घोंट दिया। चंचल ने अपने पति गोविंद साहू को शराब पिलाई। गोविंद साहू पहले फांसी के फंदे पर झूला। उसके बाद चंचल ने खुद फांसी लगाई। चंचल के गाल पर थप्पड़ के निशान हैं। अंदाजा लगाया जा रहा है कि दोनों के बीच विवाद हुआ था। मृतिका चंचल साहू ने माता-पिता और भाई के फैसले के खिलाफ गोविंद से शादी की थी। शादी के बाद वो अपनी वैवाहिक जिंदगी से खुश नहीं थी। शादी के कुछ साल बाद से ही परेशान रहने लगी थी। चंचल ने मरने से पहले अपने परिवार के सदस्यों से माफी मांगी है। गोविंद और चंचल के दोनों बच्चे केपीएस नेहरू नगर में पढ़ाई करते थे। बेटा इस साल 5 वीं की परीक्षा पास कर 6 वीं में प्रवेश किया था। बेटी 8 वीं पास कर 9 वीं कक्षा में प्रवेश की थी।

भोजशाला में 700 साल...

भोजशाला को मंदिर घोषित किया था। मुस्लिम समाज ने फैसले के विरोध में काली पट्टी बांधकर नमाज अदा की। अपनी दुकानें भी बंद रखीं। वहीं सुरक्षा के लिए करीब 2 हजार पुलिसकर्मी तैनात किए गए हैं। सोशल मीडिया पर भी कड़ी निगरानी रखी जा रही है।

'सुशासन तिहार का उद्देश्य...

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं कि मैं सुमीत बोथरा, पिता गौतम चंद बोथरा, निवासी एच नं. 0844, गवली पारा, इनफ्रंट ओएफ रोली मोली शॉप, वॉर्ड नं. 32, दुर्ग, (छ.ग.) यह शपथ करता हूं कि मैंने अपना यह पुराना नाम सुमीत बोथरा, को त्याग कर नया नाम सुमित बोथरा रख लिया हूं। अत: आज से मुझे समस्त शासकीय, अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नये नाम सुमित बोथरा से ही जाना पहचाना जावे।

शपथकर्ता
सुमित बोथरा
एच नं. 0844, गवली पारा, इनफ्रंट ओएफरोली मोली शॉप, वॉर्ड नं. 32 दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
मामले की श्रेणी-राजस्व
ईश्तहार

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील-दुर्ग प.ह.न. 00017 सिकोला ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण- आर.डी. 202526430107400070

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00017 के अंतर्गत ग्राम सिकोला के वर्तमान भूमिस्वामी किसनलाल पिता/पति दौवाराम पता भिलाई के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 299/65(0.0140) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता पवन पिता/पति स्व. किशनलाल पता मकान नं. 32 वृंदानगर सुपेला भिलाई, भारत भूषण पिता/पति स्व. किशनलाल पता मकान नं. 32 वृंदानगर सुपेला भिलाई के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरूस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 28.05.2026 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार दुर्ग पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 27.04.2026 को जारी किया जाता है।

मुहर — तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग-01 जिला दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार

रा.प्र.क्र/202605104700020 /अ-06अ/ वर्ष 2025-26

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि: आवेदिका श्रीमती कमला बाई पति श्री रामचन्द्र दास कोल्हे उम्र-95 वर्ष निवासी मॉडल टाउन जुनवानी तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.) विरूद्ध अनावेदकगण श्रीमती एल्मा टोप्पो ध0प0 अतिसय्या टोप्पो निवासी भिलाई नगर के द्वारा स्थित भूमि मौजा जुनवानी, प.ह.नं.-43 रा.नि.मं. जुनवानी भिलाई, तह. व जिला-दुर्ग (छ.ग.) में स्थित भूमि पुराना खसरा नंबर-325/2 का टुकड़ा रकबा 2000 वर्गफीट / 0.019 हे. (40X50) को पंजीयन कार्यालय दुर्ग में पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 12.09.1966 को संपूर्ण प्रतुलि देकर क्रय किया थी तथा उक्त विक्रय पत्र को सक्षम न्यायालय दुर्ग में प्रमाणित करा लिया था, जिसका संशोधन क्रं. 02, दिनांक-23.12.1981 का प्रमाणित दर्ज कर आवेदिका को खसरा नंबर 325/141 (पुराना) राजस्व अभिलेख में बतौर भूमि स्वामी दर्ज कर ऋण पुस्तिका भी प्रदान किया गया जो कि राजस्व अभिलेख में पांचसाला खसरा वर्ष 1989-90 से 1992-93 में दर्ज किया गया। बंदोबस्त वर्ष 1985-86 में पुराना खसरा नंबर-325/141 का नया नंबर-1091 दिया गया है। यह कि आवेदिका ने अपने हक स्वामित्व व आधिपत्य में दर्ज नया खसरा नंबर 1091 रकबा 0.02 हे. भूमि को किसी भी अन्य व्यक्ति को विक्रय ही नही किया है तथा उक्त मौका खसरा की भूमि आज भी आवेदिका के आधिपत्य में कब्जा कर रखी है। आवेदिका के द्वारा क्रयकृत उपरोक्त नया खसरा नंबर 1091 की भूमि आवेदिका के नाम से राजस्व अभिलेख में दर्ज किया गया है जो कि सही व सत्य है। पंरतु अभिलेखो वर्ष 2002-03 से वर्तमान राजस्व अभिलेख के 1091 में बतौर भूमि स्वामी श्रीमती एल्मा टोप्पो ध.प. अतिसय्या का दर्ज नाम पूर्णरूप से त्रुटिपूर्ण है जिसे न्यायहित में स्वीकार किया जाना आवश्यक है क्योकि वर्तमान राजस्व अभिलेख में आवेदिका द्वारा कृयकृत भूमि में आवेदिका का नाम राजस्व अभिलेख में त्रुटिवश नही दिखाई दे रहा है उक्त आवेदिका द्वारा क्रयकृत पुराना खसरा नंबर-325/141 जिसका नया खसरा नंबर 1091 में त्रुटिवश दर्ज बतौर राजस्व अभिलेख दर्ज श्रीमती एल्मा टोप्पो ध.प. अतिसय्या टोप्पो का नाम राजस्व अभिलेख से विलोपित कर मूल भूमिस्वामी श्रीमती कमला बाई ध.प. श्री रामचन्द्र दास का नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज कर अभिलेख दुरूस्त किये जाने हेतु आवेदन इस न्यायालय में प्राप्त हुआ है। उक्त संबंध में पटवारी के द्वारा जांच प्रतिवेदन प्राप्त। अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 29.05.2026 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा। आज दिनांक 06.05.2026 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग-01 (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार बोरी जिला दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक गुलशन पिता चैतराम निवासी, डोड़की जाति निवासी ग्राम डोड़की तहसील बोरी जिला दुर्ग द्वारा ग्राम डोड़की प.ह.नं-01 रा.नि.मं.- बोरीबुजुर्ग तहसील बोरी जिला दुर्ग में अपने स्वयं का जन्म दिनांक 11.05.1996 को हुआ है, जन्म प्रमाण आदेश हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है, जिसका प्रकरण न्यायालय में विचारधीन है।

अतः जन्म प्रमाण पत्र बनवाने हेतु आदेश जारी किये जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति / दावा हो तो वे नियत समय में स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ सुनवाई दिनांक 29/05/2026 को या उसके पूर्व उपस्थित होकर अपना आपत्ति / दावा प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पर विचार नही किया जावेगा ।

आज दिनांक 22/05/2026 को मेरे हस्ताक्षर एंव न्यायालयीन मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर — नायब तहसीलदार बोरी जिला दुर्ग (छ.ग.)

एनएमडीसी द्वारा दक्षिण बस्तर में 1700 बच्चों के लिए समर कैंप का शुभारंभ

हैदराबाद/नवप्रदेश। जनजातीय समुदायों के बच्चों के पोषण और उनके सर्वांगीण विकास के उद्देश्य से शुरू की गई। एक अनूठा प्रयास के तहत, एनएमडीसी ने 20 मई से 15 जून 2026 तक दंतेवाड़ा जिले के 17 गांवों में 'समर कैंप' ग्रीष्मकालीन शिविर का शुभारंभ किया है । इस अनूठी पहल के माध्यम से गर्मी की छुट्टियों के दौरान लगभग 1700 बच्चों को अनुभवात्मक शिक्षण (e&perientiallearning), रचनात्मकता तथा खेलकूद से जोड़ने की रूपरेखा तैयार की गई है । हालांकि अधिकांश गांवों में ये गतिविधियां शुरू हो चुकी हैं, फिर भी बच्चों की संख्या बढ़ाने व जुटाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं । वर्तमान में, एनएमडीसी समर कैंप में प्रत्येक गांव से प्रतिदिन 30 से 40 बच्चों की उपस्थिति दर्ज की जा रही है ।

इस शिविर में बच्चे प्रतिदिन तीन से चार घंटे का सफलता, खुशहाली व मनोरंजन का समय बिता रहे हैं, जिसके तहत वे पठन-पाठन, शिल्प कार्य (क्राफ्टवर्क) और संगीत कार्यशालाओं में भाग लेते हैं । इसके बाद, वे फ्रिसबी, कबड्डी तथा खो- खो जैसे ऊर्जावान खेलों का आनंद लेते हैं और अंत में स्वास्थ्यवर्धक स्वल्पाहार (रिफ्रेशमेंट) ग्रहण कर दिन का समापन करते हैं ।

शिक्षा और सामुदायिक विकास के क्षेत्र में कार्यरत संस्था 'वोस्का'; (WOSCA) के सहयोग से संचालित यह समर कैंप बस्तर की अगली पीढ़ी के फलने-फूलने के लिए एक सुरक्षित और उत्साहजनक वातावरण तैयार कर रहा है । ग्रामीण समुदायों में, जहाँ संरचनात्मक व रचनात्मक शिक्षण के अवसरों की उपलब्धता सीमित है, वहाँ एनएमडीसी का यह अनूठी पहल व प्रयास जमीनी स्तर पर बच्चों की क्षमता और उनकी आकांक्षाओं में निवेश करके इस गैप को पूरा रहा है। ग्राम विकास के प्रति अपनी व्यापक प्रतिबद्धता के हिस्से के रूप में, यह पहल वंचित समुदायों के बच्चों में सामाजिक और व्यावहारिक कौशल ज्ञान प्राप्त हो रहा है, जिससे उन्हें आत्मविश्वासी और आत्मनिर्भर युवाओं के रूप में विकसित होने में सहयोग मिल रही है।

जिन गांवों में समर कैंप शुरू किए गए हैं, वहां बच्चों, अभिभावकों और स्थानीय हितधारकों की ओर से बेहद उत्साहजनक प्रतिक्रिया मिल रही है और सामुदायिक भागीदारी निरंतर बढ़ रही है । आने वाले हफ्तों में इस पहल के और विस्तार के साथ, एनएमडीसी परिवारों एवं समुदाय के सदस्यों को दंतेवाड़ा के बच्चों के लिए इस गर्मी को और अधिक जीवंत बनाने के लिए सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करता है।

नंदनवन मिनी जू में विवाद के बाद अफसर हटाए गए

रायपुर (नवप्रदेश)। रायपुर वनमंडल के नंदनवन मिनी जू में प्रशासनिक कामकाज में गड़बड़ी और अनियमितताओं की शिकायत मिलने के बाद वन विभाग ने कार्रवाई की है। विभाग ने सहायक वन संरक्षक आरपी दुबे से नंदनवन मिनी जू का अतिरिक्त प्रभार वापस ले लिया है। अब यह जिम्मेदारी उप वनमंडलाधिकारी आनंद कुदरिया को सौंपी गई है। जांच पूरी होने तक नई व्यवस्था लागू रहेगी। वन विभाग को मिली शिकायतों के बाद 16 मई को प्रारंभिक जांच की गई थी। जांच में नंदनवन मिनी जू के संचालन और प्रशासनिक कार्यों में गंभीर लापरवाही सामने आने की बात कही गई। इसके बाद प्रधान मुख्य वन संरक्षक कार्यालय से आदेश जारी कर कार्रवाई की गई। आदेश पर परिक्षेत्र अधिकारी हिमांचल साहू को तत्काल प्रभाव से शासकीय कार्यों से मुक्त करते हुए कार्य आयोजना वनमंडल रायपुर में अटैच किया गया है।

सियासत: पीसीसी चीफ बैज खुद चुनाव हारे, अपना क्षेत्र मजबूत करें: सिंहदेव, भाजपा नेताओं ने बताया अंतर्कलह

बाबा दिल्ली में काम करें, छत्तीसगढ़ में युवाओं को मौका दें: बैज

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज ने पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब बड़े नेता हैं, उन्हें दिल्ली में जाकर काम करना चाहिए। छत्तीसगढ़ में युवाओं को मौका देना चाहिए।

दरअसल, हाल ही में मीडिया को दिए इंटरव्यू में टीएस सिंहदेव ने कहा था कि अगर पार्टी उन्हें प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी देती है तो वह उसे जरूर निभाएंगे। इसी सवाल पर बैज ने ये बयान दिया।

इस पर पलटवार करते हुए सिंहदेव ने कहा कि वे आज भी खुद में युवाओं जैसी ऊर्जा महसूस करते हैं, वे छत्तीसगढ़ के लिए ही काम करेंगे। उन्होंने कहा कि मैं चुनाव हारा, दीपक बैज भी चुनाव हार चुके हैं। कांग्रेसी की पहली जिम्मेदारी अपने संगठन को मजबूत करना है। दोनों के बयान को बीजेपी ने अंतर्कलह बताया है।

'बाबा साहेब राष्ट्रीय स्तर पर सक्रिय भूमिका निभाए'

पीसीसी चीफ दीपक बैज ने कहा कि सिंहदेव कांग्रेस की केंद्रीय चुनाव समिति के सदस्य रह चुके हैं और तमिलनाडु और पुडुचेरी जैसे राज्यों के प्रभारी की जिम्मेदारी भी निभा चुके हैं। पार्टी जहां भी जिम्मेदारी देती है, सिंहदेव वहां जाकर काम करते हैं। ऐसे में उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए, दिल्ली जाकर काम करना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि प्रदेश कांग्रेस कमेटी सभी नेताओं को साथ लेकर बेहतर तरीके से काम कर रही है। दीपक बैज के इस बयान को कांग्रेस संगठन और नेतृत्व में चल रही अंदरूनी चर्चाओं से जोड़कर देखा जा रहा है।

किस सोच के साथ बोले पता नहीं : सिंहदेव

पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव ने बैज के बयान पर कहा कि उन्हें नहीं पता कि दीपक बैज ने किस सोच के साथ यह बात कही। अगर युवाओं को मौका देने की बात हो रही है तो मैं आज भी खुद में युवाओं जैसी ऊर्जा महसूस करता हूं। मैं अभी भी पूरी तरह सक्रिय हूं और पार्टी जो भी जिम्मेदारी देगी, उसे निभाने के लिए तैयार हूं।

बीजेपी बोली - कांग्रेस में अंतर्कलह

प्रदेश के मंत्री रामविचार नेताम ने दीपक बैज और टीएस सिंहदेव के बयानों को लेकर कहा कि कांग्रेस का अंतर्कलह गाहे-बगाहे सार्वजनिक हो जाता है। सिंहदेव को प्रदेश के नेता पचा नहीं पा रहे हैं। सिंहदेव बाकी नेताओं को पचा नहीं पा रहे हैं। सिंहदेव को कांग्रेस ने यूज किया। कांग्रेस यूज एंड थ्रो की राजनीति करती है।

नेताम ने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनी थी, उसमें सरगुजा महाराज (टीएस सिंहदेव) की बड़ी भूमिका रही। हम सब लोगों को निबटाने में भी उनका बड़ा योगदान था। इसका खामियाजा उन्ही को भुगतना पड़ा। नेताम ने सिंहदेव को सतर्क हो जाने की भी सलाह दी है।

बीजेपी ने केवल 20% नक्सलवाद हटाया, बाकी हमनें किया'

दीपक बैज ने मीडिया से बातचीत में कई मुद्दों पर बयान दिए। नक्सलवाद पर उन्होंने कहा कि जब भाजपा की सरकार थी, केदार कश्यप मंत्री थे, तब भी नक्सलवाद था, इसका दंश मंत्री ने खुद अपनी सरकार में भी झेला है। उनकी उपस्थिति में, उनके घर के बाजू में भाई उनके भाई की हत्या कर दी गई थी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने झीरम घाटी जैसी घटना को झेला है, इसलिए नक्सलवाद का दंश बस्तर की जनता और कांग्रेस ने ज्यादा झेला है। हमारी सरकार बनते ही हमनें नक्सलवाद खत्म करने की दिशा में काम किया।

3 ब्लॉक से 14 जिलों में नक्सलवाद फैला था, उसकों कांग्रेस सरकार ने सीमित किया। इस सरकार ने 20% काम किया है। हम आज भी बस्तर की जनता के साथ खड़े हैं, लेकिन भाजपा अपनी राजनीति करना बंद करें।

प्रदेश में ही काम करना चाहता हूं

टीएस सिंहदेव ने साफ कहा कि वह अपने विधानसभा क्षेत्र और पूरे छत्तीसगढ़ में काम करना चाहते हैं। उन्होंने बताया कि वह लगातार प्रदेशभर में लोगों से मुलाकात कर रहे हैं और इसकी जानकारी पार्टी नेतृत्व को भी है।

बैज खुद चुनाव हार चुके हैं - टीएस सिंहदेव

सिंहदेव ने कहा कि बैज युवा नेता हैं और भविष्य में मुख्यमंत्री भी बन सकते हैं। लेकिन अगर बड़े नेताओं की बात हो रही है तो यह भी देखना चाहिए कि कौन चुनाव जीता और कौन हारा। उन्होंने कहा कि मैं खुद चुनाव हारा हूं। बैज भी चुनाव हार चुके हैं, अपने जिले की सीटें भी कांग्रेस नहीं बचा पाई और लोकसभा चुनाव में भी हार मिली। साथ ही छत्तीसगढ़ में कांग्रेस सरकार भी दोबारा नहीं बना पाई। सिंहदेव ने कहा कि हर कांग्रेसी की पहली जिम्मेदारी अपने कार्यक्षेत्र में संगठन और लोगों को मजबूत करना है।

माता कर्मा की प्रेरणादायक फिल्म के सामूहिक प्रदर्शन में उमड़ा साहू समाज

रायपुर/नवप्रदेश। गुढियारी परिक्षेत्र एवं सातों वार्डों के साहू समाज द्वारा भक्त शिरोमणि माता कर्मा जी की प्रेरणादायक मूवी का भव्य सामूहिक प्रदर्शन आयोजित किया गया। कार्यक्रम में समाज के भाई-बहनों, युवाओं एवं बच्चों सहित लगभग 250 से अधिक स्वजातीय जनों की गरिमामयी उपस्थिति रही। पूरे आयोजन के दौरान श्रद्धा, भक्ति एवं समाजिक एकता का अद्भुत वातावरण देखने को मिला। फिल्म के माध्यम से माता कर्मा जी की भगवान श्रीकृष्ण के प्रति अटूट भक्ति, त्याग, समर्पण एवं शक्ति के प्रेरणादायक प्रसंगों को देखकर उपस्थित समाजजन भावविभोर हो उठे। आयोजन ने नई पीढ़ी को समाज की संस्कृति, परंपरा एवं गौरवशाली इतिहास से जोड़ने का महत्वपूर्ण संदेश दिया। यह आयोजन साहू समाज गुढियारी परिक्षेत्र के तत्वावधान में परिक्षेत्र अध्यक्ष राज कुमार साहू जी के नेतृत्व में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम में शहर जिला साहू संघ के जिला महामंत्री कमल नारायण साहू जी, सलाहकार अशोक साहू जी, युवप्रकोष्ठ कार्यकारी संयोजक पूर्वेश साहू जी, महिला प्रकोष्ठ की टीम, समस्त परिक्षेत्र पदाधिकारी, सातों वार्डों के कार्यकर्ता एवं समाजजन विशेष रूप से उपस्थित रहे। परिक्षेत्र अध्यक्ष राज कुमार साहू जी ने कहा कि माता कर्मा जी के आदर्श समाज के लिए प्रेरणास्रोत हैं।

इस प्रकार की धार्मिक एवं सांस्कृतिक फिल्में समाज में संस्कार, भक्ति एवं एकता को मजबूत करने का कार्य करती हैं।

विधायक पुरंदर मिश्रा के विशेष प्रयासों से स्वास्थ्य सेवाओं को मिला नया विस्तार

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी रायपुर स्थित डॉ. भीमराव अंबेडकर स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय,रायपुर, छत्तीसगढ़, में,आईडीबीआई बैंक द्वारा सामुदायिक कल्याण एवं जनस्वास्थ्य सेवा के उद्देश्य से आयोजित उन्नत चिकित्सा उपकरण वितरण कार्यक्रम में उत्तर विधानसभा क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक श्री पुरंदर मिश्रा बतौर मुख्य अतिथि सम्मिलित हुए।

इस अवसर पर अस्पताल को अत्याधुनिक चिकित्सा उपकरण प्रदान किए गए, जिससे मरीजों को बेहतर उपचार सुविधाएं उपलब्ध होंगी तथा स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सशक्त बनाने में सहायता मिलेगी। विधायक श्री पुरंदर मिश्रा ने इस जनहितकारी पहल के लिए आईडीबीआई बैंक प्रबंधन की सराहना करते हुए कहा कि समाज और स्वास्थ्य क्षेत्र के प्रति इस प्रकार की जिम्मेदार पहल अत्यंत प्रेरणादायी है। उन्होंने बैंक प्रबंधन को बधाई एवं धन्यवाद देते हुए कहा कि जनसेवा ही सबसे बड़ा धर्म है।

कार्यक्रम के दौरान विधायक श्री पुरंदर मिश्रा द्वारा ई-रिक्शा के उपयोग की पहल भी चर्चा का विषय रही। उपस्थित सभी लोगों ने पर्यावरण संरक्षण, ईंधन बचत एवं आत्मनिर्भर भारत के संदेश को आगे बढ़ाने के लिए उनकी इस पहल की मुक्तकंठ से प्रशंसा की।

विधायक श्री पुरंदर मिश्रा ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के आग्रह एवं प्रेरणा से उन्होंने ई-व्हीकल अपनाने का संकल्प लिया है। उन्होंने नागरिकों से भी अपील करते हुए कहा कि पेट्रोल-डीजल की बचत कर, प्रदूषण कम कर तथा पर्यावरण संरक्षण की दिशा में छोटे-छोटे प्रयास कर हम सभी राष्ट्रनिर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं।

न्यायालय तहसीलदार खरोरा, जिला रायपुर (छ.ग.)

रा.प्र.क्र./ /अ-27 2025-26
ग्राम कुम्हारी, प.ह.नं. 28

// ईश्तहार //

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि आवेदक चन्द्रभूषण पिता स्व. रामनारायण निवासी ग्राम खरोरा तह. खरोरा जिला रायपुर छ.ग. के द्वारा ग्राम कुम्हारी प.ह.नं. 28, रा.नि.मं. मोहरेंगा तह. खरोरा जिला रायपुर छ.ग. स्थित भूमि ख.नं. 128/2, 376/3, 377, 537 रकबा 0.081, 0.024, 0.045, 1.230 हे. भूमि राजस्व अभिलेख में आवेदक के नाम पर संयुक्त रूप से दर्ज है। उक्त भूमि को आवेदक, अनावेदकगण के मध्य पारिवारिक व्यवस्था अनुसार खाता विभाजन किये जाने की मांग किया है।

तत्संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को आपत्ति हो तो वे पेशी दिनांक 01/06/2026 को न्यायालयीन समय में मेरे समक्ष उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 18/05/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से ईश्तहार जारी किया गया।

मुहर

तहसीलदार
खरोरा

न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी सरसींवा
जिला-सारंगढ़ बिलाईगढ़ (छ.ग.)

- ईश्तहार -

रा.प्र.क्र. ब-121/2025-26
ग्रामः- गाताडीह, प.ह.नं.- 15
जारी दिनांक- 20/5/2026
पेशी दिनांक- 01/06/2026

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि आवेदक घसनीन बाई नेताम पति किर्तन सिंह जाति गोंड़ निवासी गाताडीह तहसील सरसींवा जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ (छ0ग0) के द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है, कि अपने पति किर्तन सिंह का मृत्यु दिनांक 09.08.2010 को ग्राम गाताडीह में होने के कारण उनके जन्म/मृत्यु पंजीयन किये जाने हेतु आवेदन पत्र जन्म और मृत्यु रजिस्ट्री अधिनियम अन्तर्गत 13 (3) की धारा 1 के तहत प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी ईच्छुक व्यक्ति या कोई संस्था को दावा/आपत्ति करना हो तो वह स्वयं अथवा अपने अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से लिखित में ठोस दस्तावेज के साथ दावा/आपत्ति नियत दिनांक 01/06/2026 को प्रातः 11:00 बजे इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात् प्रस्तुत दावा/आपत्ति पर कोई प्रकार की विचार/स्वीकार नही किया जावेगा।

आज दिनांक-20.05.2026 को न्यायालय में पद मुद्रा से प्रकाशन हेतु जारी किया गया।

मुहर

तहसीलदार एवं
कार्यपालिक दण्डाधिकारी,
सरसींवा

कार्यालय जिला बाल संरक्षण अधिकारी जिला रायपुर

दावा-आपत्ति

1. बच्चे का नाम - बालक आरूष साहु (परित्यक्त)
2. बच्चे का प्राप्ति दिनाँक - 18/02/2026
3. संस्था - विशिष्ट दत्तक ग्रहण सेवाभारती मातृछाया कोटा, रायपुर
4. रंग - सावंला
5. उम्र - 04 वर्ष 03 माह 10 दिन

उक्त बालिका दिनाँक 18/02/2026 को बाल कल्याण समिति, रायपुर के पत्र क्रं./2414/बा.क.स./2025-26 रायपुर दिनाँक 18/02/2026 से अस्थाई संरक्षण हेतु विशिष्ट दत्तक ग्रहण एजेन्सी, सेवाभारती मातृछाया, कोटा, रायपुर (छ.ग.) में रखा गया है।

सर्व संबंधित को जो कि बालिका के वैधानिक पालक / अभिभावक होने का दावा आपत्ति दर्ज कराना चाहते है, प्रकाशन दिनाँक से 120 दिवस के भीतर जिला बाल संरक्षण अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग, पुराना पुलिस मुख्यालय परिसर, रोजगार कार्यालय के बाजू में, जिला-रायपुर (छ.ग.) अथवा विशिष्ट दत्तक ग्रहण एजेन्सी, सेवाभारती मातृछाया, कोटा, रायपुर (छ.ग.) में दर्ज करा सकते है। उक्त समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा-आपत्ति पर विचार नही किया जायेगा तथा दत्तक ग्रहण की कार्यवाही की जावेगी।

यह विज्ञापन मेरे द्वारा जारी किया गया।

जिला बाल संरक्षण अधिकारी
जिला बाल संरक्षण समिति (इकाई)
महिला एवं बाल विकास विभाग
जिला-रायपुर (छ.ग.)

जी-262700915/2 **मो.नं.-07714033397**

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार, खैरागढ़
जिला खैरागढ़-छुईखदान-गंडई

ईश्तहार

रा.प्र.क्र. 202602290200003 अ-19 (3) वर्ष 2025-26
साकिन अकरजन प.ह.न. 29 रा.नि.मं. पांडादाह

सर्व साधारण को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदक कार्यालय कार्यपालन अभियंता लोक-स्वास्थ्य यांत्रिकी खंड खैरागढ़-छुईखदान-गंडई के पत्र क्रमांक 305/स्था.शा./ का.अ./2025-26 खैरागढ़ दिनांक 07.02.2026 द्वारा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खंड खैरागढ़ जिला स्तरीय कार्यालय, उपखंड कार्यालय, जिला स्तरीय लैबोरेटरी, जिला भंडार गृह एवं आवासीय भवन के लिये आबंटन किये जाने हेतु ग्राम अकरजन प.ह.न. 29 तहसील खैरागढ़ स्थित शासकीय भूमि ख.न. 312/1 रकबा 1.355 हे. भूमि की मांग की गयी है।

अतः आवेदित भूमि ख.न. 312/1 रकबा 1.355 हे. भूमि को लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खंड खैरागढ़ जिला स्तरीय कार्यालय, उपखंड कार्यालय, जिला स्तरीय लैबोरेटरी, जिला भंडार गृह एवं आवासीय भवन के लिये आबंटन किये जाने के लिए किसी को कोई दावा आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो दिनांक 12.06.2026 को उपस्थित होकर स्वयं अथवा मार्फत अधिवक्ता के माध्यम से अपनी दावा / आपत्ति पेश कर सकते है। समय पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 12.05.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

जारी दिनांक 12.05.2026
पेशी दिनांक 12.06.2026

अतिरिक्त तहसीलदार,
खैरागढ़

जी-262700907/3

कार्यालय, नगर पालिका परिषद भाटापारा
जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)

TelePhone 07726-221068 Email Address-cmobhatapara@rediffmail.com

क्रमांक / 265 / रा.वि./न.पा.प./ 2026 भाटापारा, दिनांक 21.05.2026

।। विस्तृत मैन्यूवल निविदा आमंत्रण सूचना ।।

नगर पालिका परिषद भाटापारा क्षेत्रांतर्गत सुभाष वार्ड क्र. 04 में स्थित नगर भवन को संचालन हेतु 03 वर्षो के लिये लीज पर दिया जाना है, जिसके लिए इच्छुक व्यक्ति, संस्था, समूह से दिनांक 10.06.2026 को दोपहर 3:00 बजे तक पंजीकृत डाक के माध्यम से निविदा आमंत्रित किया जाता है। निर्धारित समय तक प्राप्त निविदाओं को दिनांक 11.06.2026 को समय सायः 04:00 बजे उपस्थित निविदाकारों / जनप्रतिनिधियों के समक्ष खोला जावेगा।

क्र.	कार्य का नाम	शासकीय दर	अमानत राशि	निविदा शुल्क
01.	सुभाष वार्ड क्रमांक 04 स्थित नगर भवन को संचालन हेतु लीज पर देने का कार्य	6.33 लाख रू. प्रति वर्ष	3.20 लाख रू.	750.00 रू.

टीप - नगर भवन संचालन हेतु दर प्रस्तुत करने के लिए इच्छुक व्यक्ति, संस्था, समूह दिनांक 04.06.2026 तक निर्धारित शुल्क 750.00 रू. राजस्व शाखा में जमा कर प्रारूप प्राप्त कर सकते है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद भाटापारा

कार्यालय नगर पालिक निगम, भिलाई
जिला-दुर्ग (छत्तीसगढ़)

// सार्वजनिक सूचना//

क्रं./न.नि.भि./भ.अ./199/2026 **भिलाई, दिनांक 22/05/2026**

कार्यालय नगर तथा ग्राम निवेश दुर्ग के पत्र क्रमांक 1734 दिनांक 23.05.2009 के माध्यम से ग्राम कोहका, प.ह.नं. 14, खसरा क्रमांक 2047/2, 03, 04, 05 कुल रकबा 1.63 हेक्टेयर पर मेंसर्स लैण्डमार्क डेवलपर्स, प्रो. श्री रविन्द्र सिंह कुशवाहा, आनंद नगर, भिलाई द्वारा प्रस्तावित आनंद पुरम फेस-02 हेतु आवासीय (भूखण्डीय) विकास अनुज्ञा स्वीकृत की गई थी, स्वीकृत विकास अनुज्ञा में दर्शित शर्तो तथा छत्तीसगढ़ नगरपालिका (कॉलोनाईजर का रजिस्ट्रीकरण, निबंधन एवं शर्ते) नियम, 1998 के नियम 10 में दर्शित प्रावधान अनुसार भिलाई गृह निर्माण सहकारी समिति द्वारा कमजोर आय वर्ग (EWS) हेतु कुल योजना भूमि का 15% रकबा 26393 वर्ग फीट आरक्षित रखा जाना था, इसी प्रकार छत्तीसगढ़ भूमि विकास नियम, 1984 के नियम 47 के प्रावधान अनुसार सामुदायिक खुला क्षेत्र कुल योजना क्षेत्र का 10% अर्थात 17538 वर्ग फीट आरक्षित रखा जाना था, जिसे उनके द्वारा अप्राधिकृत रूप से भूखण्डों का उप-विभाजन कर विक्रय किया गया है।

इस प्रकार भिलाई गृह निर्माण सहकारी समिति द्वारा छत्तीसगढ़ नगरपालिक निगम अधिनियम, 1956, छत्तीसगढ़ भूमि विकास नियम 1984 एवं छत्तीसगढ़ नगरपालिका (कॉलोनाईजर का रजिस्ट्रीकरण, निर्बंधन एवं शर्ते) नियम, 1998 सहपठित छत्तीसगढ़ नगरपालिक निगम तथा नगरपालिका (कॉलोनाईजर का रजिस्ट्रीकरण, निबंधन एवं शर्ते) नियम, 2013 के प्रावधानों का उल्लंघन किया गया है, जिस पर पूर्व में जारी नोटिस दिनांक 25.10.2012, 17.01.2013, 19.03.2015, 14.08.2015, 11.11.2015, 21.01.2016, 25.06.2016, 19.07.2016, 23.11.2016, 02.05.2017, 26.10.2017, 27.12.2017, 20.12.2018, 02.01.2019, 19.03.2019, 17.07.2019, 25.08.2021, 01.09.2021 का संदर्भ देते हुए इस कार्यालय द्वारा अंतिम सूचना क्रमांक सात/दो/भ.अ./2025/1857 भिलाई दिनांक 02.01.2026 के माध्यम से अंतिम नोटिस प्रेषित किया गया था, जिसका कोई जवाब आज दिनांक तक प्राप्त नही हुआ है। नियमों के निरंतर उल्लंघन से उपरोक्त कॉलोनी, अवैध कॉलोनी की श्रेणी में है।

छत्तीसगढ़ नगरपालिक निगम अधिनियम, 1956 की धारा 292-एफ (2) में प्रावधान किया गया है कि "आयुक्त, अवैध कालोनी निर्माण की भूमि का प्रबंध अधिग्रहित करने के प्रयोजन के लिये स्थानीय समाचार पत्रों में 3 बार सार्वजनिक सूचना प्रकाशित करेगा, ऐसी सूचना के प्रकाशन के पश्चात् यदि किसी कॉलोनी निर्माण करने वाले या भू-खण्ड धारक से कोई आपत्ति प्राप्त होती है तो आयुक्त द्वारा उस पर विचार किया जायेगा और यदि कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होती है, तो आयुक्त ऐसी भूमि का प्रबंध अधिग्रहित करेगा और उस क्षेत्र के लिये योजना बनायेगा तथा उसे ऐसी रीति तथा ऐसी शर्तो के अध्यधीन विकसित करेगा जैसे कि विहित किया जाये।"

उपरोक्त तथ्यात्मक / वैधानिक स्थितियों पर समुचित विचारोपरांत नगरपालिक निगम भिलाई द्वारा मेंसर्स लैण्डमार्क डेवलपर्स, प्रो. श्री रविन्द्र सिंह कुशवाहा, आनंद नगर, भिलाई द्वारा ग्राम कोहका, प.ह.नं. 14, खसरा क्रमांक 2047/2, 03, 04, 05 कुल रकबा 1.63 हेक्टेयर में विकसित आनंद पुरम कॉलोनी एवं कॉलोनी की EWS भूमि रकबा 26393 वर्गफीट का प्रबंध निगम द्वारा अधिग्रहित किये जाने का प्रस्ताव है। यदि उक्त कॉलोनी/भूमि का प्रबंध निगम द्वारा अधिग्रहित किये जाने पर यदि किसी व्यक्ति / संस्था को आपत्ति हो तो प्रकाशन तिथि से 15 दिवस के भीतर इस कार्यालय के कक्ष क्रमांक 04 में स्वयं या प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है।

आयुक्त
नगरपालिक निगम, भिलाई

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्युशन कं. लिमि.
(छत्तीसगढ़ शासन का एक उपक्रम) (छ.रा.वि.मं. की एक उत्तरवर्ती कंपनी)

बिजली बंद की सूचना

समस्त सम्मानीय उपभोक्ताओं एवं आम जनता को सूचित किया जाता है कि **दिनांक 23.05.2026 दिन शनिवार** को 33/11 के.व्ही. मनपसार सबस्टेशन में नया 5 एम. व्ही.ए. पॉवर ट्रांसफार्मर स्थापित किया जाना है जिस कारण मनपसार सबस्टेशन से उर्जीकृत 11 के.व्ही. टाटा फीडर एवं 11 के. व्ही. गाताडीह फीडर से संबंधित समस्त ग्राम की विद्युत आपुर्ति बाधित रहेगी। समय प्रातः 10:00 बजे से शाम 03:00 बजे तक दिनांक 23.05.2026 दिन शनिवार प्रभावित क्षेत्र- मनसार, टाटा, अमादी, चोरभट्ठी, रायकोना, अमलीडीह, गाताडीह, पिपरडीह, हरदी, घरजरा, मण्डलपुर ग्राम के उपभोक्ताओं को होने वाली असुविधा के लिए खेद है, आवश्यकता अनुसार समय में परिवर्तन किया जा सकता है।

(बी.के. वर्मा 91549939)
कार्यपालन अभियंता (सं./सं.) संभाग
छ.स्टे.पॉ.डिस्ट्री.कं. लिमि. कसडोल

कार्यालय नगरपालिका परिषद् नारायणपुर,
जिला - नारायणपुर (छ.ग.)

दूरभाष - 07781-252278 Email- cmonarayanpur@rediffmail.com
क्रमांक/776/मु.न.अ./न.पा.परि./2026 नारायणपुर, दिनांक 19/05/2026

मैनुअल पद्धति निविदा सूचना

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अन्तर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से नगरपालिका परिषद नारायणपुर में निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु मैनुअल पद्धति निविदा पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट से त्री लिफाफा पद्धति में सीलबंद निविदाएं अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में आमंत्रित की जाती है:-

निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन की अंतिम तिथि - 10/06/2026 सायं 5.30 बजे तक
निविदा प्रपत्र जारी करने की अंतिम तिथि - 12/06/2026 सायं 5.30 बजे तक
निविदा प्रपत्र प्राप्त होने की अंतिम तिथि - 19/06/2026 अपरान्ह 3.00 बजे तक
निविदा प्रपत्र खोलने की तिथि - 19/06/2026 सायं 4.00 बजे

क्र.	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (लाख में)	अमानत राशि
1	वार्ड क्र.04 के एस.पी.ओ. कॉलोनी में सामुदायिक भवन निर्माण कार्य (अधोसंरचना विकास एवं उपकर निधि)	5.00	3500.00
2	रंगमंच निर्माण कार्य (दुर्गा मंदिर के पास) बंगलापारा (विधायक निधि)	3.50	3500.00
3	महावीर चौक में आंगनबाड़ी भवन निर्माण (खनिज संस्थान न्यास)	6.41	4900.00
4	नगरीय निकाय के वार्ड क्र. 12 माड़िन देवी वार्ड महावीर चौक में आंगनबाड़ी भवन निर्माण कार्य (खनिज संस्थान न्यास)	5.24	4000.00
5	वार्ड क्र.09 जगदीश मंदिर वार्ड में 250 मी. नाली निर्माण कार्य (बस्तर विकास प्राधिकरण)	9.99	7500.00
6	वार्ड क्र. 06 बाजारपारा में 250 मीटर नाली निर्माण कार्य (बस्तर विकास प्राधिकरण)	9.99	7500.00
7	वार्ड क्र.12 माड़िन देवी वार्ड में 250 मीटर नाली निर्माण कार्य (बस्तर विकास प्राधिकरण)	9.99	7500.00

उपरोक्त निविदा से संबंधित जानकारी कार्यालयीन समय पर उपस्थित होकर अवलोकन किया जा सकता है।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगरपालिका परिषद् नारायणपुर

नव प्रदेश राजरंग...42

चड्ढा को मिलेगा ताज !

जब से चर्चा छिड़ी है कि मंत्रिमंडल में फेरबदल होना संभावित है, केंद्रीय मंत्रिमंडल में शामिल भाजपा के कई मंत्रियों की सांसे उपर-नीचे हो रही हैं। कई माननीयों का ब्लड प्रेशर बढ़ गया है। किसी-किसी ने अपनी जांच भी करा ली है। क्योंकि उन्हें पता ही नहीं कि उनकी कुर्सी रहेगी या नहीं..वैसे माना जा रहा है कि उत्तर प्रदेश बीजेपी के अध्यक्ष पद पर काबिज पंकज चौधरी की विदाई हो सकती है। वैसे भाजपा में एक व्यक्ति, एक पद का सिद्धांत है तो इस नाते पंकज जी की विदाई तय है। वैसे जिन राज्यों में चुनाव हैं, मसलन पंजाब, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड से नए मंत्रियों को लिया जा सकता है। पंजाब से राघव चड्ढा की लाबिंग तेज हो गई है। वैसे बीजेपी जिस तरह इन दिनों दलबदलुओं पर मेहरबान है, उसमें अगर चड्ढ़ा को मौका मिल जाए तो हैरत नहीं होनी चाहिए।

केरल जाओगे तो टाइम लेना भूल जाओ

दक्षिण भारत में एक राज्य में इतिहास रच चुके नेताजी को पिछले हफ्ते एक ऐसे अनुभव से साबका पड़ा, जिसकी उन्होंने उम्मीद नहीं की थी। यह कहानी बताई दक्षिण के ही एक बड़े राज्य के रिटायर बड़े बाबू ने.. बड़े बाबू यानी सबसे बड़े अफसर ने..दक्षिण वाले नेताजी ने इतिहास रचने के बाद दिल्ली के सरकारी दरबार से वक्त मांगा.. नवेले सूबेदार कामकाज संभालने के बाद देश के मुखिया से वक्त मांगते ही हैं और मुलाकात होती भी है। तो दक्षिण के ताबेदार ने वक्त मांगा, लेकिन इस बीच उनसे जुड़ी एक जानकारी लीक हो गई। दरअसल वे अपने पड़ोसी राज्य के सत्ता परिवर्तन का साक्षी बनने जा रहे थे..यह जानकारी जैसे ही दिल्ली दरबार को मिली, उसके एक ताबेदार ने दक्षिण भारत के उस नवेले सूबेदार को चेता दिया..अगर पड़ोसी राज्य में गए तो वक्त मिलने की बात फिलहाल के लिए भूल जाओ..दक्षिण वाले सूबेदार सियासी दुनिया के भले ही नए खिलाड़ी हैं, लेकिन उन्होंने समझ लिया कि अगर दिल्ली को नाराज करेंगे तो चुनावी वायदे पूरा कर पाना आसान नहीं होगा..सो उन्होंने बात मान ली और अपने पड़ोसी राज्य के सत्ता परिवर्तन के लिए नहीं गए...

अन्नामलाई चलेंगे लाल कालीन पर

बीजेपी के तमिलनाडु के फायरब्रांड नेता अन्नामलाई की सत्ता के गलियारों में चहलकदमी बढ़ने वाली है। पार्टी उन्हें आंध्र प्रदेश से राज्यसभा का सदस्य बनाने की तैयारी में है। वैसे तमिलनाडु में बीजेपी का प्रदर्शन बहुत खराब रहा, इसके बावजूद कि यहां से तमिलसाई सौंदर्यराजन, एल गणेशन और षडमुखनाथन को राज्यपाल बनाया गया। एल मुरुगन केंद्रीय मंत्री हैं, हालांकि अपनी विधानसभा सीट भी बचा नहीं सके। गौंडर समुदाय के सी पी राधाकृष्णन को उपराष्ट्रपति बनाने का भी बीजेपी को कोई चुनावी फायदा नहीं मिला। वैसे अन्नामलाई ने अपने दम पर पिछले लोकसभा चुनाव में बीजेपी का वोट प्रतिशत ग्यारह तक पहुंचा दिया था। हालांकि विधानसभा चुनावों में उन्हें किनारे रखा गया और इसका हश्र यह हुआ कि पार्टी को तीन प्रतिशत भी वोट नहीं मिले। लगता है कि पार्टी को उन पर भरोसा फिर बढ़ा है, इसलिए उन्हें राज्यसभा में लाने की तैयारी है।

अनिच्छा से ही सही, देशहित में बन गए मंत्री

केरल के मुख्यमंत्री पद की दौड़ में पिछड़ जाने के बाद सूबे के वरिष्ठ कांग्रेसी नेता रमेश चेनिथला ने अपने आलाकमान से कह दिया कि उन्हें मंत्रिमंडल से दूर ही रखा जाए..ऐसा कहकर एक तरह से उन्होंने अपनी नाराजगी ही जताई..यह बात कांग्रेस के एक वरिष्ठ नेता को पता चली तो उनके चेहरे पर मुस्कान साया हो गई..उनका कहना था कि कांग्रेसी मंत्री बिना रह ही नहीं सकते..यानी चेनिथला जी ने एक तरह से आलाकमान और नए मुख्यमंत्री वीडी सतीशन को संकेतों में बता दिया कि मंत्रिमंडल में वे जूनियर टाइप व्यवहार पसंद नहीं करेंगे और ना ही उन्हें कोई महत्वहीन मंत्रालय चाहिए होगा.. वरिष्ठ कांग्रेसी नेता अरसा पहले किसी और दल में रहे हैं। उनका कहना था कि कांग्रेसी मंत्री भी बनते हैं तो देशहित में..तो रमेश चेनिथला भी देशहित में मंत्री बन जाएंगे और महत्वपूर्ण मंत्रालय भी हासिल कर लेंगे और हुआ भी वही। देश हित में रमेश चेनिथला मंत्री भी बने और गृहमंत्रालय भी पा लिया..।

दिग्गी का कौन बनेगा उत्तराधिकारी ?

मध्य प्रदेश के वरिष्ठ कांग्रेस नेता और पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह का राज्यसभा कार्यकाल समाप्त हो चुका है। बीते अप्रैल में उन्होंने अपना दो साल का क्रायकाल पूरा किया और उन्होंने ऐलान कर दिया कि वे तीसरी बार उच्च सदन नहीं जाएंगे। उनका कहना है कि अब वे संसद की बजाय पूरी तरह से मध्य प्रदेश में सक्रिय रहेंगे और साल 2028 में होने जा रहे विधानसभा चुनाव की जमीन की तैयारी में प्राणपण से जुटेंगे। उन्होंने पार्टी आलाकमान से कहा है कि उनकी खाली सीट पर पार्टी किसी अनुसूचित जाति के उम्मीदवार को राज्यसभा भेजे। देखना यह है कि कांग्रेस आलाकमान दिग्विजय का उत्तराधिकारी किसे बनाता है ?

राजदार

नीति आयोग की रिपोर्ट: देश में चमका छत्तीसगढ़ का उसूर ब्लॉक, मिला दूसरा स्थान

■ **वन मंत्री केदार कश्यप ने दी बीजापुरवासियों को बधाई, मुख्यमंत्री साय बोले - यह सुशासन का प्रमाण**

बीजापुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के 'सुशासन' और जन- कल्याणकारी नीतियों का असर अब राज्य के सबसे दूरस्थ अंचलों में दिखने लगा है। इसी कड़ी में बीजापुर जिले से एक गौरवशाली खबर सामने आई है। नीति आयोग द्वारा जारी देश के आकांक्षी ब्लॉकों की 'चैंपियंस ऑफ द क्वार्टर' (अक्टूबर- दिसंबर 2025) की रिपोर्ट में बीजापुर के उसूर ब्लॉक ने सेंट्रल जोन में पूरे देश में दूसरा स्थान हासिल कर प्रदेश का नाम रोशन किया है।

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने इस उपलब्धि पर उसूर ब्लॉक और बीजापुर जिले के नागरिकों, स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं एवं जिला प्रशासन को बधाई दी। उन्होंने कहा, 'उसूर ब्लॉक का राष्ट्रीय स्तर पर दूसरा स्थान प्राप्त करना हमारे सुशासन और अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन का प्रत्यक्ष प्रमाण है। बस्तर के सुदूर गांवों तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना हमारी प्राथमिकता है। उसूर ने कठिन परिस्थितियों में जो कर दिखाया है, वह पूरे प्रदेश के लिए प्रेरणा है। यह सफलता जमीनी स्वास्थ्य

कार्यकर्ताओं, मितानिन बहनों, एएनएम और डॉक्टरों के समर्पण का परिणाम है। हमारा लक्ष्य अब देश में प्रथम स्थान हासिल करना है। '

मंत्री श्री कश्यप ने जताया हर्ष, बढ़ाया हौसला

वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री तथा जिले के प्रभारी मंत्री श्री केदार कश्यप ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में उसूर ब्लॉक की यह राष्ट्रीय सफलता बेहद गौरवशाली है। उन्होंने कहा, 'यह इस बात का सीधा प्रमाण है कि हमारी सरकार की नीतियां प्रदेश के अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति तक पूरी प्रामाणिकता के साथ पहुंच रही हैं। कठिन भौगोलिक परिस्थितियों के बावजूद स्वास्थ्य कर्मियों और जिला प्रशासन ने जो समर्पण दिखाया है, वह सराहनीय है। हमारा संकल्प बस्तर के हर गांव तक विकास की रोशनी पहुंचाना है। ' मंत्री कश्यप कहा कि कभी बुनियादी सुविधाओं से दूर माना जाने वाला उसूर ब्लॉक आज देश के लिए विकास का मॉडल बन गया है। इस सफलता का श्रेय जमीनी डॉक्टरों, एएनएम, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और मितानिन बहनों की दिन-रात की मेहनत को जाता है।

विकास की नई इबारत: कड़े मानकों पर खरा उतरा उसूर

नीति आयोग ने स्वास्थ्य और सामाजिक विकास से जुड़े कई महत्वपूर्ण संकेतकों के आधार पर मूल्यांकन किया था, जिसमें उसूर ब्लॉक ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया:

1. संचारी रोगों पर नियंत्रण: मलेरिया, डेंगी और अन्य संचारी रोगों की रोकथाम के लिए सुदूर गांवों तक प्रभावी अभियान चलाया गया।
2. सुरक्षित मातृत्व: संस्थागत प्रसव की संख्या में रिकॉर्ड बढ़ोतरी हुई, जिससे शिशु और मातृ मृत्यु दर में भारी कमी आई।
3. सशक्त टीकाकरण कवच: बच्चों और गर्भवती महिलाओं के नियमित टीकाकरण के साथ एचपीवी टीकाकरण को जमीनी स्तर पर सफल बनाया गया।
4. गंभीर बीमारियों की जांच: बीपी, शुगर और कैंसर जैसी गैर-संचारी बीमारियों की मुफ्त जांच व उपचार की सुविधा गांव-गांव तक पहुंचाई गई।

अगला संकल्प: देश में हासिल करना है प्रथम स्थान

कलेक्टर विश्वदीप और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और प्रभारी मंत्री केदार कश्यप के प्रति आभार जताया। उन्होंने कहा कि यह राष्ट्रीय गौरव पूरे जिले के लिए बड़ी प्रेरणा है। शासन और प्रशासन का अगला लक्ष्य स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता को और निखारते हुए आगामी तिमाहियों में देश में पहला स्थान हासिल करना है, जिसके लिए काम तेज कर दिया गया है।

युवक की मौत के बाद फूटा गुस्सा: कोमाखान थाना का घेराव, पुलिस पर लापरवाही का आरोप

■ **आरोपियों की गिरफ्तारी तक धरने पर अड़े रहे ग्रामीण, एसडीओपी के आश्वासन के बाद खत्म हुआ प्रदर्शन**

महासमुंद/नवप्रदेश। बागबाहरा क्षेत्र के ग्राम कुसमी निवासी 23 वर्षीय युवक चितरंजन पटेल की उपचार के दौरान मौत हो जाने के बाद ग्रामीणों और परिजनों का गुस्सा फूट पड़ा। आक्रोशित ग्रामीणों ने कोमाखान थाना पहुंचकर पुलिस पर लापरवाही और आरोपियों को संरक्षण देने का आरोप लगाते हुए थाना परिसर का घेराव कर दिया। इस दौरान बड़ी संख्या में पहुंचे ग्रामीणों और परिजनों ने पुलिस प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और आरोपियों की गिरफ्तारी तक धरना जारी रखने की चेतावनी दी।

काफी देर तक चले हंगामे और विरोध प्रदर्शन के बाद बागबाहरा एसडीओपी अजय शंकर त्रिपाठी मौके पर पहुंचे। उन्होंने परिजनों और ग्रामीणों को समझाइश देते हुए मामले में कड़ी कार्रवाई और हत्या की धारा जोड़कर जांच करने का भरोसा दिलाया। इसके बाद प्रदर्शन समाप्त हुआ।

मिली जानकारी के अनुसार ग्राम कुसमी निवासी चितरंजन पटेल (23) की गुरुवार-शुक्रवार की दरमियानी रात एक निजी अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। युवक पिछले कई दिनों से गंभीर हालत में इलाजरत था। मौत की खबर मिलते ही परिजनों और ग्रामीणों में भारी आक्रोश फैल गया।

ग्रामीणों का आरोप है कि युवक के साथ हुई गंभीर मारपीट के मामले में पुलिस ने शुरुआत से ही लापरवाही बरती और आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई नहीं की। इसी नाराजगी को लेकर ग्रामीण शुक्रवार दोपहर कोमाखान थाना पहुंचे और धरने पर बैठ गए।

शादी समारोह में जाने निकला था युवक, रास्ते में हुई थी मारपीट: बताया जा रहा है कि चितरंजन अपने माता-पिता लीलाबाई और आशाराम पटेल के साथ रहने के बजाय ग्राम बकमा में अपनी नानी के यहां रहता था। 15 अप्रैल को वह किसी शादी समारोह में शामिल होने निकला था।इसी दौरान लामी के पास स्थित एक पोल्ट्री फार्म के करीब अवैध शराब कारोबार से जुड़े तीन लोगों ने उसका रास्ता रोक लिया। किसी बात को लेकर विवाद शुरू हुआ, जो देखते ही देखते मारपीट में बदल गया। आरोप है कि तीनों आरोपियों ने चितरंजन की बेरहमी से पिटाई की और उसे लहूलुहान हालत में बीच सड़क पर छोड़कर फरार हो गए।

एसडीओपी बोले- 302 कायम कर होगी जांच

मामले को लेकर बागबाहरा एसडीओपी अजय शंकर त्रिपाठी ने कहा कि ग्रामीणों और परिजनों को समझाइश दी गई है। मामले में अब धारा 302 के तहत अपराध कायम कर आगे की जांच की जाएगी। उन्होंने कहा कि जांच में जो भी दोषी पाया जाएगा, उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी और किसी को बख्शा नहीं जाएगा।

मामले में केवल मामूली धाराएं लगाई गई : परिजन

मृतक की मां लीलाबाई पटेल ने आरोप लगाया कि मारपीट इतनी गंभीर थी कि युवक के पैर सहित शरीर के कई हिस्सों में गंभीर चोटें आई थीं। उन्होंने बताया कि घटना की रिपोर्ट कोमाखान थाने में दर्ज कराई गई थी, लेकिन पुलिस ने आरोपियों पर केवल मामूली धाराएं लगाकर उन्हें छोड़ दिया। परिजनों का कहना है कि कई बार शिकायत और निवेदन करने के बावजूद पुलिस ने कोई सख्त कार्रवाई नहीं की। उनका आरोप है कि पुलिस की निष्क्रियता के कारण आरोपियों के हौसले बढ़े और समय रहते उचित कार्रवाई नहीं होने से युवक की जान चली गई। ग्रामीणों ने भी पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि यदि शुरुआत में ही गंभीर धाराओं के तहत कार्रवाई होती तो आज यह स्थिति नहीं बनती।

नंदनवन जू और जंगल सफारी में आधुनिक पर्यटन सुविधाओं का विस्तार

■ **वन मंत्री केदार कश्यप ने किया इलेक्ट्रिक बसों, जिप्सी, नौकायन सेवा एवं सोवेनियर शॉप का शुभारंभ**

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा प्रदेश में पर्यावरण-अनुकूल पर्यटन और आधुनिक सुविधाओं को बढ़ावा देने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया गया। आज नंदनवन जू एवं जंगल सफारी, नवा रायपुर में वन मंत्री श्री केदार कश्यप ने 07 आधुनिक इलेक्ट्रिक बसों, 05 इलेक्ट्रिक जिप्सियों, नई नौकायन सेवा तथा सुविधा-सह-स्मृति चिन्ह (सोवेनियर) शॉप का शुभारंभ किया।

इस अवसर पर वन मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हरित ऊर्जा एवं सतत विकास के विजन तथा मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार पर्यावरण संरक्षण और आधुनिक पर्यटन सुविधाओं के विकास हेतु लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि नंदनवन में शुरू की गई यह नई सुविधाएं प्रदेश को इको-टूरिज्म के क्षेत्र में नई पहचान दिलाएंगी।

वनमंत्री केदार कश्यप ने कहा कि इलेक्ट्रिक बसों एवं इलेक्ट्रिक जिप्सियों के संचालन से न केवल प्रदूषण में कमी आएगी, बल्कि ईंधन की बचत और पर्यावरण संरक्षण को भी मजबूती मिलेगी। नई नौकायन सेवा से पर्यटकों को बेहतर अनुभव प्राप्त होगा, वहीं सोवेनियर शॉप स्थानीय हस्तशिल्प और उत्पादों को बढ़ावा देने के साथ स्थानीय लोगों, विशेषकर महिलाओं के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित करेगी।

उन्होंने कहा कि पीपीपी मॉडल आधारित यह पहल राज्य सरकार की दूरदर्शी सोच का परिणाम है, जिसके माध्यम से निजी सहभागिता के साथ पर्यटन अधोसंरचना को आधुनिक बनाया जा रहा है। आने वाले समय में नंदनवन जू एवं जंगल सफारी देश के प्रमुख पर्यटन केंद्रों में शामिल होगा। कार्यक्रम में विभागीय अधिकारियों ने बताया कि इस पहल के तहत आगामी महीनों में करोड़ों रुपये के निवेश और स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन की संभावनाएं भी बढ़ेंगी। नई सुविधाओं से पर्यटकों को सुरक्षित, सुविधाजनक एवं आधुनिक अनुभव मिलेगा तथा छत्तीसगढ़ का पर्यटन क्षेत्र और अधिक सशक्त होगा।

75 लाख रुपए के गबन में सहकारी संस्था का प्रबंध निदेशक गिरफ्तार

■ **ओडिशा सतर्कता विभाग की बड़ी कार्रवाई, वित्तीय रिकॉर्ड में हेरफेर का आरोप**

जगदलपुर/ रायगढ़ा-नवप्रदेश। सहकारी संस्थाओं में वित्तीय अनियमितताओं के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत ओडिशा सतर्कता विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए रायगढ़ा जिले के के. सिंहपुर लार्ज एरिया मल्टीपर्पस कोऑपरेटिव सोसाइटी (एलएएमपीसीएस) के प्रबंध निदेशक तारिणी प्रसाद त्रिपाठी को 75 लाख रुपये के कथित गबन मामले में गिरफ्तार किया है। सतर्कता विभाग की जांच में सामने आया कि वर्ष 2024 से 2026 के बीच संस्था के वित्तीय रिकॉर्ड में व्यवस्थित रूप से हेरफेर कर राशि का दुरुपयोग किया गया।

जांच एजेंसी के अनुसार गबन की गई राशि सहकारी समिति के प्राथमिक सदस्यों की बचत और जमा राशि थी, जिससे संस्था पर निर्भर ग्रामीण और छोटे खाताधारक सीधे प्रभावित हुए हैं। दस्तावेजों के गहन सत्यापन के दौरान कई संदिग्ध लेन-देन और रिकॉर्ड में विसंगतियां पाई गईं। मामले के उजागर होने के बाद क्षेत्र में सहकारी संस्थाओं की कार्यप्रणाली को लेकर भी सवाल उठने लगे हैं। ओडिशा सतर्कता विभाग ने इस मामले में कोरापुट सतर्कता थाना में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 2018 तथा भारतीय न्याय संहिता 2023 की संबंधित धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज किया है। आरोपी को न्यायालय में पेश किया जा रहा है तथा मामले की विस्तृत जांच जारी है।

सहकारी सदस्यों की जमा राशि पर डाका, जांच के दायरे में अन्य पहलू भी: सतर्कता विभाग की प्रारंभिक जांच में यह स्पष्ट हुआ है कि कथित गबन सीधे तौर पर सहकारी समिति के प्राथमिक सदस्यों की जमा पूंजी से जुड़ा हुआ है। जांच एजेंसियां अब यह भी पता लगाने में जुटी हैं कि इस वित्तीय अनियमितता में अन्य कर्मचारी या बाहरी नेटवर्क शामिल थे या नहीं।

मोबाइल टावर से कॉपर वायर चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

■ **नगरनार पुलिस ने 1.330 किलोग्राम कॉपर वायर और बाइक की जब्त**

जगदलपुर/नवप्रदेश। थाना नगरनार पुलिस ने मोबाइल टावर से कॉपर वायर चोरी करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी गया कॉपर वायर और घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल जब्त की है। पुलिस के अनुसार आरोपी ने ग्राम उलनार स्थित एलटीएस कंपनी के मोबाइल टावर से सप्लाई कॉपर वायर काटकर चोरी की थी,जिससे क्षेत्र का मोबाइल नेटवर्क प्रभावित हो गया था।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी पुष्पेंद्र सिंह तोमर ने 12 मई 2026 को रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 11 मई की रात अज्ञात चोर द्वारा मोबाइल टावर से लगभग 20 मीटर कॉपर वायर चोरी कर लिया गया। चोरी गई सामग्री की कीमत लगभग 20 हजार रुपये बताई गई। मामले में थाना नगरनार में अपराध क्रमांक 71/2026 धारा 303 (2) बीएनएस के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना शुरू की गई।पुलिस अधीक्षक शलभ कुमार सिन्हा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महेश्वर नाग तथा नगर पुलिस अधीक्षक सुमीत कुमार के निर्देशन में थाना प्रभारी निरीक्षक संतोष सिंह के नेतृत्व में टीम गठित कर आरोपी की तलाश की जा रही थी।

पुलिस टीम की सतर्कता से खुला मामला

मोबाइल टावर चोरी के मामले का खुलासा करने में थाना नगरनार पुलिस टीम की अहम भूमिका रही। कार्रवाई में निरीक्षक संतोष सिंह, सउनि सतीश तिवारी,सउनि महेंद्र सिंह ठाकुर, आरक्षक यशवंत ध्रुव,विक्रम उरांव,नरेश कश्यप और नेल्सन टोप्पो ने विशेष योगदान दिया। पुलिस का कहना है कि क्षेत्र में मोबाइल टावर और सार्वजनिक संपत्तियों की सुरक्षा को लेकर लगातार निगरानी बढ़ाई जा रही है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा मिनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नं. 74 सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया से मुद्रित कर रजबंधा मैदान प्रेस काम्पलेक्स रायपुर से प्रकाशित, समाचार संपादक-संदीप दीवान, RNI NO.CHHHIN/2012/41806
(पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए उत्तरदायी) फोन : 0771-3526755, 6262188999, Gmail: navpradesh@gmail.com